संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शुक्रवार, 15 सितंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 246 पृष्ठः 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



पिछले 4 महीनों से हिंसा से जूझ रहे मणिपुर से असम राइफल्स को हटाने की मांग तेज हो गई है। केंद्रीय विवि पर जड़ा ताला।

## फास्ट न्यूज

### फिच ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 6.3 फीसदी पर रखा बरकरार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
ग्लोबल रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.3 फीसदी पर बरकरार रखा है। रेटिंग एजेंसी ने गुरुवार को जारी अपनी सितंबर अद्यतन रिपोर्ट में यह अनुमान जताया है। फिच रेटिंग्स ने ग्लोबल इकोनॉमिक आउटलुक अद्यतन रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर को 6.3 फीसदी पर बरकरार रखा है। एजेंसी ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि कड़ी मौद्रिक नीति तथा निर्यात में कमजोरी के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था में लचीलापन दिख रहा है।

### बिलकिस बानो केस: केवल रिहाई पर बात हो: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट में बिलकिस बानो केस में 14 सितंबर सुनवाई हुई। इसमें जस्टिस लूथरन ने कहा कि इस मामले में केवल दोषियों की रिहाई पर बात हो। मामले की क्रूरता पर नहीं। दोषियों को पहले ही अपराध को लेकर सजा दी चुकी है। अब इस केस की अगली सुनवाई 20 सितंबर को होगी। इसके पहले सुनवाई 30 अगस्त को हुई थी। तब कोर्ट ने मुंबई की ट्रायल कोर्ट में जुर्माना भरने पर एक दोषी को फटकार लगाई थी।

# घमंडिया गठबंधन सनातन धर्म के खिलाफ: मोदी

- सरकार देश में महिलाओं को 75 लाख नए गैस कनेक्शन देगी, प्रधानमंत्री ने जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता का श्रेय देश की 140 करोड़ जनता को दिया

**विपक्ष भ्रम में**

**विपक्षी दलों का आईएनडीआईए गठबंधन देश और समाज को विभाजित करने में जुटा: मोदी**

**टीम एक्शन इंडिया/बीना/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि विपक्षी दलों का आईएनडीआईए गठबंधन देश और समाज को विभाजित करने में जुटा है। उन्होंने कहा कि विपक्षी घमंडिया गठबंधन सनातन धर्म को नष्ट करना चाहता है।
प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश के बीना में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की बीना रिफाइनरी में पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स और राज्य भर में दस नई औद्योगिक परियोजनाओं सहित 50,700 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बीना रिफाइनरी में पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स और शुरू की जा रही अन्य विकास पहल से मध्य प्रदेश की प्रगति को गति मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार देश में महिलाओं को 75 लाख नए गैस कनेक्शन देगी। प्रधानमंत्री ने भारत की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता का श्रेय देश की 140 करोड़ जनता की सामूहिक शक्ति को दिया। उन्होंने कहा कि इससे लोगों और देश का गौरव बढ़ा है। उन्होंने कहा, भारत ने गुलामी को मानसिकता को पीछे छोड़कर अब स्वतंत्र होने के स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ना शुरू किया है। कोई भी देश, जब ऐसा ठान लेता है, तो उसका कायाकल्प होना शुरू हो जाता है। इसकी एक तस्वीर अभी आपने जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान भी देखी है। जो आपकी भावना है, वो आज पूरे देश की भावना है। इस जी20 की सफलता का श्रेय मोदी को नहीं बल्कि आप सबको जाता है। ये आप सबका सामर्थ्य है, ये 140 करोड़ भारतवासियों की सफलता है। ये भारत की सामूहिक शक्ति का प्रमाण है। विपक्षी आईएनडीआईए पर तीखा हमला करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वहीं दूसरी तरफ कुछ ऐसे दल भी हैं, जो देश और समाज को विभाजित करने में जुटे हैं। इन्होंने मिलकर एक आईएनडीआईए बनाया है, जिसे कुछ लोग घमंडिया गठबंधन भी कहते हैं। इनका नेता तय नहीं है, नेतृत्व पर भ्रम है। इसके बावजूद इन्होंने अपनी मुंबई मीटिंग में ये घमंडिया गठबंधन कैसे काम करेगा, इसकी नीति और रणनीति बना दी है। इन्होंने अपने एक छिपा हुआ उद्देश्य भी तय कर लिया है।



### 'शिवराज' में कानून का राज: पीएम मोदी

**प्रधानमंत्री** मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में लंबे समय तक शासन करने वालों ने भ्रष्टाचार और अपराध के अलावा और कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था पर लोगों को भरोसा ही नहीं था, इसलिए कोई निवेशक नहीं आता था। हमने राज्य में कानून व्यवस्था स्थापित कर मध्य प्रदेश की जनता को भय से मुक्त कराया। इससे आज बड़े-बड़े निवेशक यहां फैक्टरी लगाना चाहते हैं।



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल पंजाब में औद्योगिक विकास के लिए किए जा रहे बड़े प्रयासों के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की सराहना की है। 'सरकार-उद्योगपति मिलनी' के दौरान अपने संबोधन में दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब अब हरेक क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

### संसद के विशेष सत्र को लेकर विपक्ष ने जताई नाराजगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
संसद के विशेष सत्र को लेकर कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने नाराजगी जाहिर की है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि सरकार ने 18 से 22 सितंबर के लिए संसद का विशेष सत्र तो बुला लिया लेकिन विशेष सत्र का पूरा एजेंडा अभी तक साफ नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के दबाव में जिन एक-दो मुद्दों को सरकार ने साझा किया है, वह पर्याप्त नहीं है। वेणुगोपाल ने कहा कि मोदी सरकार लगातार लोकतंत्र पर हमला कर रही है। यह सरकार नियम-कायदा नहीं मानती है। सरकार का संसदीय एजेंडा बिल्कुल भी पारदर्शी नहीं है।

## छत्तीसगढ़ को पीएम मोदी ने 6400 करोड़ की दी सौगात

**टीम एक्शन इंडिया/रायगढ़**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी रायगढ़ के कोड़ातराई में पहुंचे जहां उन्होंने छत्तीसगढ़ को 6400 करोड़ रुपए के विकासकार्यों की सौगात दी। अगले कार्यक्रम में उन्होंने भाजपा की विजय शंखनाद रैली को संबोधित किया इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया साथ ही भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, समेत कई दिग्गज नेता जन सभा में शामिल हुए। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सनातन संस्कृति की व्याख्या करते हुए और कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस भारतीय संस्कृति को मिटाना चाहती है



साथ ही छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र की योजनाओं का लाभ छत्तीसगढ़ सरकार जनता तक नहीं पहुंचने देती, जहां एक ओर पीएम आवास योजना के 4 करोड़ आवास पूरे देश में गरीबों को मिले वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ के गरीबों तक आवास नहीं पहुंचने दिया।



# लॉरेंस के ग्रुप में शामिल होना चाहता था मोनू मानेसर

## गैंगस्टर के भाई अनमोल के संपर्क में था, गिरफ्तारी से पहले 10 सितंबर तक दोनों के बीच एक विशेष ऐप सिग्नल के जरिए बातचीत भी हुई

**खुलासा**

**मोनू गैंगस्टर लॉरेंस के ग्रुप में शामिल होना चाहता था, इसके लिए वह लगातार लॉरेंस के भाई अनमोल से संपर्क में बना हुआ था**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**राजस्थान** के नासिर-जुनैद हत्याकांड में गिरफ्तार हुआ हरियाणा का गोरक्षक मोनू मानेसर गैंगस्टर बनना चाहता था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मोनू गैंगस्टर लॉरेंस के ग्रुप में शामिल होना चाहता था, इसके लिए वह लगातार लॉरेंस के भाई अनमोल से संपर्क में बना हुआ था। गिरफ्तारी से पहले 10 सितंबर तक दोनों के बीच एक विशेष ऐप सिग्नल के जरिए बातचीत भी हुई।

**27 अगस्त से शुरू हुई बातचीत:** मोनू मानेसर की बातचीत लॉरेंस के भाई अनमोल से 27 अगस्त से शुरू हुई। इस दौरान दोनों के बीच सिग्नल ऐप के जरिए ही इनकमिंग और आउटगोइंग कॉल भी एक्सचेंज हुई। सिग्नल पर ही दोनों के बीच मैसेज का भी आदान-प्रदान हुआ। दोनों की बातचीत की पूरी डिटेल में इसका खुलासा हुआ है। हालांकि अभी इसकी पुलिस के द्वारा आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है।

**अनमोल ने भेजा पहला मैसेज:** 27 अगस्त को पहला मैसेज विदेश में बैठे बिश्नोई के भाई अनमोल ने किया। जिसमें उसने सिग्नल ऐप के जरिए मोनू को मैसेज में अनमोल लिखकर भेजा। इसके बाद मोनू ने 28 अगस्त को यह मैसेज देखा, देखकर उसने जय श्री राम लिखकर जवाब दिया। दोनों के मैसेज के बाद बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ।

## अप्रैल में अमेरिका में दिखा था अनमोल

**पंजाबी** सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या की साजिश रचने वाले गैंगस्टर लॉरेंस का भाई अनमोल इस साल अप्रैल महीने में अमेरिका में दिखाई दिया था। अनमोल वहां पर एक कार्यक्रम के दौरान मस्ती करते हुए दिखा। लॉरेंस ने फेक पासपोर्ट के जरिए अपने भाई को अमेरिका भेज दिया था। अनमोल ने ही विदेश में रहते हुए गोल्डी बराड़ के साथ मिलकर सिद्धू मूसेवाला की हत्या की घटना को अंजाम देने को लेकर कॉर्डिनेशन किया था।

**12 सितंबर को किया था गिरफ्तार:** हरियाणा पुलिस ने मोनू मानेसर को मंगलवार (12 सितंबर) को गिरफ्तार किया था। उस पर 31 जुलाई को नूंह में हुई हिंसा से पहले भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट डालने का केस है। नूंह पुलिस की साइबर क्राइम ब्रांच ने उसे गुरुग्राम में मानेसर के मार्केट से पकड़ा। वह इसी गांव का रहने वाला है। मोनू को नूंह कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने उसका रिमांड मांगा, लेकिन कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भौंडसी जेल भेज दिया। मोनू मानेसर पर भिवानी में हुए राजस्थान के नासिर-जुनैद हत्याकांड में शामिल होने का आरोप है। इस केस में वह पिछले 8 महीने से फरार था। मोनू की गिरफ्तारी का पता चलते ही राजस्थान पुलिस भी कोर्ट पहुंच गई। उसे जेल ले जाने से पहले ही राजस्थान पुलिस को उसकी ट्रांजिट रिमांड मिल गई।

## नूंह हिंसा: मामन खान की याचिका पर खट्टर सरकार को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**नूंह** हिंसा मामले में कांग्रेस विधायक मामन खान की याचिका पर सुनवाई करते हुए गुरुवार को पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 19 अक्टूबर तय की है। वहीं, विधायक को अपने बचाव के लिए निचली कोर्ट में जाने के निर्देश दिए हैं। नूंह हिंसा के मामले में जांच कर रही हरियाणा पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम दो बार विधायक को नोटिस दे चुकी है, लेकिन वह अभी तक एक बार भी पूछताछ में शामिल नहीं हुए हैं। गिरफ्तारी के संदेह को देखते हुए मामन खान ने 11 सितंबर को अपने वकील के माध्यम से हाई कोर्ट की रजिस्ट्री में याचिका दायर की थी। इस पर कुछ आपत्तियां बताई गई, जिन्हें दूर करने के बाद बुधवार को रजिस्ट्री में मामन खान की याचिका स्वीकार हो गई। गुरुवार को इस केस की सुनवाई के दौरान मामन खान के वकीलों ने हाई कोर्ट में सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए सुरक्षा की मांग की है। नूंह जिले में 31 जुलाई को हुई हिंसा की घटनाओं के बाद दर्ज मामलों की जांच के लिए एक हाई लेवल स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम गठित करने की भी मांग की है। कोर्ट ने उन्हें आदेश दिया है कि वह गिरफ्तारी से बचाव पर कानूनी विकल्पों को तलाशने व आरोप पर बेल कराने के लिए निचली कोर्ट का सहारा लें। हाई कोर्ट की इस टिप्पणी से साफ हो गया है कि कोर्ट मामन खान की जमानत याचिका को सीधे सुनने के लिए तैयार नहीं है।

# ई-टिकटिंग की सफलता के बाद अब एनसीएमसी कार्ड लागू करने का निर्णय

**सेवा**

**2317 मशीनों के माध्यम से की जा रही है ई-टिकटिंग, ई-टिकटिंग से राजस्व में लगभग 17 करोड़ का इजाफा**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ काजल रानी**
हरियाणा के परिवहन मंत्री मूल चंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा राज्य परिवहन ई-टिकटिंग की सफलता के बाद अब नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) की सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है। इससे हरियाणा परिवहन की बसों में रियायती दरों पर यात्रा करने वाले यात्रियों का पूरा डाटा इस कार्ड में होगा। मूल चंद शर्मा ने यह बात आज यहां परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

**नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड की विशेषता:** नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड द्वारा रियायती परिवहन सुविधाएं प्राप्त करने वाले व्यक्ति का पूरा कार्ड डाटा में शामिल होगा जो लोग हरियाणा परिवहन की बसों में रियायती सुविधाएं प्राप्त कर रहे हैं जैसे विद्यार्थी, 100 प्रतिशत विकलांग एक सहायक सहित, मान्यता प्राप्त संवाददाता, विधानसभा व लोक सभा के सदस्य, स्वतंत्रता सेनानी, पुलिस व जेल कर्मचारी, को केवल कार्ड दिखाना होगा। यदि किसी व्यक्ति के किराये में 50 प्रतिशत तक की छूट दी गई है तो उसका 50 प्रतिशत किराया नकद व एनसीएमसी कार्ड के माध्यम से भी दे सकता है। इस कार्ड को रिचार्ज करवाने की सुविधा भी परिवहन विभाग द्वारा दी गई है।

**हरियाणा परिवहन की बसों में हो रही है 50 प्रतिशत ई-टिकटिंग:** परिवहन मंत्री ने कहा कि रोडवेज में ओपन लूप टिकटिंग प्रणाली लागू करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है। इस समय हरियाणा परिवहन की बसों में 2317 मशीनों के माध्यम से ई-टिकटिंग की जा रही है जिससे विभाग का लगभग तीन महीने में 17 करोड़ रुपये का राजस्व बढ़ा है।

**प्रतिदिन लगभग 8 लाख 6 हजार यात्री कर रहे हैं हरियाणा परिवहन की बसों में सफर:** उन्होंने बताया कि हरियाणा परिवहन के बेड़े में इस समय कुल 3723 बसें हैं जिनमें से 562 बसे निजी बस मालिकों से बस किराए पर चलाई जा रही हैं। प्रतिदिन यात्रियों की संख्या में वृद्धि हुई है। अब प्रतिदिन लगभग 8 लाख 6 हजार यात्री यात्रा करते हैं तथा बसें प्रतिदिन औसतन 10 लाख 77 हजार किलोमीटर की दूरी तय करती हैं।

**विभाग के बेड़े में शामिल हुई नई बसें:** मंत्री ने बताया कि वर्ष 2022 में विभाग द्वारा 1000 नई यूरो-6 बसें खरीदने हेतु पर्सेज ऑर्डर जारी किया गया था। वर्तमान में, इनमें से 745 बसें विभिन्न डिपो में भेजी जा चुकी हैं। विभाग के स्वीकृत बेड़े के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए बेड़े में नई बसें शामिल की जा रही हैं। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए 809 नई बसें खरीदने हेतु परचेज आर्डर कर दिए गए हैं और इन बसों का वितरण एचआरईसी, गुरुग्राम से चैसिस बस बॉडी लगने पश्चात विभिन्न डिपुओं में किया जा रहा है। वर्तमान में, 477 बसें विभिन्न डिपुओं को भेजी जा चुकी हैं।

## संदीप सिंह की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
चंडीगढ़ की कोर्ट ने हरियाणा के राज्य मंत्री संदीप सिंह की अग्रिम जमानत याचिका पर शुक्रवार के लिए फैसला सुरक्षित रख दिया है। गुरुवार को कोर्ट की कार्यवाही के दौरान दोनों पक्षों ने अपने-अपने तर्क रखे। जूनियर महिला कोच के वकील समीर सेठी और दीपांशु बंसल ने बहस के दौरान योग्यता के आधार पर जमानत का गुण-दोष के आधार पर विरोध किया। चंडीगढ़ पुलिस की एसआईटी ने कोर्ट में जवाब दाखिल कर दिया है। एसआईटी ने कहा है कि संदीप सिंह की जमानत का कोई आधार नहीं बनता है, इसलिए जमानत याचिका को खारिज कर देना चाहिए।

# पहली बार हरियाणा ने बनाया क्यू मैनेजमेंट मोबाइल एप्लीकेशन

**पीठ थपथपाई**

**भारत निर्वाचन आयोग ने की हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की सराहना**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**भारत** के निवार्चन आयोग ने हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल की सराहना करते हुए कहा कि देश में पहली बार मतदाताओं की सुविधा हेतु हरियाणा ने क्यू मैनेजमेंट मोबाइल एप्लीकेशन बनाई है, जिससे मतदाता को वोट डालने के लिए अपनी बारी का पता लग सकेगा और उसे लाइन में खड़े रहने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। भारत निर्वाचन आयोग के उप निवार्चन आयुक्त हिरदेश कुमार आयोग के प्रतिनिधिमंडल के साथ आज यहां आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर हरियाणा, पंजाब व केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों तथा उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक के दौरान मतदाता सूचियों के संशोधन बारे भी विस्तार से चर्चा की गई। हिरदेश कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने पहली बार 17 वर्ष की आयु में ही युवाओं को मतदाता बनने का अवसर दिया है। पहले किसी भी वर्ष की एक जनवरी को या उससे पहले 18 वर्ष के होने वाले युवा ही मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के पात्र होते थे। लेकिन अब किसी भी वर्ष की एक जनवरी, एक अप्रैल, एक जुलाई तथा एक अक्टूबर को 18 साल की उम्र होने पर युवा स्वयं को मतदाता के रूप में पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में मतदाता सूचियों के संशोधन के दौरान कोई भी नागरिक जो 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर, 2023 तक 18 वर्ष के हो रहे हैं, वे मतदाता के रूप में अपना पंजीकरण अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत भारत निर्वाचन आयोग के पास निर्वाचन के संचालन, निदेशन और नियंत्रण की शक्ति निहित है।

## सुधारवादी राज्य की श्रेणी में हरियाणा को मिला प्रथम पुरस्कार

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने एक बार फिर अपना परचम लहराया है। सुधारवादी राज्य की श्रेणी में हरियाणा को प्रथम पुरस्कार हासिल हुआ है। अवार्ड 2023 में हरियाणा को गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया है। हरियाणा के बाद महाराष्ट्र को सिल्वर अवार्ड और ओडिशा, गुजरात व मध्य प्रदेश को ज्यूरी अवार्ड से सम्मानित किया गया है। संस्था द्वारा आगामी 4-5 अक्टूबर, 2023 को नई दिल्ली के ताज पैलेस में पुरस्कार समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। संस्था द्वारा कुल 9 श्रेणियों में पुरस्कार दिए जाते हैं। इनमें गैर वेतनभोगी करदाता, एमएसएमई, कॉरपोरेट, टैक्स टेक्नोलॉजी सेवा प्रदाता, आर्थिक पत्रकार और स्तंभकार, टैक्स कमिश्नर, इंस्टीट्यूशन गेम चेंजर और सुधारवादी राज्य सरकार आदि श्रेणियां शामिल हैं। पुरस्कारों पर फैसला निर्णायक मंडल द्वारा लिया जाता है।
निर्णायक मंडल में पूर्व प्रधान न्यायाधीश, पूर्व हाईकोर्ट जज और सेवानिवृत राजस्व सचिव सहित विभिन्न उच्च पदों से सेवानिवृत हुए अधिकारी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन और सिस्टम में लगातार सुधार लाने की कवायद चल रही है।

## प्रदेश वासियों के लिए सरकारी सेवाओं का लाभ उठाना हुआ सरल: ढांडा

**जनसंवाद**

**राज्यमंत्री कमलेश ढांडा व सांसद नायब सैनी ने गांव कुराड, चौशाला, जुलानीखेडा में ग्रामीणों से किया जनसंवाद**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा की महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में सरकारी सेवाओं और योजनाओं को ऑनलाइन करते हुए व्यवस्था को सरल करने का काम किया गया है, इससे आमजन को इनका लाभ उठाने में सरलता हो रही है। वर्तमान सरकार आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए उनके बीच पहुंच रही है और अधिकारियों के साथ ग्रामीणों की समस्याओं का तत्काल निवारण करने का काम किया जा रहा है, जिससे आमजन में संतुष्टि का भाव है। राज्यमंत्री कमलेश ढांडा एवं सांसद नायब सिंह सैनी वीरवार को कलायत खंड के गांव कुराड़ चहल पट्टी, गांव चौशाला व गांव जुलानीखेड़ा में जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों से संवाद कर रहे थे। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा रखी गई समस्याओं के समाधान के लिए उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निवारण के निर्देश दिए। राज्यमंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा ने कहा कि गांवों में पीने के पानी, गंदे पानी की निकासी से जुड़ी समस्याओं के स्थाई समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इलाके में अलग-अलग गांवों में परिवार पहचान पत्र, पेंशन बनवाने, बिजली के बिल ठीक करवाने के लिए कैंपों का आयोजन करने के साथ आमजन की परेशानियों का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का संकल्प है कि ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए सुनियोजित तरीके से काम किया जाए। इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों को विभिन्न विकास परियोजनाओं के निर्धारित अवधि में पूरा करवाने के निर्देश दिए जा चुके हैं। सांसद नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में क्रांतिकारी बदलाव हुए हैं। जम्मू-कश्मीर की अखंडता को मजबूत करने की बात हो या अभिनंदन को पाकिस्तान की सरजमीं से सुरक्षित वापस लाना, यह इसलिए संभव हुआ है, क्योंकि देश मजबूत व सुरक्षित हाथों में है।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता: 28,484 स्मार्ट फोन की खरीद को मंजूरी

## स्मार्टफोन चलाने के लिए दो सप्ताह की ट्रेनिंग भी दी जाएगी, फोन के लिए सिम विभाग की ओर से दिया जाएगा

**तकनीक**

**स्मार्ट फोन से पोषण एप के जरिये आहार से लेकर हर गतिविधि पर रहेगी नजर**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**महिला** एवं बाल विकास विभाग की राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उच्च अधिकार प्राप्त खरीद कमेटी के माध्यम से महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन देने की परियोजना को मंजूरी दे दी है। राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए 28,484 स्मार्ट फोन खरीदे जाएंगे जिसके लिए 28 करोड़ 19 लाख रुपये के बजट को मंजूरी मिल गई है। अगले तीन महीने के अंदर प्रक्रिया को पूरा करते हुए कार्यकर्ताओं को फोन दे दिए जाएंगे। स्मार्टफोन चलाने के लिए दो सप्ताह की ट्रेनिंग भी दी जाएगी। फोन के लिए सिम विभाग की ओर से दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि फोन में पोषण ट्रैकर और बाल संवर्धन एप के जरिए नौनिहालों की स्थिति पर नजर रहेगी। नवजात शिशुओं से



लेकर छह साल तक के बच्चों तक और गर्भवती महिलाओं से लेकर दूध पिलाने वाली माताओं तक का सारा डाटा पोषण ट्रैकर एप पर मिलेगा। पोषण ट्रैकर एप के माध्यम से कुपोषण जैसी गंभीर बीमारियों की भी मैपिंग की जा रही है। वहीं बाल संवर्धन एप से जीरो से पांच साल तक के बच्चों का दुबलापन, ठिगनापन और अति कम वजन यह तीन तरह के कुपोषण की जांच की जा रही है।

**होगी रियल टाइम मॉनिटरिंग**

- केंद्र में बच्चों की संख्या
- बच्चों का वजन
- कुपोषित-अति कुपोषित बच्चों की संख्या
- टेक होम राशन
- बच्चों की विकास दर
- प्री-स्कूल शिक्षा की स्थिति
- वजन मशीन
- शौचालयों व पानी की स्थिति
- टीकाकरण

## नशे की चेतना के लिए हुई सांस्कृतिक संध्या

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
साइक्लोथॉन यात्रा के रात्रि विश्राम के दौरान स्थानीय डीपीआरसी भवन में देर सायं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया, जिसमें हरियाणा कला परिषद के कलाकारों के साथ-साथ डीएवी पब्लिक स्कूल और शांति निकेतन पब्लिक स्कूल ढिंगसरा के बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से ड्रग्स फ्री हरियाणा का संदेश दिया। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रह्मजीत सिंह रांगी ने सांस्कृतिक संध्या में कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में चल रही यात्रा नशा के खिलाफ एक जंग की शुरूआत की है। हम सब एकजुट होकर इस बुराई को जड़मूल से मिटाएंगे तथा इस पर जीत हासिल करेंगे।

# 'पोर्टल के कारण जनता भाजपा सरकार को दिखाएगी सत्ता से बाहर का रास्ता'

**साधा निशाना**

**मचों पर सरेआम झगड़ते हैं कांग्रेसी, जनतंत्र के लिए ये सभी नहीं: महासचिव अभय सिंह**

**टीम एक्शन इंडिया/झज्जर**
**इंडियन** नेशनल लोकदल के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने मुख्यमंत्री द्वारा 6 नए पोर्टल लांच किए जाने पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा केवल पोर्टल की सरकार बनकर रह गई है। मुख्यमंत्री को केवल झूठी घोषणाएं कर सुर्खियों में रहने की लालसा है, लेकिन ये पोर्टल व झूठी घोषणाएं ही भाजपा को सत्ता से बाहर करने का काम करेंगी। प्रदेश की जनता उन पोर्टल के साथ इस पोर्टल सरकार को भी जड़ से समाप्त करने का मन बना चुकी है। वह बहादुरगढ़ में कार्यकताओं की बैठक लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि आज पोर्टलों के कारण जनता को केवल लाइनों में लगाने का काम किया गया है, लेकिन उनका कोई भी कार्य सुचारू रूप से नहीं हो रहा है। वर्तमान में किसान, व्यापारी, मजदूर व कर्मचारी सभी वर्ग धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हैं और सड़कों पर उतरकर अपनी मांगे सरकार के समक्ष रख रहे हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का काम संभालने वाले कर्मचारी ही अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर हैं तो आम जनता का क्या हाल होगा, इसका अंदाजा स्वयं ही लगाया जा सकता है।

उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा कि पहले कांग्रेस के लोग अखबारों में बयानबाजी कर अपनी भड़ास निकालते थे, लेकिन अब उनके झगड़े सड़कों तक आ चुके हैं।

# हरियाणा के विधायकों को सीएम मनोहर लाल का झटका

## नहीं कर पाएंगे जनसंवाद; विशेष संसद सत्र के बाद फील्ड में उतरेंगे सांसद

**शिकायतों का...**

**सूबे के सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष के भी विधायक मंत्रियों की तरह जन संवाद नहीं कर पाएंगे**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के विधायकों को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बड़ा झटका दिया है। सीएम ने स्पष्ट कर दिया है कि सूबे के सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष के भी विधायक मंत्रियों की तरह जन संवाद नहीं कर पाएंगे। 2024 में संभावित लोकसभा चुनाव की नजदीकियों को देखते हुए अब हरियाणा के सांसद फील्ड में दिखाई देंगे। 18 से 23 सितंबर तक चलने वाले संसद के विशेष सत्र के बाद सांसदों के जन संवाद कार्यक्रम शुरू होंगे। इसमें अधिकारियों को भी जाना होगा। इन जन संवादों में आने वाले शिकायतों को मुख्यमंत्री जन संवाद पोर्टल पर चढ़ाया



जाएगा, जिससे उनका जल्दी से जल्दी निराकरण किया जा सके।

**फील्ड में इसलिए रहेंगे सांसद:** हरियाणा में 10 लोकसभा सीटें हैं। 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में इन सभी सीटों पर सत्तासीन बीजेपी का ने कब्जा कर लिया था। चूंकि राज्य में 2014 से बीजेपी सरकार में है, ऐसे में 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में 2019 का रिजल्ट दोहराने की चुनौती मुख्यमंत्री मनोहर लाल पर है। इसके साथ ही वह लगातार दो टर्म से सीएम भी बने हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनके अच्छे संबंध हैं। इसलिए वह लोकसभा चुनाव फतह करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं।

**सीएम ने अब तक किए 80 जन संवाद:** हरियाणा के मुख्यमंत्री कम से कम एक विधानसभा में एक जनसंवाद कार्यक्रम करते हैं। अब तक 80 कार्यक्रम किए जा चुके हैं। यानी अब तक इन कार्यक्रमों के जरिए 800 से 1000 गांव सीएम कवर कर चुके हैं। सीएम ने स्पष्ट किया है कि चुनाव तक यह जनसंवाद कार्यक्रम जारी रहेंगे। इसके जरिए लोगों के द्वारा की जाने वाली शिकायतों को भी प्रमुखता से निपटान सरकार के द्वारा किया जा रहा है।

**सीएम जनसंवाद पोर्टल पर अब तक 21 हजार शिकायतें:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल के जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान आने वाली शिकायतों को सीएम जनसंवाद पोर्टल पर चढ़ाया जाता है।

# 'प्रदेश की पोर्टल सरकार में अपराधियों के बुलंद हौंसले, आम जनता समस्याग्रस्त'

## फसल बीमा कंपनी कमाई करके भागी, किसानों की मेहनत की कमाई हड़पी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत, पूर्व** विधायक एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पदम सिंह दहिया ने कहा कि वर्तमान भाजपा-जजपा सरकार पोर्टल सरकार बनकर रह गई है, जिसे जनता की समस्याओं से कोई सरोकार ही नहीं है। केवल पोर्टल बनाकर लोगों को उलझा रखा है। धरातल पर जनता की समस्याओं का कोई समाधान नहीं किया जा रहा, जिससे लोगों की परेशानियां लगातार बढ़ती ही जा रही हैं। पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए हरियाणा की भाजपा-जजपा गठबंधन की सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि पोर्टल सरकार में आम लोगों



के लिए कोई जगह नहीं है। ग्रामीण अंचल के लोगों को पोर्टलों की कोई जानकारी नहीं मिलती और न ही उनका तकनीकी ज्ञान इतना प्रगाढ़ है कि वे नवीनतम तकनीकी पोर्टलों का उपयोग कर सकें। आये दिन एक नया पोर्टल बना दिया जाता है जिसने लोगों की समस्याओं को बढ़ा दिया है। कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारी पोर्टल पर आवेदन करने का नाम लेकर

**साधा निशाना**

**फसल बीमा कंपनी किसानों की मेहनत कमाई के करोड़ों रुपये डकार कर प्रदेश से फरार हो गई है**

पीछा छुड़ा लेते हैं। अधिकारी-कर्मचारी आम लोगों की सुनवाई नहीं करते जिसके लिए उन्हें पास पोर्टल का बहाना मिला हुआ है। ऐसे में पोर्टलों ने लोगों को सुविधा देने की बजाय उनकी समस्याओं में बढ़ोतरी ही की है।
वरिष्ठद कांग्रेसी नेता दहिया ने कहा कि सुख-शांति वाले प्रदेश में अब अपराध चरम पर पहुंच रहे हैं। अपराधियों के हौंसले बुलंद है। रोजाना आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। इससे लोगों का सुख-चैन भंग हो गया है और उनमें असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। कानून एवं व्यवस्था कहीं दिखाई नहीं देती। जहां देखों वहीं अपराध का बोलबाला है। अपराध व अपराधियों पर लगाम लगाने में सरकार पूरी तरह से विफल साबित हुई है।
पूर्व विधायक ने कहा कि वर्तमान सरकार में घोटाले भी खूब हो रहे हैं। फसल बीमा कंपनी किसानों की मेहनत कमाई के करोड़ों रुपये डकार कर प्रदेश से फरार हो गई है।

# वैश्य मोटर साइकिल चेतना यात्रा का होगा भव्य स्वागत: जैन

**तैयारियां पूरी**

**जींद के अर्जुन स्टेडियम में आयोजित वैश्य संकल्प रैली में बढ़ चढ़ कर भाग लेगा**





**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** वैश्य मोटर साइकिल चेतना यात्रा का आगामी 18 सितंबर को शहर में पहुँचने पर भव्य स्वागत किया जायेगा और वैश्य समाज राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती की पूर्व संध्या पर जींद के अर्जुन स्टेडियम में आयोजित वैश्य संकल्प रैली में बढ़ चढ़ कर भाग लेगा। यह निर्णय बुधवार रात्रि अग्रवाल सदन मंडी में हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन, अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन, अग्रोहा विकास ट्रस्ट, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन, सकल जैन समाज, श्री राम मंदिर एवं अग्रवाल धर्मशाला के पदाधिकारियों की आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए वैश्य महासम्मेलन के प्रदेशाध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि जो समाज संगठित नहीं है उसका कोई बल नहीं है और जिसका कोई बल नहीं है, उनकी समस्या का कोई हल नहीं है, इसलिए 12 वर्षों बाद हो रही रैली को वैश्य समाज के महाकुम्भ में परिवर्तित कर दो। पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि जिस समाज की बेटियाँ और युवा कमान संभल लेती है वह समाज हर क्षेत्र में आगे बढ़ता रहता है। इससे पूर्व राजीव जैन ने गोहाना बैठक कर वैश्य मोटर साइकिल चेतना यात्रा का स्वागत की तैयारियों की समीक्षा की।
बैठक में वैश्य मोटर साइकिल चेतना यात्रा के स्वागत के लिए शहर में होर्डिंग, स्वागत द्वार लगाने तथा जगह जगह पुष्प वर्षा करने बारे सुझाव दिए गए। महाराजा अग्रसेन चौक मुरथल रोड पर माल्यार्पण करके यात्रा का स्वागत किया जायेगा। बैठक में जिलाध्यक्ष नवीन मंगला, निगम पार्षद अतुल जैन, जिलाध्यक्ष संजय सिंगला, प्रदीप बंसल, पवन गुप्ता, अनिल गुप्ता, सीमा गोयल, श्वेता गर्ग, बबिता जिंदल, राजीव अग्रवाल, सुरेश जैन अधिवक्ता, सुरेश गुप्ता, अशोक गर्ग, राजेंद्र गोयल, अनिल जैन, महेंद्र जैन, राजेश गुप्ता, सुभाष गुप्ता, अजय गोयल, राम नारायण गोयल, राकेश गोयल, बाबू राम गुप्ता, नरेश जैन, नितिन जैन, जितेंद्र गुप्ता, प्रवीण गोयल, मनीष गुप्ता पहलवान, रोशन सिंगला आदि सैंकड़ो वैश्य बंधु उपस्थित रहे।

# घटना में शामिल अपराधी जल्द ही जेल की सलाखों के पीछे होंगे: राजीव जैन



**टीम एक्शन इंडिया/गोहाना** तीन दिन पूर्व ज्वैलरी शो रूम पर लूट के प्रयास की घटना की जानकारी लेने मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं बरिष्ट भाजपा नेता राजीव जैन पहुंचे और शो रूम मालिक अनिल जैन से घटना की जानकारी ली तथा आश्वस्त किया कि घटना में शामिल अपराधी जल्द ही जेल की सलाखों के पीछे होंगे। राजीव जैन ने अनिल जैन के इस साहस की भी सराहना की कि उन्होंने समय पर पहुंचकर लुटेरों को भगाने का काम किया। भाजपा नेता ने बताया कि वह पूरे प्रदेश में जहाँ जहाँ व्यापारी के साथ इस तरह की घटना हो रही है वह स्वयं मोके पर पहुंचकर अपराधियों को पकड़वाकर वारदात की घटना का हल करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी का कोई भी नेता अपराधियों को संरक्षण देने का काम नहीं करता जैसा कि पूर्व की सरकारों में हुआ करता था। राजीव जैन ने पुलिस उपायुक्त भारती डबास से भी फोन पर बात कर लुटेरों को जल्द से जल्द पकड़ने का आग्रह किया ताकि अपराधियों के हौसले बुलंद न हो । पत्रकारों द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में राजीव जैन ने कहा कि सोनीपत में पुलिस विभाग अपराधों पर नियंत्रण करने के लिए पूरी तरह से प्रयासरत है और जयादातर वारदातों में अपराधी पकडे जा चुके हैं।

# डॉ. प्रमोद कुमार व छात्रा रितिका को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत विद्यालयों में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रा मा वि मुनियारपुर के विद्यार्थियों ने हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर भाग लिया।
व्याकरण आधारित प्रश्नोत्तरी में मुनियारपुर की छात्रा रितिका ने पहले खंड लाडवा में प्रथम स्थान प्राप्त किया उसके बाद 13 सितंबर को डाईट पलवल में जिला स्तर पर हुई प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। डाईट की प्रधानाचार्य अर्पणा ने विद्यालय के संस्कृत अध्यापक डॉ प्रमोद कुमार एवं छात्रा को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय की मुख्याध्यापिका लवदीप कौर एवं जसपाल सिंह, कृष्ण कुमार व सभी अध्यापकों ने बधाई दी।

# गाव झांसा में पर्यावरण सेवा समिति द्वारा किया गया पौधारोपण

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** आज गाव झांसा में पर्यावरण सेवा समिति द्वारा पौधारोपण किया गया व इस कार्य को यूथ ब्लड डोनेशन सोसाइटी के अध्यक्ष विनोद पाल होल्कर के सहयोग से पूर्ण किया गया। उन्होंने कहा कि बढ़ती आबादी व पर्यावरण में बदलाव को देखते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाना चाहिए। उन्होंने पर्यावरण सेवा समिति अध्यक्ष जगजीत सिंह को सुझाव दिया कि वह मिलकर आगामी समय में एक लाख पौधारोपण करने का लक्ष्य पूरा करेंगे। इस मौके पर समाजसेवी परिथीपाल सिंह, नवीन सैन,गुमनाम इत्यादि सदस्य मोजूद रहे।

# 'हिंदी हमारी आन- बान- शान का प्रतीक'



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** हिंदी दिवस पर प्रबुद्ध जनों से विस्तार से चर्चा के दौरान पाया कि हिंदी भाषा हमारी आन बान और शान का प्रतीक है।हम सबको हिंदी भाषा का सम्मान करना चाहिए । डॉक्टर प्रमोद कुमार का कहना है कि हिंदी हमारे स्वाभिमान और गर्व की भाषा है। हिन्दी ने हमें विश्व में एक नई पहचान दिलाई है। भारत में हर वर्ष 14 सितंबर को हिन्दी दिवस मनाया जाता है हिंदी विश्व में बोली जाने वाली प्रमुख भाषाओं में से एक होने के साथ-साथ समृद्ध और सरल भाषा है। हिन्दी हमारी राजभाषा है। कश्मीर से कन्या कुमारी तक, साक्षर से निरक्षर तक प्रत्येक वर्ग हिंदी भाषा को आसानी से बोल समझ लेता है। हिन्दी को आजादी के बाद 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा में एक मत से राजभाषा घोषित किया गया था।हिंदी भाषा भारत माता की शान है और भारत का अभिमान है।हिंदी केवल भाषा नहीं बल्कि भारत की पहचान है। हिंदी देश की एकता और अखंडता की पहचान हैं। शिक्षाविद विजेंद्र शर्मा का कहना है कि किसी भी देश की उन्नति के लिए उस देश की भाषा का विशेष

**चर्चा**

**कश्मीर से कन्या कुमारी तक, साक्षर से निरक्षर तक प्रत्येक वर्ग हिंदी भाषा को आसानी से बोल समझ लेता है**

योगदान होता है। हमें इस बात पर गर्व है कि हिंदी हमारी राजभाषा है। हम सभी देशवासियों को हिंदी को और अधिक बढ़ावा देना देने के लिए कदम से कदम मिलाकर चलना होगा। हिंदी भाषा पर हमें गर्व है। शिक्षाविद जसवीर सैनी का कहना है कि हिंदी विश्व की सबसे प्राचीनतम भाषाओं में से एक है। भारत में इसे प्रथम भाषा,मातृभाषा, राष्ट्रभाषा एवं राजभाषा का दर्जा प्राप्त है।प्रत्येक भारतीय को हिंदी भाषा बोलने पर गर्व है। हिंदी किसी परिचय की मोहताज नहीं। यह विश्व में सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषाओं में हिंदी का तृतीय स्थान है। यह बहुत ही समृद्ध एवं विशद भाषा है। इसने संसार में प्रचलित भाषाओं के अनेक शब्दों को अपने अंदर आत्मसात करते हुए अपने साहित्य को और भी अधिक व्यापक बना लिया है।

# पुलिस अधीक्षक ने अपराधों की रोकथाम हेतू बुलाई अपराध गोष्ठी, दिये दिशा-निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा ने पुलिस आफिसर इन्स्टीट्यूट अम्बाला शहर में अपराधों की रोकथाम, अपराधियों को पकड़ने, आमजन से प्राप्त सभी शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवम निष्पक्ष ढंग से 48 घण्टे के भीतर निपटारा करने व कानून एवम व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, प्रबन्धक थाना, सभी निरीक्षक सी.आई.ए., उप-निरीक्षक एन्टी नारकोटिक सैल, सभी शाखा प्रभारी कार्यालय पुलिस अधीक्षक अम्बाला व चैकी इन्चार्ज की गोष्ठी बुलाई। गोष्ठी में



उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपना कार्य मेहनत, लगन, सच्चीनिष्ठा और ईमानदारी से करें।
पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी पर्यवेक्षण अधिकारी व प्रबन्धक थाना, पुलिस चैकी व यूनिट इन्चार्ज को निर्देश देते हुए कहा कि वह आमजन से प्राप्त सभी शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवम निष्पक्ष ढंग से 48 घण्टे के

**सख्ती के आदेश**

**कानून एवम व्यवस्था बनाए रखने के लिए एल्फा, ब्रेवो, डेल्टा, चार्ली विशेष कम्पनियाँ गठित की गई**

भीतर निपटारा करें। शिकायतों से सम्बन्धित फीड बैक लेने के लिए फीड बैक सैल का गठन किया गया है। कानून एवम व्यवस्था बनाए रखने के लिए एल्फा, ब्रेवो, डेल्टा, चार्ली विशेष कम्पनियाँ गठित की गई, स्वैट टीम का गठन किया गया, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा कर बेहतर किया जा रहा है। थानाधिकार क्षेत्रों में आने वाले गाँवों में ग्राम प्रहरी व शहरी इलाकों में वार्ड के अनुसार मनोनित किए गए ग्राम प्रहरी व उनके सहायकों से विशेष सम्पर्क स्थापित कर गाँवों व वार्डो में हो रही हर प्रकार की अपराधिक व अन्य गतिविधियों से सम्बन्धित जानकारी हासिल करेंगे जिससे नशा तस्करी, अपराधिक गतिविधियों, शराब तस्करी व अन्य अपराधों पर रोक लगाने के लिए सम्पर्क स्थापित कर सम्बन्धित जानकारी बीट प्रणाली के अन्तर्गत सम्बन्धित रजिस्टर में इन्द्राज करने, पुलिस थानों/चैकियों के आसपास क्षेत्रों में सक्रिय बिचैलिओं के खिलाफ होगी कड़ी कार्यवाही। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने यह भी निर्देश दिए कि सभी पर्यवेक्षण अधिकारी व प्रबन्धक थाना माननीय हरियाणा सरकार द्वारा नशे के खिलाफ जारी किए गए स्टेट एक्शन प्लान के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में नशा बेचने वालों व नशा करने वालों की जानकारी जुटाने के लिए आशा वर्करों, पंचायत के सदस्यों, स्कूल के अध्यापकों व अन्य मौजिज व्यक्तियों से सम्पर्क करें जिससे कि नशा तस्करी पर रोक लगाई जा सके।

# सुरजेवाला के मार्गदर्शन में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान चलाया

**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र /शाहाबाद (दलबीर मलिक)** के गांव सराय सुखी में हाथ से हाथ जोड़ो प्रोग्राम के तहत कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा ने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व सासंद चौधरी रणदीप सिंह सुरजेवाला के मार्ग दर्शन में कांग्रेस पार्टी की नीतियों का प्रचार किया। स्वीटी रंगा ने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का है। देश और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। हम सब कार्यकर्ता मिलकर कार्य करें । बीजेपी पार्टी के शासन से आज हर वर्ग मजदूर ,किसान, व्यापारी कर्मचारी सब परेशान हैं। सभी की



इच्छा है कि देश और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बने और खुशहाली पैदा हो। कांग्रेस पार्टी के किसान सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी रणसिंह देशवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही एकमात्र

**कांग्रेस नीति**

**आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का है। देश और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी: स्वीटी रंगा**

विकल्प है देश की जनता की सेवा करने के लिए जो जनता की भावनाओं को समझती है कांग्रेस पार्टी ही हर वर्ग का साथ देती है। हम सभी कार्यकर्ता मिलकर कांग्रेस पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करें ।

# शैक्षणिक भ्रमण पर आई मेवात की छात्रों ने केयू में स्थित धरोहर के पुरातात्विक और सांस्कृतिक महत्व को जाना




**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** जिला नूह मेवात से शिक्षकों के साथ आई मेधावी छात्राओं का एक शैक्षणिक भ्रमण, जिसे निदेशालय माध्यमिक शिक्षा पंचकूला हरियाणा के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। छात्राओं ने आज कुरूक्षेत्र में स्थित पैनोरामा एवम् विज्ञान प्रदर्शनी, श्रीकृष्णा संग्रहालय, शेख चहेली का मकबरा, हर्ष का टीला, ब्रह्मसरोवर ,ज्योतिसर तीर्थ, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में स्थित धरोहर, कल्पना चावला तारामंडल और बोद्ध स्तूप का अवलोकन किया। ज़िला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने माननीय निदेशक डा अंसज के प्रदत्त सहयोग की अनुशंसा की जिनके नेतृत्व में इस गौरवमयी ,वैज्ञानिक एवम ऐतिहासिक विशिष्टता समेटे इस शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन हो पाया। छात्राओं ने आज गीतास्थली ज्योतिसर के धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व को बेहद करीब से अनुभव किया । शेखचहेली के

**शिक्षा पर जोर**

**गौरवमयी वैज्ञानिक एवम ऐतिहासिक विशिष्टता समेटे इस शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन हो पाया**

मकबरे से शेखचहेली के आदर्शों और धार्मिक तात्पर्य को समझा और यहाँ से सौहार्दपूर्ण और समर्पित जीवन का संदेश ले कर आए।बौद्ध स्तूप कुरुक्षेत्र का अवलोकन कर सम्राट अशोक के समय की कला और दर्शन से रूबरू हुये। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय स्थित धरोहर के पुरातात्विक और सांस्कृतिक महत्व को जाना और हरियाणा की इस सांस्कृतिक विरासत को समझा।आज छात्राओं ने शाम को ब्रह्मसरोवर की आरती में शिरकत की और इस आस्था से परिपूर्ण इस भावपूर्ण भक्ति में खोए नजर आए।

# भारत विकास परिषद ने महाराजा अग्रसेन स्कूल में किया गुरु वंदन

**सेवा प्रकल्प**

**कार्यक्रम में प्रातः असेंबली के समय अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने परिषद् बारे व सेवा प्रकल्पों की जानकारी दी**





**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**छात्र** छात्राओं को अपने गुरूओं के प्रति आदर भाव की परंपरा को जागृत रखने के उद्देश्य से भारत विकास परिषद् द्वारा देश भर में प्रति वर्ष गुरू वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी को चरितार्थ कर रही अम्बाला शहर में सेवारत महर्षि दयानंद शाखा द्वारा संरक्षक प्रदीप गोयल, सह संरक्षक दीपक राय आनंद,अध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं सचिव राकेश मक्कड़ के मार्गदर्शन में शहर के सभी स्कूलों में आए दिन इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में आज महाराजा अग्रसेन स्कूल में इस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में प्रातः असेंबली के समय अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने परिषद् बारे व सेवा प्रकल्पों की जानकारी दी तो वहीं प्रकल्प प्रमुख मनोज गर्ग ने गुरू वंदन छात्र अभिनंदन बारे सभी को बताया व सभी को संस्कारित शपथ दिलाई। इसके उपरांत सभी अध्यापकगण की छात्र छात्राओं द्वारा तिलक व चरण स्पर्श द्वारा आशीर्वाद लेकर विधिवत पूजा की गई। स्कूल से सर्वश्रेष्ठ अध्यापिका अजरा को स्मृति चिन्ह द्वारा सम्मानित किया गया व सर्वश्रेष्ठ छात्रा रीतिका का स्मृति चिन्ह उनकी अनुपस्थिति में स्कूल में ही नान टीचिंग में कार्यरत उनके पिता ने प्राप्त किया। इस प्रकल्प में टीम में पवन चौधरी, कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा, नीरज अग्रवाल, महिला मंडल से मिनी शर्मा, सविता चौधरी व राशि अग्रवाल मौजूद रहे । स्कूल की ओर से प्रिंसिपल अमरजीत तलवार ने अध्यक्ष व आए हुए सभी सदस्यों का इस कार्यक्रम के लिए धन्यवाद किया।

## न्यूज फ्लैश

### सीएम फ्लाइंग ने पकड़ा बाजरे का अवैध स्टॉक



**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल। महेंद्रगढ़** जिले के गुरुवार गांव दौंगडा अहीर और नांगल हरनाथ में सीएम फ्लाइंग की टीम ने अवैध रूप से स्टॉक किए गए बाजरे के गोदाम पर छापेमारी की। इस दौरान टीम को भारी मात्रा में बाजरा गोदाम में स्टॉक किया हुआ मिला। टीम ने पहले गांव दौंगडा अहीर में सुनील पुत्र सेठूराम के यहां रेड की जहां बड़ी मात्रा में बाजरा स्टॉक किया हुआ था लेकिन उसकी मार्केट फीस जमा नहीं की। टीम ने यहां 17700 रुपये का जुमार्ना लगाया। इसके बाद टीम नांगल हरनाथ में टीन सैड के बने हुए एक गोदाम पर पहुंची। यहां भी नरेंद्र पुत्र रामस्वरूप के बड़ी मात्रा में बाजरे का स्टॉक किया हुआ था यहां पर भी व्यापारी द्वारा मार्केट फीस नहीं भरने के कारण उसे पर 49750 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। दौंगडा अहीर में लगभग 705 क्विंटल बाजरा और नागल हरनाथ में 1995 क्विंटल बाजरा अवैध रूप से स्टॉक किया हुआ मिला। सीएम फ्लाइंग टीम द्वारा लगाए गए जुमार्ने को दोनों व्यापारियों ने मौके पर ही चेक के माध्यम से भुगतान किया। इस दौरान टीम में सीएम फ्लाइंग से उप निरीक्षक सत्येंद्र, उप निरीक्षक कर्मपाल, सचिन व मंडी सुपरवाइजर सतीश और महेंद्रगढ़ खुफिया विभाग से उप निरीक्षक अनिल शामिल रहे।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत (कमाल हुसैन)**
(मो. नं. : 9813507693)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**कुरुक्षेत्र दलबीर मलिक**
(मो. नं. : 94162 71181)

# अतिक्रमण हटाओ अभियान में नहीं मिल रहा स्थानीय लोगों का सहयोग

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल।**
**हरियाणा** शहरी विकास प्राधिकरण रेवाड़ी की ओर से मकान के बाहर बने रोड बरम से अतिक्रमण हटाने का अभियान डेढ़ दिन ही चला। उसके बाद मंगलवार दोपहर हुडा वासियों को राहत देते हुए तीन दिन का समय दे दिया गया। यह तीन दिन का समय शुक्रवार को समाप्त हो जाएगा। हुडा प्रशासन की माने तो शनिवार को दोबारा यह अभियान आरम्भ होगा। अब जिन लोगों ने रोड बरम पर अवैध कब्जा किया है, उन्हें तोड़फोड़ का डर सताने लगा है। हालांकि ऐसे मकान मालिक बुधवार को कम ही दिखाई दिए। आपको बता दें कि गुरुवार को जब प्रैस टीम ने हुडा सेक्टर का दौरा किया तो पाया महज कुछ फीसदी ही लोग अपने मकान के बाहर रोड बरम पर बने



अतिक्रमण को हटा रहे थे। उनका कहना था कि जेसीबी मशीन आएगी तो ओर भारी नुकसान करेगी। इससे अच्छा है हम मजदूरों या परिजन ही लगकर भारी नुकसान से बचते हुए खुद ही उखाड़ लें। इस मकान मालिकों का यह भी कहना था कि हुडा प्रशासन रोड बरम से कब्जा तो हटा रहा है। इसके बाद यहां सड़क, सीवरेज या पेयजल लाइन दुरूस्त नहीं की तो उसका जिम्मेदार कौन होगा। हालांकि हमें तो कम ही आस है। हुडा प्रशासन यह तोड़फोड़ कर विकास की जगह विनाश कर यहां से चला जाएगा। फिर हम बरसों की तरह आगे भी विकास की राह तकते रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह जिम्मेवारी कोई लेने को तैयार नहीं है कि तोड़फोड़ जिस कार्य के लिए की जा रही है, क्या वह वाक्य में ही दुरूस्त होगी।

**अधिकांश बेफ्रिक, कुछ फीसदी ही तोड़ते दिखे अतिक्रमण**

जब प्रैस टीम ने हुडा सेक्टर का दौरा किया तो हैरानी हुई। अधिकांश जगह रोड बरम पर कब्जा दिखाई दिया। ऐसा लगा कि मकान मालिकों को शनिवार होने तक की चिंता ही नहीं है कि यहां जेसीबी आएगी और तोड़फोड़ करेगी। उन्हें लग रहा है कि अब तीन दिन कभी पूरे नहीं होंगे और फिर से हुडा प्रशासन अतिक्रमण अभियान यहां नहीं चलाएगा। इसी के चलते अधिकांश हुडा सेक्टर में बाकी बचे लोगों ने कुछ को छोड़कर किसी ने रोड बरम से अतिक्रमण नहीं हटाया।

मजदूरों के बढ़े नखरे, दोपहर तक ही काम करने के मांगे हजार रुपए शनिवार जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, हुडा में रोड बरम पर कब्जा करने वाले लोगों को डर सताने लगा है। एक मकान मालिक ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि वह आज दो मजदूर करने के लिए पुरानी कचहरी के पास गया। उन्हें काम बताया कि कुछ ग्रील और ईंट उखाड़कर अलग करनी है। दोपहर तक काम पूरा हो जाएगा। मजदूरों का कहना था कि 1000 रुपये एक व्यक्ति की मजदूरी होगी। अब मजबूरन दो मजदूरों को दो हज ार रुपये देकर रोड बरस से मैटिरियल हटाया। मजदूरों ने दोपहर तक काम पूरा किया और पैसा लेकर चलते बने।

## उद्योगपतियों ने 1 अक्टूबर से फिर लागू हो रहे ग्रैप नियम को लेकर की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**दिल्ली एनसीआर** में प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित रखने के लिए केंद्र सरकार द्वारा 1 अक्टूबर से ग्रैप नियम लागू कर दिया जाएगा। इसी को लेकर बृहस्पतिवार को बड़ी औद्योगिक फेज 1 स्थित एमएसएमई औद्योगिक एसोसिएशन के कार्यालय में उद्योगपतियों की एक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में उद्योगपतियों ने कहा कि पीएनजी बायलर लगाने में करीब 50 लाख से लेकर 75 लाख के करीब खर्च है। वहीं कोयले के मुकाबले पीएनजी के रेट कई गुणा ज्यादा है। उद्योगपतियों ने कहा कि पीएनजी आधारित



बायलर लगवाने के लिए संबंधित कंपनियों को आर्डर दिया है। वहां से उन्हें बायलर की डिलीवरी के लिए 60-65 दिन का समय मिल रहा है। जबकि ग्रैप नियम 1 अक्टूबर से लागू हो रहा है। ऐसे में वह संबंधित विभाग के अधिकारियों से मिल कर उन्हें बायलर पहुंचने तक रियायत देने की मांग करेंगे, जिससे उनका उद्योग प्रभावित न हो।

## हकेवि में समूह चर्चा का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना महेन्द्रगढ़ ।**
**हरियाणा केंद्रीय** विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में अध्ययनरत विद्यार्थियों में व्यापक कौशल विकसित करने के उद्देश्य से ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा समूह चर्चा का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने उच्च शिक्षा में क्षमता निर्माण गतिविधियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियाँ आधुनिक दुनिया की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम, कुशल स्नातकों को तैयार करने में सहायक हैं। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के प्रो. आकाश



सक्सेना ने भविष्य में भी इसी तरह की गतिविधियों के आयोजन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता और आलोचनात्मक सोच कौशल को बढ़ाने में ऐसे प्रयासों की परिवर्तनकारी शक्ति में विश्वास व्यक्त किया। आयोजन में विशेषज्ञ डॉ. पिंकी अरोड़ा उपस्थित रहीं। उन्होंने कार्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)- वरदान या अभिशाप तथा जी-20 शिखर सम्मेलन के भविष्य के परिप्रेक्ष्य विषय पर गहन चर्चा की। यह कार्यक्रम सभी प्रतिभागियों के लिए प्रेरक और ज्ञानवर्धक रहा। इसमें उन्हें समसामयिक प्रासंगिकता के महत्वपूर्ण विषयों के साथ संचार और विश्लेषणात्मक क्षमताओं को विकसित करने का अवसर मिला।

## जवाहर नवोदय विद्यालय करीरा में हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना महेन्द्रगढ़ ।**
**जवाहर नवोदय** विद्यालय करीरा में हिन्दी दिवस के अवसर पर प्राचार्य राजीव कुमार सक्सेना ने आज 14 से 29 सितंबर तक मनाए जा रहे हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ किया। प्राचार्य राजीव कुमार सक्सेना ने हिंदी की महत्वता के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा अध्यापकों एवं विद्यार्थियों को हिन्दी दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस मौके पर हिन्दी प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें



विद्यार्थियों के 4 सदनों शिवालिक, उदयगिरी, अरावली एवं नीलगिरी से प्रत्येक टीम में 4 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें कुल 8 दौर हुए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता हिन्दी विभाग की अध्यक्षा सुदेश कुमारी एवं सहायक अध्यापक विक्रम सिंह के द्वारा किया गया। प्राचार्य एवं उप-प्राचार्य ने सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए।

## नव ज्योति शिक्षा सदन मे हवन यज्ञ व प्रतियोगिताओं का आयोजन



**गन्नौर। हिंदी** दिवस के अवसर पर नव ज्योति शिक्षा सदन में बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिता के साथ-साथ हवन यज्ञ करके हिंदी दिवस मनाया गया। स्कूल निदेशक राजेन्द्र कौशिक ने विद्यार्थियों को उत्साहित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रधानाचार्या हीनू शर्मा ने सम्मानित किया गया।

## लेफ्टिनेंट नताशा पांचाल पासिंग आउट परेड के बाद सेना के आर्टेलरी विभाग में सेवाएं देंगी



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**गांधी** नगर की रहने वाली नताशा पांचाल पासिंग आउट परेड के बाद अब सेना के आर्टेलरी विभाग में लेफ्टिनेंट के पद को संभालेंगी। आफिसर ट्रेनिंग अकादमी चेन्नई से पासिंग आउट परेड के बाद उन्हें इस पद से नवाजा गया है। लेफ्टिनेंट बनकर घर आने पर नताशा पांचाल का उनके पिता राजबीर पांचाल, माता नीलम पांचाल व परिवार के सदस्यों के साथ आसपास के लोगों ने स्वागत किया।

गन्नौर आरपीएस स्कूल से 12वीं की परीक्षा पास करने के बाद नताशा पांचाल ने सेना में जाने की ठान ली थी। उन्हें सेना में जाने की प्रेरणा अपने बड़े भाई राहुल पांचाल से मिली थी। राहुल पांचाल भारतीय सेना में बतौर कैप्टन कार्यरत हैं। अपने बड़े भाई का मार्गदर्शन मिलने के बाद जेपी विश्वविद्यालय से एमएससी करते ही नताशा ने सीडीएस की परीक्षा पास की। इसके बाद नताशा ने आफिसर ट्रेनिंग अकादमी चेन्नई 11 महीने की कड़ी ट्रेनिंग ली। जहां उन्हें पासिंग आउट परेड में मेडल देकर सम्मानित किया गया। नताशा पांचाल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने भाई राहुल के साथ-साथ अपने पिता राजबीर पांचाल व माता नीलम पांचाल को दिया। उनके पिता टेहा के राजकीय स्कूल में प्राचार्य के पद पर कार्यरत हैं वहीं उनकी माता नीलम पांचाल भी बड़ी गांव के राजकीय स्कूल में अंग्रेजी पीजीटी अध्यापिका का संभाल रही हैं। नताशा का कहना है कि उनके माता-पिता से मिली परवरिश के चलते ही उन्हें यह सफलता मिल पाई है।

## 'चलते-फिरते पासपोर्ट कार्यालय में भी बनवा सकेंगे पासपोर्ट'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**रीजनल पास**पोर्ट आफिसर प्रियंका मेहतानी ने कहा कि पासपोर्ट एक आधिकारिक दस्तावेज होता है। देश से बाहर जाने के लिए सबसे जरूरी चीज पासपोर्ट ही होती है। पासपोर्ट आपकी राष्ट्रीयता की पुष्टि करता है। यह दस्तावेज बताता है कि आप किस देश के नागरिक हैं। अगर अब तक आपने अपना पार्सपोर्ट नहीं बनवाया है तो घबराइए नहीं। पासपोर्ट बनवाना बेहद आसान होता जा रहा है। करनाल के लोगों के लिए खुशी और गर्व की बात है।

रीजनल पासपोर्ट आफिसर प्रियंका मेहतानी आज यहां पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने बताया कि भारतीय विदेश मंत्रालय ने चंडीगढ़ (संबद्धता करनाल) में पासपोर्ट बनाने के लिए वीरवार से देश की पहली पासपोर्ट सेवा सर्विस एक्सीलेंस वैन की शुरूआत की है। अब आवेदक को कार्यालय आने की जरुरत नहीं पड़ेगी। यह अत्याधुनिक वैन चलता फिरता पासपोर्ट कार्यालय है। फिलहाल इस योजना को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर चंडीगढ़ में वीरवार से शुरू किया गया है। ये अत्याधुनिक 4 वैन चंडीगढ़ के सेक्टर-34 कार्यालय पहुंच चुकी है। खुशी की बात यह है कि पहले दिन ही 80 अभ्यर्थियों ने आवेदन भी कर दिया है।

**करनाल डाकघर में बनते हैं पासपोर्टः** प्रियंका मेहतानी ने बताया कि करनाल के लोग पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र करनाल के साथ-साथ चंडीगढ़ में भी पासपोर्ट के लिए अप्लाई करते हैं।करनाल में वेटिंग लिस्ट कई माह की है। इससे बचने के लिए यहां के निवासी चंडीगढ़ में वैन से जल्दी की डेट ले सकते हैं।

**अधिकतम 7 दिन की वेटिंग**

उन्होंने बताया कि पासपोर्ट बनवाने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए खुशी की बात यह है कि उन्हें फिंगर प्रिंट व फोटो खिंचवाने के लिए महीनों इंतजार नहीं करना पड़ेगा। रजिस्ट्रेशन के मात्र 7 दिन के अंदर आवेदक की सभी औपचारिकता पूरी हो जाएंगी।

**ऐसे करें आवेदनः**

रीजनल पासपोर्ट आफिसर ने बताया आवेदक को (पासपोर्टइंडिया.जीओवी.इन) वेबसाइट पर लॉगिन करना है। साईट ओपन होने के बाद आवेदन करने की कई प्रक्रियाओं में से वैन का चुनाव करना है। डिटेल भरते ही फिंगर प्रिंट व फोटो के लिए डेट निर्धारित हो जाएगी।

## प्राचार्या पर लगे मनमानी व दुर्व्यवहार करने के आरोप, जांच करने पहुंची तीन सदस्यीय कमेटी

### पबनेरा राजकीय स्कूल की प्राचार्या के खिलाफ ग्रामीणों ने सीएम विंडो पर दर्ज करवाई थी शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**पबनेरा गांव** के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या की मनमानी के खिलाफ ग्रामीणों द्वारा सीएम विंडो लगाई गई थी। शिकायत में स्कूल की प्राचार्या सरोज मेहरा स्कूल में मनमानी करने व ग्रामीणों के साथ उचित व्यवहार ने करने के साथ ही स्कूल में स्वतंत्रता दिवस तक न मनाए जाने के आरोप लगाए हैं। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए जिला शिक्षा अधिकारियों ने जांच के लिए तीन सदस्यों की कमेटी का गठन किया। जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी खरखौदा सुजाता खत्री, बीआरसी गन्नौर आजाद सिंह दहिया व



बीआरसी खरखौदा इंदुबाला को शामिल किया गया था। बृहस्पतिवार को कमेटी के सदस्य पबनेरा के राजकीय स्कूल में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को भी स्कूल में बुला कर उनसे बातचीत की। उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया कि प्राचार्या ने 15 अगस्त को स्कूल में स्वतंत्रता दिवस भी नहीं मनाया। जिसके चलते ग्राम पंचायत ने एकत्रित हुए तब जा कर प्राचार्या ने निर्धारित समय से काफी देर बाद 9 बजकर 46 मिनट पर तिरंगा फहराया और बच्चों को मार्गदर्शन करने की बजाय सीधे में अपने कार्यालय में चली गई। इस बारे में प्रधानाचार्या से बात करनी चाही तो सम्पर्क नही हो पाया।

ग्रामीणों ने कमेटी के सदस्यों को बताया कि स्कूल में ग्राम पंचायत की तरफ से कंप्यूटर लैब का निर्माण करवाया गया था, लेकिन स्कूल में कंप्यूटर की कक्षाएं नहीं लगती। उन्होंने कमेटी से स्कूल में अभी तक कितनी लगी कंप्यूटर लैब लगी हैं इसकी भी जांच करने की मांग की। साथ ही स्कूल में शौचालयों, पेयजल व सफाई व्यवस्था की दुर्दशा के बारे में कमेटी को अवगत करवाया।

**जांच रिपोर्ट कल सौपेगी कमेटी : दहिया**

कमेटी के सदस्य बीआरसी गन्नौर आजाद सिंह दहिया ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश पर तीन सदस्यों की कमेटी पबनेरा के राजकीय स्कूल में पहुंची थी। कमेटी द्वारा ग्रामीणों व प्राचार्या का पक्ष लिया गया है। कमेटी शुक्रवार तक जांच रिपोर्ट तैयार कर उसे जिला शिक्षा अधिकारी को आगामी कार्रवाई के लिए सौंप देगी।

## संपादकीय

# नशे के कारोबार पर लगाम लगाने की जरूरत

**दिल्ली** में तेजी से फैलता नशे का कारोबार चिंता का विषय बन गया है। राजधानी में विभिन्न किस्म के मादक पदार्थों की तस्करी अब प्रत्येक गली-मोहल्लों में होने लगी है। एनसीआर क्षेत्र में भी नशे का कारोबार इस कदर फैल चुका है, जिसे रोकने में पुलिस-प्रशासन के हाथ-पांव फूल रहे हैं। बीते शनिवार को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने तस्करों से करीब 90 किलो अफीम पकड़ी, जो दूसरे प्रदेशों से लाई गई थी। दिल्ली में मादक पदार्थों की सप्लाई सबसे ज्यादा कहां-कहां होती है और उसके शौकीन कौन-कौन हैं? दरअसल ये एक ऐसा सवाल है जिसका उत्तर अगर सच्चाई से पुलिस-प्रशासन सार्वजनिक कर दे तो भूचाल आ जाएगा। हम सोच भी नहीं सकते कि इस जंजाल में कौन-कौन और कैसे-कैसे व्यक्ति शामिल हैं। हालांकि, इतना तो सभी जानते हैं कि किस्म-किस्म के महंगे मादक पदार्थों का सेवन कोई आम इंसान तो करेगा नहीं। इसके लिए मोटी रकम चुकानी पड़ती है इसलिए कोकीन, अफीम जैसे उच्च कोटि के नशीले पदार्थ के खरीदार भी बड़े लोग ही होते हैं। देखिए, दिल्ली एक ऐसी जगह है, जहां सरकार से लेकर ब्यूरोक्रेट लॉबी, बड़े उद्योगपति व विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रमुख नेताओं का जमावड़ा रहता है। इनके रहन-सहन, जीने के तौर-तरीके से सभी वाकिफ ही हैं। फिलहाल, इस सामाजिक बुराई की आंच इन लोगों तक नहीं पहुंचती। दिल्ली को ड्रग्स के जंजाल से कैसे निकाला जाए? इसकी चिंता शायद किसी को है नहीं। निकालना कोई इसलिए भी नहीं चाहता, क्योंकि ड्रग्स के काले धंधे में एक ऐसा वर्ग शामिल है जिसके के लिए ये कारोबार मुनाफे का बड़ा जरिया बना हुआ है। उन्हीं को देखकर आज के नासमझ युवा मादक पदार्थ का सेवन करने लगे हैं, वो इसे स्टेटस सिंबल समझने लगे हैं। इसकी गिरफ्त में बहुत कम या ज्यादा समूचे देश का युवा फंसा है। इसकी पहुंच स्कूल-कॉलेजों में हो गई है। अभी कुछ माह पहले ही दिल्ली के एक नामी स्कूल में छात्र के पास से कोकीन बरामद हुई थी। छात्र बड़े ओहदेदार का पुत्र था। अंदाजा लगा सकते हैं कि ऐसी चीजें उनके घर में खुलेआम आती-जाती होंगी, तभी उसे देखकर बच्चा प्रभावित हुआ। मामले को स्कूल प्रशासन ने दबा दिया, ताकि पहचान उजागर न हो। मादक पदार्थ कारोबार में शामिल बड़े लोगों की पहचान कभी सार्वजनिक नहीं की जाती। ये दोहरा मापदंड क्यों अपनाया जाता है, इसके पीछे की वजह को भी सभी जानते हैं। राजधानी में ड्रग्स कई रास्तों से होकर पहुंच रही है क्योंकि सीमाएं विभिन्न राज्यों से जुड़ती हैं। ड्रग्स डीलर्स विभिन्न प्रदेशों से चरस, गांजा कोकीन, अफीम दिल्ली तक पहुंचाते हैं। उसके बाद दिल्ली में अपने हिसाब से आगे सप्लाई करते हैं। नॉर्थ ईस्ट के तस्कर दिल्ली में मादक पदार्थ कोरियर के जरिए भिजवाते हैं। नारकोटिक्स विभाग की मानें तो राजधानी में बीते 3 साल में ड्रग्स के डाटा चौंकाने वाले रहे। साल 2020 में 886 किलोग्राम गांजा, 28 किलोग्राम हेरोइन, 14 किलोग्राम कोकेन जबकि 16 किलो अफीम बरामद हुई थी। जबकि, इस साल ये डाटा सिर्फ 4 महीने में उससे कई गुना ज्यादा हुआ। अभी तक 4396 किलो अफीम बरामद हो चुकी है। बीते पांच-छह साल से ड्रग्स का धंधा धड़ल्ले से शाम के वक्त पॉश इलाकों में चलता है। दिल्ली में सफेदपोश या बड़े लोगों के घरों में पार्टी-फंक्शन हो और उसमें ड्रग्स का वितरण ना किया जाए, ऐसा हो नहीं सकता।

# मोदी सरकार अब चीन के प्रति आक्रामक नीति अपना रही

**सुनील कुमार महला**

> 13 हजार फुट की ऊंचाई वाला न्योमा बेल्ट 1962 में चीन के साथ युद्ध के बाद बंद था, लेकिन 2010 में यह फिर शुरू हुआ। यह वास्तविक नियंत्रण रेखा का सबसे नजदीकी एयरबेस है और चीन से इसकी दूरी महज 50 किलोमीटर है। भारत को पता है कि चीन अपनी कारस्तानी से बाज नहीं आएगा और न्योमा किसी भी गतिरोध की स्थिति में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है, इसलिए वह तेजी से इसका विकास कर रहा है

**केंद्रीय** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल में अरुणाचल प्रदेश में 36 सड़क और पुल परियोजनाओं का ऑनलाइन उद्घाटन किया है । इन परियोजनाओं में तवांग को असम के बालीपारा से जोड़ने वाली, सामरिक रूप से अहम नेचिफू सुरंग भी शामिल है। रक्षा मंत्री ने जम्मू से ऑनलाइन माध्यम से देश भर में कुल 90 प्रमुख सीमा बुनियादी ढांचा परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की। चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास सड़क संगठन (बीआरओ) की यह परियोजनाएं 2,941 करोड़ रुपये की लागत की हैं।बीआरओ के बताते है कि राजनाथ सिंह ने देश भर में 22 सड़कों, 63 पुलों, नेचिफू सुरंग, दो हवाई पट्टियों और दो हेलीपैड का ऑनलाइन उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री पेमा खांडू और पुलिस महानिदेशक आनंद मोहन ने पश्चिम कामेंग जिले के सेसा से इस कार्यक्रम को देखा। अधिकारियों ने कहा कि पश्चिम कामेंग जिले में बालीपारा-चारदुआर-तवांग रोड़ पर 5,700 फुट की ऊंचाई पर स्थित नेचिफू सुरंग अद्वितीय डी-आकार की सिंगल-ट्यूब डबल-लेन सुरंग है, जो तवांग क्षेत्र को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। यह प्रोजेक्ट वास्तुशिल्प की उत्कृष्ट कृति, रणनीतिक रूप से स्थित सुरंग सैनिकों के साथ-साथ आम लोगों की आवाजाही सुगम बनाएगी। इस सुरंग से दूरी पांच किलोमीटर कम हो जाएगी और घने कोहरे वाले इलाकों में भी यात्रा में सहूलियत होगी। ज्ञात हो कि बीआरओ ने हाल ही में एलएसी के पास अरुणाचल प्रदेश में 678 करोड़ रुपये की लागत से आठ सड़कों का निर्माण पूरा किया है। बताया जाता है कि अरुणाचल प्रदेश में जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया उनमें आठ सड़क परियोजनाएं और 20 पुल शामिल हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने हिंदू धार्मिक ग्रंथों का हवाला देते हुए कहा था हमें अपनी सीमाओं की सुरक्षा के लिए मिलकर काम करना होगा। जब देश की सुरक्षा की बात आती है तो सभी राजनीतिक दल एकजुट होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।रक्षामंत्री के कथन के अनुसार 'बीआरओ के साथ मिलकर, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि देश सुरक्षित रहे और सीमावर्ती क्षेत्रों का विकास हो। यही नहीं रक्षा मंत्री ने पूर्वी लद्दाख में न्योमा एयरफील्ड की आधारशिला भी रखी। उन्होंने कहा, '200 करोड़ रुपये की लागत से विकसित होने वाला यह हवाई क्षेत्र, लद्दाख में हवाई बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देगा और उत्तरी सीमा पर भारतीय वायुसेना की क्षमता को बढ़ाएगा जो सशस्त्र बलों के लिए गेम-चेंजर होगा। जानकार लोगों का कहना है कि भारत ने चीन के विस्तारवादी और उपनिवेशवादी इरादों को देखते हुए उसकी बढ़त को काउंटर करने के लिए उससे लगी सीमाओं पर इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण तेज कर दिया है। सीमावर्ती क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में सुधार और वहां रहनेवाले लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए रक्षा मंत्री ने 90 नई परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं। इनमें से 26 परियोजनाएं लद्दाख में और 36 अरुणाचल में हैं और इनकी कुल लागत लगभग 6,000 करोड़ रुपये होगी। इसमें 22 सड़कें, 63 पुल और अरुणाचल प्रदेश में एक सुरंग भी शामिल है। इससे पता चलता है कि भारत चीन की तरफ से पेश की जा रही चुनौती को पूरी गंभीरता से ले रहा है और उसके अनुरूप अपनी तैयारी कर रहा है। इसी के साथ न्योमा एयरफील्ड पर भी काम शुरू हुआ, जो लद्दाख में अग्रिम चौकियों पर तैनात सैनिकों के लिए स्टेजिंग ग्राउंड होगा। यह दुनिया के सर्वाधिक ऊंचे हवाई क्षेत्रों में है। रक्षामंत्री ने जानकारी दी कि बीआरओ ने पिछले 900 दिनों में लगभग 100 इंफ्रा-प्रोजेक्ट्स देश को समर्पित किए हैं। हममें से अधिकांश भारतीयों को 2020 में चीन के साथ गलवान घाटी में हुआ गतिरोध याद ही होगा। उस समय हमने चीन को पीटने में सफलता इसीलिए पाई क्योंकि यह सैनिकों और रसद की आवाजाही के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हुआ। फिलहाल यह एएलजी या उन्नत लैंडिंग ग्राउंड है और इसका रनवे मिट्टी से बना हुआ है, यानी मतलब यह कि इस पर केवल विशेष मालवाहक विमान या हेलिकॉप्टर ही उतारे जा सकते हैं। फिलहाल इस पर चिनूक हेलिकॉप्टर और सी-130 जे विमान उतारे जा रहे हैं। 218 करोड़ रुपए की लागत वाला नया रनवे जब बनकर तैयार हो जाएगा, तो बड़े-बड़े परिवहन और मालवाहक विमान भी न्योमा से ही संचालित हो सकेंगे। इससे भारतीय सेना को बड़ा रणनीतिक लाभ होगा और उनका मनोबल भी बढ़ेगा। इस साल के अंत तक ही इसके तैयार हो जाने की उम्मीद है। 13 हजार फुट की ऊंचाई वाला न्योमा बेल्ट 1962 में चीन के साथ युद्ध के बाद बंद था, लेकिन 2010 में यह फिर शुरू हुआ। यह वास्तविक नियंत्रण रेखा का सबसे नजदीकी एयरबेस है और चीन से इसकी दूरी महज 50 किलोमीटर है। भारत को पता है कि चीन अपनी कारस्तानी से बाज नहीं आएगा और न्योमा किसी भी गतिरोध की स्थिति में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है, इसलिए वह तेजी से इसका विकास कर रहा है। इतनी ऊंचाई पर होने के कारण यहां से ही सीमा पार चीन क्या कर रहा है, उस पर भी नजर रखी जा सकती है। इससे लद्दाख में इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूती और नया आयाम मिलेगा। भारतीय एयरफोर्स की भी क्षमता बढ़ेगी।



गौरतलब है कि हमारा देश लगातार अपने सीमावर्ती इलाकों में इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास कर रहा है। ऐसे में यह दूर की कौड़ी नहीं लगती कि आनेवाले दो-तीन वर्षों में भारत अगर चीन को पछाड़ेगा नहीं, तो इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में उसके बराबर सीमाई इलाकों में तो आ ही जाएगा। चीन की हरकतों को देखते हुए खास तौर से उससे लगी हुई सीमा में, सीमावर्ती इलाकों में भारत इंफ्रास्ट्रक्चर दिन दूनी, रात चौगुनी रफ्तार से बढ़ा और विकसित कर रहा है। न्योमा एयरपोर्ट चीन की नजरों से दूर, लेकिन दुनिया का सबसे ऊंचा हवाई क्षेत्र भी होगा। चीन से सटे होने की वजह से इस एयरबेस का रणनीतिक, सामरिक और राजनीतिक महत्व भी है। 12 सितंबर को रक्षामंत्री ने जिन 90 परियोजनाओं की शुरूआत की है, उसमें बागडोगरा और बैरकपुर जैसे दो रणनीतिक तौर पर महत्वपूर्ण हवाई क्षेत्र भी हैं, इसके अलावा लद्दाख मे एक हैलीपैड ससोमा-सासेर ला के बीच और एक हेलीपैड राजस्थान में भी बनेगी। इसके साथ ही दुनिया की सबसे लंबी दो लेन वाली सेला सुरंग भी अगले महीने तक पूरी हो जाएगी। अरुणाचल के पश्चिम कामेंग जिले की यह सुरंग तवागे को हरेक मौसम में कनेक्टिविटी देगी।जांस्कर और लाहौल स्पीति को जोड़नेवाली यह सुरंग लगभग 16 हजार की फीट पर होगी और यह दुनिया की सबसे ऊंची सुरंग होगी। फिलहाल, केंद्र सरकार एलएसी यानी वास्तविक नियंत्रण रेखा के लगभग 3500 किलोमीटर के इलाके को विकसित करने के लिए बेहद तेजी से काम कर रही है। पिछले दो-तीन साल में ही लगभग 300 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, जिनकी लागत 11 हजार करोड़ रुपए की है। केंद्र सरकार एलएसी के 3,488 किमी। इलाके को विकसित करने के लिए तेजी से काम कर रही है। पिछले 2-3 वर्षों में 11,000 करोड़ रुपये की 295 परियोजनाएं पूरी की गई हैं। इनके माध्यम से हम लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। पहले हम एलएसी के इतने करीब नहीं थे, लेकिन पिछले तीन वर्षों में हम अपनी गति बढ़ा रहे हैं। इससे हमें अधिकांश अग्रिम चौकियों के आखिरी छोर तक कनेक्टिविटी मिलेगी और चीन हो या पाकिस्तान, उनके दुस्साहस को मुंहतोड़ जवाब भी हम दे सकेंगे।

## कविता

### एक शख्स की तलाश में था

वफा की खातिर एक शख्स की तलाश में था वो,
मुझे देख हमेशा बगले झांकता था वो,

चंद टुकड़ों के लिए बना बड़ा शातिर,
अपने को हमेशा संत दिखाता था वो,

खुद की शक्ल में दूसरा आदमी था वो,
अपने को मासूम सदैव दिखाता था वो,

पल में माशा पल में तोला ऐसा क्यो,
बड़ी मछली बन छोटी को निगलता था वो,

खुद की बेटी बेटी है दूसरों की पराई नार,
पितामह बन दूसरों की बेटियों पर बुरी नजर रखता था वो,

आदमी ऊपर से दिखता तो शरीफ था
शराफत का चोंगा पहनकर घूमता था वो।

इंसानियत का बड़ा दुश्मन दिखाई देता था,
आम लोगों को भी बहुत देर से समझ आता था वो।

ईश्वर की लाठी में आवाज नहीं होती,
ईश्वर के हाथों ही बुरी गति को प्राप्त होता था वो

संजीव

## हिंदी देश के स्वाभिमान की भाषा

**संजीव ठाकुर**

देश की स्वतंत्रता के 75 साल गुजर जाने के बाद भी हिंदी भाषा को अभी तक राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं दिया गया है। पर यह सत्य है कि हिंदी को राष्ट्रभाषा होने का स्वमेव गौरव प्राप्त है वैश्विक स्तर पर हिंदी का परचम लहरा रहा है और हिंदी को किसी मान्यता प्राप्त होने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है किंतु औपचारिक रूप से सरकार को चाहिए हिंदी को राष्ट्रभाषा का उसका अपना गौरव प्रदान करें। राष्ट्रभाषा बनने के साथ-साथ इतनी समृद्ध शाली, ऐतिहासिक हिंदी भाषा को कम से कम देश के हर प्रांत को एकता के सूत्र में बांधने वाली जन भाषा होनी ही चाहिए। अलग-अलग प्रदेशों कि स्थानीय मूल बोलियों, भाषाओं का हम कतई विरोध नहीं करते पर हिंदी को भारत में कम से कम सर्वोच्च सम्मान देकर राष्ट्रभाषा होने का गौरव हासिल होना ही चाहिए साथ ही स्थानीय भाषाओं से ऊपर हिंदी को जन भाषा का यथोचित सम्मान प्राप्त होना हो। यह अलग बात है कि भारत देश में अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग भाषाएं बोली जाती है और स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने 22 भाषाओं को संवैधानिक रूप से मान्यता प्रदान की है, पर हमारी हिंदी सर्वाधिक बोली जाने वाली तथा लिखी जाने वाली भाषा है। देश में हिंदी बोलने तथा पढ़ने वालों की संख्या लगभग 65 से 70 करोड़ है, यह भाषा की बहुलता ,विविधता ही है जिसके कारण भाषाई विवाद की स्थिति उभरी है, और सर्वाधिक नुकसान हिंदी को उठाना पड़ा है। वर्ष 2008 में विश्व हिंदी सम्मेलन न्यूयॉर्क (अमेरिका) में भारतीय साहित्यकारों, कवियों को चिंतकों ,प्रोफेसर, चिंतकों, पत्रकारों ने बड़े जोर शोर से संयुक्त राष्ट्र संघ की अधिकारिक भाषा बनाने हेतु मान्यता देने के लिए पुरजोर कोशिश की थी। कोशिश तो हमेशा ही की जानी चाहिए और यह बड़ी ही सार्थक पहल भी थी, पर इसके पूर्व भारत के हिंदी साहित्य के विद्वानों को हिंदी को पहले अपने देश में राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलवाने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। भारतेंदु हरिश्चंद्र जी ने भी कहा है, निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति के मूल।
बिनु निज भाषा ज्ञान के मिटत ना हिय को शूल। देश में भाषाई विविधता के कारण हिंदी को सर्वाधिक नुकसान उठाना पड़ा है ।इसके अलावा कुछ स्वार्थी राजनीतिक के लोग नहीं चाहते कि हिंदी को सर्वोच्च सम्मान मिले और इसके लिए विभिन्न प्रकार के विरोध एवं आंदोलन भी करते रहे हैं, इसके अलावा लोगों को उकसा कर जन आंदोलन का रूप भी देने का प्रयास करते रहे हैं जो अत्यंत निंदनीय है। देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में यह महसूस किया था कि हिंदी दक्षिण भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर सबसे ज्यादा लोगों की संपर्क भाषा थी।

## विचार

## भारत अमेरिका के दिल मिले-अतिरिक्त सीमा शुल्क घटाने पर सहमति बनी

**किशन भावनानी गोंदिया**

**वैश्विक** स्तरपर जी-20 शिखर सम्मेलन 2023 के बाद यह जग जाहिर हो गया है, कि भारत अमेरिका दोनों वैश्विक महाशक्तियों की जोड़ी के रूप में बनकर उभर रहा है जिसको रेखांकित करना जरूरी है। इसकी नीव हमारे पीएम के अमेरिका दौरे में ही पड़ गई थी, क्योंकि जिस तरह से आधिकारिक सम्मान हमें मिला उसे पूरी दुनियां ने रेखांकित किया। जवाबी मेजबानी में जब भारत ने सभी देशों सहित अमेरिका को अतिथि देवो भवः का अपनी पारंपरिक पीढ़ीयों की प्रथाओं से नवाजा तो, पूरे लाव लश्कर सहित आए अमेरिकी राष्ट्रपति गदगद हो उठे। इसी का नतीजा है कि उन्होंने जी20 के नेतृत्व की तारीफ की और यहां से वियतनाम जाने के बाद वहां भी भारत की तारीफ में कसीदे पड़े और हर इवेंट की तारीफ भी की तो, यहां से संदेश पूरी दुनियां में गया कि भारत अमेरिका के दिल मिल गए हैं। उसपर भी सोने पर सुहागा इंडिया मिडल ईस्ट यूरोप इकोनामिक कॉरिडोर की नींव भी अमेरिका ने रख दी जिससे भारत के लिए अवसरों के दरवाजे खुल गए और विस्तारवादी देश को एक तीर से दो निशान लगे,पहला चीनी कॉरिडोर की कट मिल गई, दूसरा महाशक्तिशाली देश से दोस्ती और दिल मिलने की पक्की आहट से विस्तारवादी और आतंकवादी देश को बहुत बड़ा झटका लगा है। चूंकि भारत के महाशक्ति बनने की ओर कदम बढ़ गए हैं क्योंकि भारत और अमेरिका के दिल मिल गए हैं जिसपर जिसका रिजल्ट हमें देखने को मिल रहा है कि अमेरिका ने स्पात अल्युमिनियम के उत्पादों पर भारत के लिए अतिरिक्त सीमा शुल्क कम कर दिए हैं तो जवाब में भी दिलेरी दिखाकर भारत में भी सेब अखरोट और बादाम पर अतिरिक्त सीमा शुल्क को 20 प्रतिशत कम कर दिए हैं। जब सफलता से दोस्ती और दिल का परवाना चढ़ता है तो स्वाभाविक रूप से विपक्ष को भी बोलने का अवसर और शाब्दिक बाण चलाने का मौका मिल जाता है, इसलिए विपक्ष खासकर बड़ी पार्टी ने इस अतिरिक्त 20 प्रतिशत सीमा शुल्क कम करने की आलोचना कर कहा है कि इससे घरेलू किसानों को नुकसान होगा और बाहरी मुल्क को खुश करने और घरेलू घाटे को अंजाम दिया जा रहा है। जबकि केंद्रीय वाणिज्य मंत्री सहित सीमा शुल्क अधिकारियों ने कहा इससे कोई भी नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। चूंकि सीमा शुल्क घटाने का दौर शुरू हो गया है, तो दोस्ती से दिलों का परवाना भी खूब प्रगाड़या होकर रंग लाएगा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत अमेरिका का दिल मिलन- जब दिल मिलते हैं तो सीमा आयात सहित सभी बंधनों में ढील होना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है।
साथियों बात अगर हम सरकार द्वारा अमेरिका से आयातित सेब अखरोट बादाम पर सीमा शुल्क कम करने की करें तो, अमेरिका और भारत के बीच छह लंबित डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) विवादों को परस्पर सहमत समाधानों के माध्यम से हल करने के लिए जून 2023 में लिए गए निर्णय को ध्?यान में रखते हुए भारतने अधिसूचना संख्या 53/2023 (कस्टम) के जरिए सेब, अखरोट और बादाम सहित अमेरिकी मूल के आठ उत्पादों पर देय अतिरिक्त शुल्क को वापस ले लिया है। अमेरिका ने 2018 में इस्पात और एल्युमिनियम उत्पादों पर अतिरिक्त शुल्क लगाया था भारत ने 2019 में 28 अमेरिकी उत्पादों के आयात पर अतिरिक्त सीमा-शुल्क लगा दिया था। दोनों देशों के बीच अतिरिक्त शुल्क हटाने को लेकर सहमति बन गई है। वर्ष 2019 में अमेरिका के उत्पादों पर एमएफएन (सर्वाधिक पसंदीदा राष्ट्र) शुल्क के अलावा सेब एवं अखरोट में से प्रत्?येक पर 20 प्रतिशत और बादाम पर 20 रुपये प्रति किलोग्राम काअतिरिक्त शुल्क लगाया गया था, जो कि कुछ विशेष स्टील और अल्युमीनियम उत्पादों पर टैरिफ या शुल्क बढ़ाने के अमेरिकी सरकार के संरक्षणवादी उपाय के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के रूप में लगाया गया था।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

## ब्यूटीफुल स्किन के लिए घरेलू नुस्खे

**शहनाज हुसैन**

**चमकती औ**र निखरी त्वचा पाना हर महिला का सपना होता है / इसके लिए महिलायें महँगे ब्यूटी सलूनों से लेकर अनेक जतन करती हैं लेकिन इसके बाबजूद मनचाहे परिणाम न मिलने पर कई बार निराशा ही हाथ लगती है / आप इन घरेलू उपायों से घर बैठे मनचाही त्वचा प्राप्त कर सकती हैं /

1. एक-दो गेंदे के फूलों में दही, चंदन का पाउडर मिलाएं। चेहरे पर 20 मिनट लगा कर रखें। इससे चेहरे को ठंडक मिलेगी।
पिंपल्स और रैशेज दूर होंगे। यह एस्ट्रिंजेंट की तरह काम करेगा और चेहरे को ऑयल फ्री रखेगा। स्किन के पोर्स भी बंद होंगे। यह कॉम्बिनेशन स्किन के लिए असरदार है।
2. शहद और दही में कुछ बूँदे रेड वाइन की मिलाएं। इसे फेस पर लगा कर 20 मिनट तक के लिए छोड़ दें। सादे पाने से धो लें। यह स्किन को सॉफ्ट बनाएगा और उसे पूरी तरह मॉइश्चराइज भी करेगा। टैनिंग दूर होगी और त्वचा पर चमक लौट आएगी।
3. गुनगुने दूध में चोकर डाल कर रखें। नहाने से पहले चेहरे, गर्दन और पीठ पर लगाएं। सूखने पर चेहरा धो लें। रेगुलर लगाने पर कॉम्पलेक्शन अच्छा हो जाएगा।
4. ताजे और कच्चे एवोकैडो पल्प में एलोवेरा जैल मिला कर पैक बनाएं। चेहरे पर लगा कर 20 मिनट के लिए छोड़ दें।
एवोकैडो में 20 तरह के विटामिन व मिनरल और एंटी ऑक्सीडेंट होते हैं। इससे स्किन के एजिंग साइन भी दूर होने लगते हैं।
5. मुलतानी मिट्टी में कई मिनरल होते हैं। इसका मास्क लगाने से स्किन के ऑयल्स ग्लैंड्स कंट्रोल होते हैं। चेहरा रूखा और मुरझाया नहीं दिखता।
6. ऑयली स्किन के लिए 1 बड़ा चम्मच मूंग दाल को पानी में कुछ देर भिगो कर रखें और पेस्ट बनाएं। इसमें मैश किया टमाटर मिलाएं। चेहरे पर लगा कर इसे हल्के हाथ से चेहरे की मसाज करें। 20 मिनट के बाद चेहरा धो लें।
7. खीरा और पका हुआ पपीता मैश करें। इसे दही में मिलाएं। नीबू का रस डालें। चेहरे और गर्दन पर लगाएं। आधे घंटे बाद चेहरा धो लें। टैनिंग दूर होती है।

## पार्टी बदलना है...

**डॉ. सुरेश कुमार**

**कद्दावर** नेता अपने भूतपूर्व होने वाली पार्टी के मुखिया के सामने बैठे थे। उन्होंने अपना दुखड़ा सुनाना जारी रखा देखिए मैं इस पार्टी का पुराना चावल हूँ। आप जानते भी हैं कि मेरे विचार पार्टी के लिए कितने काम आए हैं। इतना ही नहीं मेरे विचार काफी कीमती भी रहे हैं। चूँकि अब पार्टी का दबदबा कम हो गया है और आने वाले चुनावों में जीतने के आसार कम हैं, इसलिए पार्टी बदलने के बारे में विचार कर रहा हूँ। अतः आप से निवेदन है कि आप मेरे इन विचारों को अपने पास गिरवी रख लें। इसके बदल में मुझे केवल इतना आश्वासन दें कि जब भी पार्टी की स्थिति सुधर जाए तो मुझे पुनः जोड़ लें। जोड़ते समय केवल इस बात का ध्यान रखें कि बिना किसी आनाकानी के मुझे जोड़ लें। अब जो सौहार्द भाव तब भी उसी तरह भाव बना रहे। मेरे विचारों आपकी छाप है, पार्टी अध्यक्ष के हस्ताक्षर भी इसमें हैं। किसी समय पार्टी में इनकी बड़ी कद्र थी। ये अभी भी अच्छी हालत में हैं, इसलिए मेरे लड़के को ये विचार देकर खुद दूसरी पार्टी में जाना चाहता हूँ। इससे लाभ यह होगा कि लड़का हार भी जाए तो मैं सत्ता वाली पार्टी में बना रहूँगा और यदि मैं हार गया तो बेटा सत्ता वाली पार्टी में बना रहेगा। इससे सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि हम दोनों कहीं भी रहें हमारा लाभ बना रहेगा। विचार भी जीवंत रहेंगे। ये विचार तो हमारे ही हैं, आपके कैसे हुए? गंभीर हो चुके मुखिया ने पूछा। ऐसा है कि पार्टी की स्थापना के समय में, मेरा मतलब है कि आरंभिक समय में मेरे बाऊजी बड़े इसी पार्टी के कार्यालय में बैठकर गप्प हाँका करते थे। उनकी गप्प ही आगे चलकर पार्टी की विचारधारा बनी। वहीं से वे विचार मुझ तक आए।
इन्हें मैंने आगे चलकर लिख लिया। कभी बिखर न जाएँ इसके लिए अलमारी में संभालकर रख दिया। किंतु नई पार्टी में ज्वाइन करने में ये विचार अड़चन बन रहे हैं। अब यह मेरे किसी काम के नहीं हैं इसलिए ......। कद्दावर नेता ने अपनी सफाई दी। ठीक है..., अब आप अपने विचार अपने बेटे को देकर उसे हमारी पार्टी में ज्वाइन कराना चाहते हैं।

# 'पंच प्रण के संकल्प के साथ पवित्र भाव से जुड़ रहे लोग'

## कोई तुलसी की जड़ की मिट्टी, कोई शिवालय से मिट्टी कर रहा अर्पित

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। करनाल जिला** में मेरी माटी मेरा देश अभियान पूरे जोर-शोर से चल रहा है और गांव-गांव जाकर माटी को नमन व वीरों का वंदन करने का कार्य निरंतर जारी है। पंच प्रण के संकल्प के साथ लोग बहुत पवित्र भाव से अपनी भावनाएं इस अभियान के साथ जोड़ रहे हैं। कोई तुलसी की जड़ की मिट्टी दे रहा, तो कोई केले की जड़ से, कोई अपने देवालय से, कोई शिवालय से, कोई रसोई की मिट्टी दे रहा है। सच में गांव के लोगों के अंदर देश प्रेम की भावनाएं बहुत प्रबल है। वीरवार को अभियान के तहत करीब एक दर्जन गांवों में नेहरू युवा केन्द्र के वॉलिंटियर्स ने अभियान को



गति प्रदान करते हुए घर-घर जाकर कलश में मिट्टी एकत्रित की और आमजन को अभियान के बारे में जागरूक किया। इस दौरान जिला के गांव सिंघडा, सिरसी, बडौता, बहलोलपुर, ईसलाम नगर सहित कई अन्य गांवों में अभियान चलाकर कार्यक्रम की जानकारी दी गई। यह जानकारी जिला युवा अधिकारी रेनू सिलग ने दी। जिला युवा अधिकारी रेनू सिलग ने कहा कि हमारी मिट्टी शहीदों और वीरों की गाथाओं से भरी हुई है। न जाने कितने ही वीरों ने बिना किसी स्वार्थ के इसके लिए अपने प्राणों की आहूति दी है। इन्हीं वीर-शहीदों की शौर्य गाथा को याद करते हुए यह अभियान चलाया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में यह अभियान नेहरू युवा केन्द्र के वॉलिंटियर्स के माध्यम से चलाया जा रहा है। गांव के लोगों में भी अभियान को लेकर काफी उत्साह है। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार के अभियान से बच्चों का ज्ञानवर्धन होता है और उन्हें वीर शहीदों के बलिदान बारे पता चलता है। गांव के पूर्व सैनिक व सैनिक परिवार भी अभियान में बढ-चढकर सहयोग कर रहे है। अभियान के बारे बताते हुए एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान की श्रृंखला में 1 सितम्बर से 30 अक्तूबर तक जिला में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मेरी माटी मेरा देश अभियान वास्तव में देश की स्वतंत्रता और प्रगति की यात्रा का स्मरण कराते हुए, भारत की मिट्टी और शौर्य के एकीकरण को दशार्ता है। यह कार्यक्रम अपनी मिट्टी से जुडने, अपने नायकों का सम्मान करने और इस तरह अपने मन में राष्ट्रीय गौरव की भावना भरने का कार्यक्रम है, जो निश्चित रूप से भावी पीढियों को भारत की पोषित विरासत की रक्षा के लिए प्रेरित करेगा।

## न्यूज फ्लैश

### 'योग में है हर व्याधि का समाधान'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मेरा मिशन स्वस्थ** भारत के तहत योग गुरु दिनेश गुलाटी ने फव्वारा पार्क योग कक्षा में मौजूद साधकों को विभिन्न तरह के योगाभ्यास करवाए। दिनेश गुलाटी ने बताया कि योग में हर व्याधि का समाधान है। आज के आधुनिक और व्यस्त जीवन में योग एक आवश्यकता है। प्राणायाम से जहां एक ओर तनाव कम होता है, वहीं शरीर में प्राणवायु का प्रभावी सरकुलेशन होता है और रक्त का संचार शरीर में बढ़ता है। उन्होंने सभी सूक्ष्म व्यायाम, आसन और योग प्राणायाम का अभ्यास करवाया। दिनेश गुलाटी ने कहा कि केवल एक कपालभाति प्राणायाम करने से शरीर की बहुत सी बीमारियां दूर हो सकती हैं। नियमित रूप से इस प्राणायाम का अभ्यास करने से लीवर और किडनी सुचारू रूप से कार्य करते हैं और शरीर का मेटाबॉलिज्म अच्छा रहता है। सांस छोड? की प्रक्रिया से फेफड़े अच्छी तरह काम करते हैं और कब्ज गैस एसिडिटी और पेट से संबंधित समस्याएं दूर होती हैं। थायराइड, त्वचा की समस्याएं ,डायबिटीज, कैंसर, हीमोग्लोबिन का स्तर सामान्य करने जैसे सभी काम केवल एक कपालभाति प्राणायाम कर सकता है। योग कक्षा में शिक्षिका एनएफ चौधरी, रमा, बबल, पूजा, रजनी, मीनू, अंजलि, रीतू, सुरेंद्र भूटानी, जितेंद्र पाहुजा, अजय, मनीष आदि उपस्थित रहे।

### 14 अक्तूबर को करनाल में होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन: सीजेएम

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुश्री जसबीर कौर ने बताया कि आगामी 14 अक्तूबर को जिला कोर्ट कॉम्पलेक्स में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इस लोक अदालत की अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर करेंगे। सीजेएम सुश्री जसबीर कौर ने बताया कि इस लोक अदालत का आयोजन आम जनता से जुड़े पारिवारिक विवादों को कम समय में निपटाने के लिए किया जा रहा है, ताकि लोगों को कम से कम परेशानी हो। उन्होंने कहा कि इस लोक अदालत के दौरान पारिवारिक विवाद से संबंधित विवादों को सुना जाएगा।

**समय और पैसे दोनों की बचत**

सीजेएम ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मकसद ज्यादा से ज्यादा लोगों की न्याय दिलाने में मदद करना है। इससे समय व पैसे दोनों की बचत होती हैं। उन्होंने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। किसी भी आमजन का यदि कोई मामला लंबित है तो इस लोक अदालत में मामले की सुनवाई के लिए ला सकता है और निपटारा करवा सकता है। इस दौरान दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजनामे से सौहार्दपूर्ण माहौल में पक्षकारों की रजामंदी से मामले को निपटाया जाता है।

### नहर में डूबने से तीन छात्रों की मौत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। पिचोलिया नहर** के पास बाइक का संतुलन बिगड? से चार युवक नहर में गिर गए, जिसमें दो भाइयों सहित तीन की डूबने से मौत हो गई। जबकि एक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। चारों युवक कॉलेज के छात्र थे और वह करनाल से अपने घर लौट रहे थे, लेकिन जैसे ही वह गांव ऐचला के पास पहुंचे तो बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक नहर किनारे जा गिरी। जिसमें चारों युवक नहर में डूब गए। इस दौरान नहर से गुजर रहे एक राहगीर ने सभी को बचाने की कोशिश की, लेकिन एक युवक को ही वह सुरक्षित बाहर निकाल पाया।सभी दोस्तों ने एक दूसरे के हाथ पकड़ कर चेन बनाकर नहर से बाहर निकालने की कोशिश की। लेकिन एक के बाद एक युवक का हाथ एक दूसरे से छुटता गया और देखते ही देखते तीनों दोस्त नहर में डूब गए। लेकिन इस दौरान जो युवक नहर के किनारे पर था, उसे राहगीर ने सुरक्षित निकाल लिया। इस हादसे की जैसे ही ग्रामीणों को सूचना मिली तो पूरा ऐचला गांव, प्रशासनिक अधिकारी पुलिस व गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची। हादसा बुधवार रात करीब 8 बजे हुआ। इसके बाद पुलिस व गोताखोरों की टीम द्वारा सर्च अभियान चलाया गया। करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद तीनों मृतक छात्राओं के शव को नहर से बाहर निकाल लिया गया। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा। यहां पुलिस ने शवों का कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज से पोस्टमार्टम करवाकर उन्हें परिजनों को सौंप दिया। ग्रामीणों ने बताया कि रितेश दयाल सिंह कॉलेज का छात्र था। रितेश का एक बड़ा भाई है।

## पुलिस हिरासत से फरार आरोपी पर हरियाणा पुलिस ने किया 50 हजार का इनाम घोषित

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** हरियाणा पुलिस महानिदेशक द्वारा पुलिस हिरासत से फरार हुए आरोपी गुरलाल सिंह चहल पुत्र दलजीत सिंह डेरा बड़ागांव थाना कुंजपुरा पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है। इस संबंध में जो कोई व्यक्ति आरोपी गुरलाल के बारे में विश्वसनीय सूचना देगा। उस व्यक्ति को घोषित इनाम दिया जाएगा और उस व्यक्ति की पहचान भी गुप्त रखी जाएगी। उल्लेखनीय है कि थाना शहर करनाल में भारतीय दंड संहिता की धारा-406, 420 व 24 इमीग्रेशन एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में संलिप्त आरोपी गुरलाल सिंह चहल को शामिल जांच किया गया था। आरोपी से ठगी की रकम को बरामद करने के लिए एएसआई राधेश्याम पुलिस चौकी सदर बाजार की अध्यक्षता में टीम द्वारा आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया गया था और 3 दिन के पुलिस डिमांड पर लिया गया था। रिमांड के दौरान 23 जुलाई को सुबह के समय मामले में बरामदगी करने के लिए आरोपी गुरलाल को उसके ऑफिस जैन मार्केट रेलवे रोड पर लेकर जाया गया था।

## अमावस्या और पूर्णिमा तिथि को हवन करना बहुत ही लाभकारी

### श्री कृष्ण गऊशाला में किया गया हवन-यज्ञ

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। हर बार की** तरह आज श्री कृष्ण गऊशाला में अमावस्या के मौके पर हवन यज्ञ किया गया। श्री कृष्ण गऊशाला के प्रधान सुनील गुप्ता ने बताया कि हमारे सनातन धर्म में हवन का विशेष महत्व है और इसमें भी अमावस्या और पूर्णिमा तिथि को किसी देवस्थान पर हवन करना बहुत ही लाभकारी है। हवन करने से देवता, पितृ देवो की तृप्ति के साथ ही ग्रह दोष समाप्त हो आत्मिक शांति की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि हवन पूजन के करने से अग्नि, जल, वायु, आकाश, पृथ्वी पंच तत्वों की संतुष्टि होती है। भगवान विष्णु,



शिव, ब्रह्मा आदि त्रिलोकी शक्ति प्रसन्न होती है। अतः हम सबको हवन अवश्य करना चाहिए। उन्होंने जिला वासियो को श्री कृष्ण गऊशाला में हर अमावस्या व पूर्णिमा पर हवन-पूजन के इस विशेष आयोजन पर सादर आमंत्रित किया। गौशाला की पावन-पवित्र धरा पर प्रातः ठीक 8 बजे सहपरिवार हवन में शामिल होकर सभी देवताओं के साथ गौमाता के भी शुभ आशीर्वाद के पात्र बनें। आज के हवन यज्ञ में मुख्य रूप से यजमान नरसिंह गोयल, राजीव अमरनाथ गुप्ता, विनीत बंसल, देवेंद्र सिंगला रहे। हवन के पश्चात गौ पूजन व गौ भोग सेवा व भंडारे का भी आयोजन गऊशाल द्वारा किया गया। आज के हवन यज के मौके पर राम कुमार गुप्ता, अरुण गुप्ता, गोविंद गुप्ता, सुभाष गुप्ता, पुनीत मित्तल, नवदीप मित्तल, बलबीर लाठर, रामप्रताप मित्तल, रमेश गुप्ता, ईश्वर चन्द गुप्ता, सुभाष गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, दुलियाराम शर्मा, सत्यनारायण, कृष्ण सिंगला आदि गौशाला के सदस्य मौजूद रहे।

## पांच किलोग्राम चूरा पोस्त सहित आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। सीआईए स्टाफ** असंध की टीम द्वारा आरोपी शोभा सिंह पुत्र मुख्तयार सिंह वासी डेरा चकमुद्रिका थाना असंध को विश्वसनीय सूचना पर कस्बा जलमाना से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से काले रंग की पॉलिथीन में पांच किलोग्राम चूरा पोस्त बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ के दौरान पाया गया की आरोपी नशा बेचने और नशा करने का आदी है। आरोपी सात किलोग्राम चूरा पोस्त को खेड़ी सर्फअली से अनजान व्यक्ति से खरीदकर



लाया था जिसमे से 2 किलोग्राम चलते फिरते नशा करने वालों को बेच चुका था। आरोपी के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट का सन 2011 में एक मुकदमा दर्ज हो चुका है। आरोपी को आज न्यायालय में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जिससे आरोपी चूरा पोस्त खरीद कर लाया था, उसकी गिरफ्तारी के भी प्रयास जारी है।

## जेसीआई ने नगर खेड़ा कलंदरी गेट पर किया भंडारे का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। जेसीआई करनाल** द्वारा आज अपने जेसी वीक कार्यक्रम के तहत नगर खेड़ा कलन्दरी गेट पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जेसीआई करनाल प्रधान कमल गुप्ता ने बताया कि जेसी वीक के तहत आज संस्था के सभी सदस्यों ने नगर खेड़ा पर हवन एवं पूजा करके विशाल भण्डारे का आयोजन गया, जिसमें लगभग 3 हजार से अधिक लोगों के लिए खाने का प्रबंध किया गया। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सौरभ गुप्ता और विनोद गोयल उपस्थित रहे। भंडारे की व्यवस्था के लिए



परियोजना निदेशक प्रतीक गुप्ता, दिनेश गुप्ता, अमित गुप्ता रहे। मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कोपीडी मनोज गोयल एवं परवीन गुप्ता रहे। आज के भंडारे में पूरी आलू की सब्जी, कढ़ी चावल एवं देसी घी के हलवे का प्रसाद जन समाज के लिए था। विशाल भंडारे में सब भक्तों ने खूब आनंद से प्रसाद को ग्रहण किया। आज के भंडारे में मुख्य रूप से नरेश गुप्ता, बॉबी गोयल, विशाल जिंदल, अनुज गुप्ता, गौरव, अनुज बंसल, रोहित गर्ग, आशा गोयल, कविता गर्ग, सीमा गुप्ता, शैली, कविता गुप्ता, रीना, मंजू, दीक्षा, स्वाति गुप्ता, श्वेता गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## घुमंतु जाति के व्यक्तियों के लिए आयोजित किया गया शिविर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिला कल्याण अधिकारी कृष्णा भारद्वाज ने बताया कि अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा के मार्गदर्शन में वीरवार को विमुक्त घुमंतु जाति एवं समाज के सभी वर्गो के लिए घरौंडा खण्ड के गांव प्रेमनगर के प्राईमरी स्कूल में एक दिवसीय कैम्प का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि कैंप में जिला कल्याण विभाग, जिला समाज विभाग, महिला एवं बाल विकास, निर्वाचन विभाग, परिवार पहचान पत्र, डी.एम. सी.एस.सी., क्रिड विभाग ने भाग लिया, जिसमें उपस्थित लोगों को विभागों से संबंधित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

## आढ़ती पर यूपी के किसान की धान की लाखों की राशि अदा न किए जाने का मामला सामने आया

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

उत्तर प्रदेश के किसान के एक आढ़ती पर धान खरीद करने की एवज में लाखों रूपए की राशि की अदायगी न किए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले को लेकर यूंपी के किसानों के शिष्टमंडल ने करनाल के अर्जुन नगर स्थित दीनबंधू सर छोटूराम किसान भवन में पहुंच कर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के प्रदेशाध्यक्ष रतन मान से भेंट की है। किसानों ने लिखित शिकायत देकर आढ़ती से बेची गई धान की रकम की अदायगी करवाएं जाने की गुहार



लगाई है। मामला इंद्री नई अनाज मंडी के एक आढ़ती से जुड़ा हुआ है। शिष्टमंडल में राव इकबाल, विकाश शर्मा, शाहिद राणा, जब्बार राणा, मामर राणा के नाम शामिल है। इन किसानों ने बताया कि यूपी के कुंडा कलां गांव के किसान जबार ने वर्ष 2022 में करीब साढे चार लाख रूपए का धान इंद्री की नई अनाज मंडी की एक फर्म मैसर्ज खान एंड ब्रादर्श को बेचा था।

## जेसीआई सदस्यों ने श्रद्धानंद अनाथालय में बच्चों को खाना खिलाया

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। जेसीआई करनाल** सिटी द्वारा अपने छठे कार्यक्रम में श्रद्धानंद अनाथालय में बच्चों को स्वादिष्ट व्यंजन खिलाए गए। जेसीआई करनाल सिटी के प्रधान जेसी सुशील बिंदल ने बताया कि जेसी वीक पर हम सेवा करते हैं। इसी सेवा के कदम को आगे करते हुए आज हम सब अपने सदस्यों के साथ श्रद्धानंद अनाथालय में आएं है। आज के कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर नवनीत कुबा एवं तरुण कपूर रहे। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शशि भूषण गुप्ता समाजसेवी एवं वशिष्ठ अतिथि के रूप में सुशील जैन



रहे। सभी सदस्यों ने आज अनाथालय में सभी बच्चो के खाने पीने के लिए अच्छे-अच्छे व्यंजनों का प्रबंध करवाया। बच्चों के खाने के लिए गोलगप्पे, टिक्की, दही भल्ले, चाट एवं रात्रिभोज के खाने की व्यवस्था जेसीआई करनाल सिटी द्वारा आयोजित की गयी। शशि भूषण गुप्ता ने आज के इस प्रोजेक्ट के लिए संस्था के सदस्यों को बधाई दी कि बच्चों को खाना हर संस्था देती है, पर इस प्रकार के स्टॉल के माध्यम से अच्छे व्यंजनों से बच्चों ने भरपूर खाना खिलाकर बच्चों को एक आनंद की कामना मिले, ये ही हम सब का मकसद है। जेसीआई के सदस्यों ने बच्चो के साथ मिलकर समय बिताया। बच्चों ने नृत्य कर एवं गाना सुनाकर अपनी अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने मिलकर मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर वीक कोर्डिनेटर नरेश गुप्ता, अनूप भारद्वाज, जैड वीपी जतिन सिंगला, अभषेक जैन, रवनीत चावला, अंकुर गुप्ता, सुमित, नीरज, मनीष, सुरेश, सुजाता बिंदल, अलीशा जैन, मोना कूबा, मोनिका गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## सवा 3 करोड़ रुपये से सभी वार्डों में होंगे मरम्मत के कार्य: अभिषेक मीणा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मानसून सीजन** की समाप्ति के बाद नगर निगम की ओर से सभी 20 वार्डों में पैच वर्क, गलियों की रिपेयर, गढ्ढे भरने, नालियां रिपेयर, सीवरेज व मेनहोल के ढक्कन, नाला स्लैब, इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉग गलियों की रिलेयिंग, पानी निकासी व पार्कों की रिपेयर करने जैसे जन सुविधाओं की मरम्मत के कार्य करवाए जा रहे हैं। इन कार्यों पर अनुमानित 3 करोड़ 25 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि बारिश के दिनो में बिटुमिन युक्त सडकें क्षतिग्रस्त हो



जाती हैं। इसी प्रकार नालियां, सीवर लाईन व पानी निकासी की लाईने भी अवरूद्ध हो जाती हैं। अब मानसून सीजन समाप्त हो जाने के बाद शहर के सभी वार्डों में जन सुविधाओं की मरम्मत के उपरोक्त कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि वार्ड नम्बर 1, 3, 4, 5, 11, 12, 13, 14, 15, 17, 18 व वार्ड 19 में मरम्मत कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने बताया कि वार्ड नम्बर 6 का टैण्डर गुरूवार को खोला जा चुका है, जबकि वार्ड 2 व 7 का टैण्डर जल्द लगाया जाएगा। वार्ड 8 का वर्क ऑर्डर सम्बंधित एजेंसी को दिया जा चुका है, जबकि वार्ड 9 व 10 का कार्य अभी निविदा प्रक्रिया में हैं।

### जिला स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक में उमड़ा भारी जनसमूह

## अभय ने दिया कार्यकर्ताओं को आयोजित सम्मान दिवस रैली का निमंत्रण

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** ताऊ देवीलाल की जयंती पर 25 सितंबर को कैथल में होने वाली सम्मान दिवस रैली को लेकर जिला कार्यकताओं की बैठक बहादुरगढ़ में आयोजित हुई। बैठक में इनेलो प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कार्यकताओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में रैली में पहुंचने का निमंत्रण दिया। बैठक में पहुंचने पर चौ. अभय सिंह चौटाला का कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया।

बैठक में कार्यकताओं के भारी जनसमूह को देखकर अभय सिंह



चौटाला ने कहा कि जनता ने अब इनेलो को सत्ता में लाने का मन बना लिया है और आगामी चुनाव में जनता भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने का काम करेगी। क्योंकि आज भाजपा से गरीब, किसान, मजदूर व कमेरा वर्ग दुखी व परेशान है और प्रदेश के हालात बद से बदतर हो गए हैं। युवा बेरोजगार घूम रहे हैं। विकास के नाम पर केवल जनता को टूटी सड़कें, महंगाई व जाति धर्म के झगड़े को झेलना पड़ रहा है। आज हर वर्ग इनेलो की ओर आशा भरी नजरों से देख रहा है कि इनेलो सत्ता में आएगी और प्रदेश की जनता को सभी मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी और प्रदेश का चहुंमुखी विकास होगा। उन्होंने कहा कि आज भाजपा केवल जनता को लूटने का काम कर रही है और भ्रष्टाचार फैलाकर जनता के गाढ़े खून पसीने की कमाई को लूटा जा रहा है। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि ताऊ देवीलाल की जयंती पर आयोजित सम्मान दिवस रैली में इंडिया गठबंधन के 80 फीसदी दिग्गज नेता शामिल होंगे, जिसके बाद भाजपा को सत्ता से खदेड? का काम किया जाएगा। इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी ने कहा कि सम्मान दिवस रैली में झज्जर जिले से हजारों की संख्या में कार्यकताओं के शामिल होने का दावा किया और अभय सिंह चौटाला को भरोसा दिलाया कि कैथल में आयोजित सम्मान दिवस रैली ऐतिहासिक होगी। साथ ही उन्होंने बैठक में मौजूद झज्जर जिले के हजारों कार्यकताओं को रैली का निमंत्रण देते हुए ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की।

# दिल्ली में वायु प्रदूषण पर लगेगी लगाम

● मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एक अक्टूबर को शीतकालीन प्रदूषण के लिए विन्टर एक्शन प्लान की घोषणा करेंगे

**प्रदूषण से युद्ध**

▶▶ विभागों के साथ बैठक करने के बाद कहा कि राजधानी में 13 हॉटस्पॉट की पहचान की गई है





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपंचद्र काण्डपाल**
**दिल्ली** सरकार ने शीतकालीन प्रदूषण को रोकने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एक अक्टूबर को शीतकालीन प्रदूषण के लिए विन्टर एक्शन प्लान की घोषणा करेंगे।

**राजधानी में 13 हॉटस्पॉट की पहचानः** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने 28 विभागों के साथ बैठक करने के बाद कहा कि राजधानी में 13 हॉटस्पॉट की पहचान की गई है और उनके लिए स्पेशल प्लान बनाया जाएगा। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने गुरुवार को कहा कि हमने 28 विभागों के साथ बैठक की। सभी को 25 सितंबर तक विंटर एक्शन प्लान देने का निर्देश दिया गया है। 13 हॉटस्पॉट के लिए 13 टीमें बनाई गई हैं और 15 बिंदु सूचीबद्ध किए गए हैं, जिन पर सरकार करेगी।

**इन बिंदुओं पर फोकस करेगी सरकारः** गोपाल राय ने कहा कि जिन बिंदुओं पर हम फोकस करेंगे, उनमें हॉटस्पॉट, पराली प्रदूषण, वाहन प्रदूषण, खुले में कचरा जलाना, औद्योगिक प्रदूषण, हरित युद्ध कक्ष, वास्तविक समय विभाजन अध्ययन, पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध, वृक्षारोपण, शहरी खेती, इको वेस्ट पार्क, सार्वजनिक जागरूकता, केंद्र, पड़ोसी राज्यों के साथ संचार और जीआरएपी (ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान) का कार्यान्वयन शामिल है।

**दिल्ली पटाखों की बिक्री और फोड़ने पर प्रतिबंधः** खास बात है कि दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सर्दियों के दौरान प्रदूषण के खतरे को देखते हुए राजधानी में पटाखों के बनाने, भंडारण, बिक्री और पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध का ऐलान किया था। पर्यावरण मंत्री ने कहा था कि जनवरी से अगस्त तक अपेक्षाकृत कम वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) आंकड़ों के बावजूद, अक्टूबर के दौरान यह आम तौर पर खराब हो जाती है, क्योंकि वातावरण में नमी और कण जमा हो जाते हैं।

# दिल्ली हवाई अड्डे पर चोरी करने वाला लोडर गिरफ्तार

**शिकंजा**

▶▶ पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए आईफोन और 13 हाई एंड ब्रांडेड घड़ियां भी बरामद की हैं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली एयरपोर्ट पुलिस ने हवाई हड्डे पर हुई चोरी के मामले का खुलासा किया है। मामले में पुलिस ने लोडर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए आईफोन और 13 हाई एंड ब्रांडेड घड़ियां भी बरामद की हैं। चोरी के मामले में जून में एफआईआर दर्ज करायी गई थी। अधिकारियों ने बताया कि इस साल अब तक सामान चोरी में शामिल 25 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनसे सामान बरामद किया गया है। दिल्ली पुलिस ने सामान चोरी से जुड़े मामलों पर फोकस बनाए रखा है और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम भी उठाए हैं। दिल्ली निवासी अनिल कपूर ने आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज करायी थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि वह अपने परिवार के साथ कनाडा जा रहे थे। परिवार ने लुफ्थांसा एयरलाइंस से व्हीलचेयर सहायता ली थी। कपूर कनाडा में अपने बेटे को गिफ्ट देने के लिए एक नया आईफोन14 प्रो मैक्स ले जा रहे थे। जिसकी कीमत लगभग 1,75,000 रुपये थी। उन्होंने आरोप लगाया कि जब वे चेक-इन प्रक्रिया के दौरान अपने सामान में फोन रख रहे थे तो व्हीलचेयर पर उनकी सहायता करने वाला व्यक्ति उन्हें देख रहा था। कपूर ने अपनी शिकायत में कहा कि जब वह कनाडा पहुंचे और अपना सामान प्राप्त किया तो उन्हें एहसास हुआ कि बैग में आईफोन नहीं है।

# 17 को चांदनी चौक में शॉपिंग फेस्टिवल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**चांदनी** चौक शॉपिंग फेस्टिवल की तैयारी जोर शोर से चल रही है। यहां एक छत के नीचे बड़ी संख्या में व्यापारी एकत्रित होंगे। खान-पान के शौकिनों के लिए यह फेस्टिवल विशेष पकवान के साथ होगा। साथ ही खरीदारी करने वालों को भी चांदनी चौक की सभी चीजे मिलेंगी। यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी लुत्फ लोग उठा सकेंगे। चांदनी चौक शॉपिंग फेस्टिवल में फैशन, फूड और सांस्कृतिक कार्यक्रम का तड़का लगा होगा। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री की तरफ से 17 सितंबर को बेलामोंड होटल एवं रिसोर्ट में चांदनी चौक शॉपिंग फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। इस फेस्टिवल में छोटे-बड़े 700 बाजारों के संगठन शिरकत करेंगे। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड कॉमर्स के चेयरमैन बृजेश गोयल का कहना है कि समाजसेवी व्यापारी नेताओं को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नवरत्न अवार्ड से सम्मानित करेंगे। मंत्री सौरभ भारद्वाज, आतिशी समेत सभी मंत्री, दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल, मेयर शैली ओबेरॉय भी शामिल होंगी। फेस्टिवल में चांदनी चौक के मशहूर व्यंजन जिसमें चाट-पकौड़ी, दही-भल्ले, टिक्की, जलेबी, समोसे, कांजी बड़े सरीखें लजीज व्यंजन का फूड स्टॉल लगेगा। फेस्टिवल सुबह 10 बजे से शुरू होकर रात 10 बजे तक चलेगा, जिसमें फैशन इंडस्ट्री से जुड़े हुए लोगों के लिए फैशन शो भी आयोजित किया जाएगा।

# कहासुनी में जीजा ने साले की उंगली चबाई



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अरविंद** नगर इलाके में कहासुनी होने पर एक शख्स ने दांतों से अपने साले की उंगली चबा ली। किसी तरह से पीड़ित खुद को बचाने के लिए भागने लगा तो ईंट उठाकर उसके सिर पर वार कर दिया। परिवार के सदस्यों ने घायल हालत में आशु को इलाज के लिए जग प्रवेश चंद अस्पताल में भर्ती करवाया। उसकी शिकायत पर जाफराबाद थाना पुलिस ने प्राथमिकी की है। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आशु अपने परिवार के साथ अरविंद नगर इलाके में रहता है। परिवार में चार भाई व बहन है।

▶▶ पीड़ित खुद को बचाने के लिए भागने लगा तो ईंट उठाकर उसके सिर पर वार कर दिया

पांच वर्ष पहले उसने अपनी बहन पूजा की शादी हरियाणा के रहने वाले विकास तिवारी से की थी।

# अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी संदीप की हत्या करने वाला शूटर गिरफ्तार

**शिकंजा**

▶▶ संदीप नंगल की सैंकड़ों लोगों के बीच दिनदहाड़े 20 से ज्यादा गोलियां मारकर हत्या कर दी थी



**कबड्डी मैच के दौरान सैंकड़ों लोगों के सामने कर दी थी हत्या**

**कबड्डी** खिलाड़ी संदीप नंगल गत वर्ष 14 मार्च को नकोदर के गांव मल्लियां में 5 हमलावरों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। वारदात शाम छह बजे की थी।
उस समय संदीप गांव में चल रहे टूर्नामेंट में पहुंचे थे। स्टेडियम में सरेआम मैच के बीच हुई अंधाधुंध फायरिंग के कारण अफरा-तफरी मच गई।
हमलावरों ने उन पर 20 से ज्यादा गोलियां चलाई थीं। कबड्डी खिलाड़ी को सिर से लेकर पैर तक गोलियां लगी थीं।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** पुलिस की स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलीजेंस (आईसी) ने पंजाब के मोस्ट वांटेड अपराधी शूटर हैरी राजपूरा को गिरफ्तार किया है। उसने पंजाब के इंटरनेशनल सर्किल स्टाइल कबड्डी खिलाड़ी संदीप नंगल की सैंकड़ों लोगों के बीच दिनदहाड़े 20 से ज्यादा गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। हैरी ने कनाडा में बैठे गैंगस्टर सरोवर ढिल्लो के कहने पर पिछले वर्ष घटना को अंजाम दिया। ये अब दिल्ली से सटे फरीदाबाद में एक युवक की हत्या करने आया था। स्पेशल सेल के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के अनुसार, एसीपी राहुल विक्रम की देखरेख में इंस्पेक्टर निशांत दहिया और एसआई मंजीत की टीम दिल्ली व पड़ोसी राज्यों के गैंगस्टर पर नजर बनाए हुई थी। कई महीने की जांच के बाद सूचना मिली थी कि पंजाब का मोस्ट वांटेड अपराधी हैरी राजपूरा एक युवक की हत्या करने फरीदाबाद आएगा। टीम ने फरीदाबाद में घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके कब्जे से चार से पांच लाख रुपये की कीमत की स्टार पिस्टल व 10 कारतूस बरामद किए गए हैं। ये गैंगस्टर कौशल का साथी है। दिल्ली पुलिस की पूछताछ पूरी होने पर पंजाब पुलिस उसे प्रोडक्शन वारंट पर ला सकती है। हैरी ने खुलासा किया है कि उसे कुछ दिन पहले सनोवर ने बोला था कि उसे हरियाणा में बड़ा काम करना है। स्पेशल सेल के पुलिस अधिकारियों के अनुसार पंजाब का रहने वाला शूटर हैरी फरीदाबाद में एक युवक की हत्या करने आया था। वह हत्या कर पाता उससे पहले ही स्पेशल सेल इंस्पेक्टर निशांत दहिया की टीम ने उसे दबोच लिया। हैरी ने पूछताछ में बताया है कि वह फरीदपुर, फरीदाबाद हरियाणा निवासी नीरज पंडित के कहने पर फरीदाबाद ही में ही किसी युवक की हत्या करने आया था।

# दंगा मामले की जांच पर आरोपितों ने उठाए सवाल



**जांच की आंच**

▶▶ वो जानना चाहते हैं कि इस मामले में उनके खिलाफ पुलिस की जांच पूरी हो चुकी है या नहीं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के कड़कड़डूमा कोर्ट में गुरुवार को 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगा मामले में सुनवाई के दौरान सफूरा जरगर और मीरान हैदर के वकील ने मामले की जांच पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह इसको लेकर आवेदन दाखिल करेंगे। इसके बाद उमर खालिद समेत दूसरे आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करने के लिए एडिशनल सेशंस जज अमिताभ रावत ने मामले की अगली सुनवाई 18 सितंबर को करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान सफूरा जरगर की तरफ से कहा गया कि वो जानना चाहते हैं कि इस मामले में उनके खिलाफ पुलिस की जांच पूरी हो चुकी है या नहीं। अगर जांच पूरी नहीं हुई है तो कब तक पूरी हो जाएगी। साथ ही यह भी बताना चाहिए कि जांच अभी किस स्टेज में है। इसके अलावा पुलिस यह बताए कि उनके खिलाफ क्या-क्या आरोप लगाए गए हैं। अगर आगे चलकर जांच एजेंसी मामले में कोई सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल करती है तो उसका असर केस और दलील पर भी पड़ेगा। इससे पहले सुनवाई के दौरान 11 सितंबर को दिल्ली पुलिस ने कहा था कि मामले में देवांगन कलीता और आसिफ इकबाल तान्हा आरोपित जमानत पर हैं, इसलिए जानबूझ कर मामले में देरी कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस ने कहा था कि मामले में आज से ही ट्रायल शुरू होना चाहिए।

# नरेश के आपराधिक मानहानि के मामले पर सुनवाई 17 को

**जिरह**

▶▶ मामले की अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी। सुनवाई के लिए पहलवान बजरंग पुनिया कोर्ट में पेश नहीं हुए

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** की पटियाला हाउस कोर्ट ने कुश्ती कोच नरेश दहिया की ओर से दाखिल आपराधिक मानहानि के मामले पर सुनवाई टाल दी है। मामले की अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी। सुनवाई के लिए पहलवान बजरंग पुनिया कोर्ट में पेश नहीं हुए। बजरंग के वकील ने आज पेशी से छूट की मांग की, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। बजरंग पुनिया की तरफ से पेश वकील ने एशियन गेम्स का हवाला दिया और कहा कि एशियन गेम्स में 4 से 7 अक्टूबर तक रेसलिंग इवेंट होना है। इसकी ट्रेनिंग के लिए 13 सितंबर को बजरंग पुनिया किर्गिस्तान गए हुए हैं। सुनवाई के दौरान नरेश दहिया के वकील ने कोर्ट को बताया कि प्रेस कॉन्फ्रेंस से जुड़ी वीडियो पेन ड्राइव के जरिए बजरंग पुनिया के वकील को दे दिया है। कोर्ट ने 3 अगस्त को बजरंग पुनिया को समन जारी किया था।
कोर्ट ने बजरंग पुनिया को भारतीय दंड संहिता की धारा 499 और 500 के तहत आपराधिक मानहानि के मामले में समन जारी किया था। कोच नरेश दहिया ने अर्जी में कहा है कि बजरंग पुनिया ने 10 मई को जंतर-मंतर पर एक प्रेस कांफ्रेंस में उनके खिलाफ मनगढ़ंत आरोप लगाए थे।

# जीतेगा इंडिया गठबंधन तो आएगी खुशहालीः राघव



**दावा**

▶▶ सबकी कोशिश एकजुट होकर भाजपा को आगामी चुनावों में शिकस्त देने की है : राघव चड्डा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विपक्षी** दलों के गठबंधन इंडिया ने 2024 के संसदीय चुनावों के लिए कमर कस ली है। सभी दल मिलकर गठबंधन को मजबूती देने में लगे हैं। सबकी कोशिश एकजुट होकर भाजपा को आगामी चुनावों में शिकस्त देने की है। केंद्र सरकार का इंडिया से भारत की तरफ जाने के पीछे की वजह को आप कैसे देखते हैं? वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इंडिया नाम से बहुत ही प्यार रहा है। सत्ता हासिल करने के बाद से लेकर इंडिया गठबंधन बनने तक अपनी कई योजनाओं को इंडिया नाम से जोड़ा। इन योजनाओं को प्रचारित करने की भी कोई कसर नहीं छोड़ी, लेकिन विपक्षी दलों के अपने गठबंधन का नाम इंडिया रख लेने पर वह घबरा गए हैं और अब उनको इंडिया नाम से नफरत हो गई है। अगर हम अपने गठबंधन का नाम बदलकर मोदी कर देंगे तो क्या वह अपने नाम से अपना सरनेम हटा लेंगे। प्रधानमंत्री व भाजपा इंडिया गठबंधन से ध्यान हटाने व जनता को गुमराह करने में जुटे हैं। यह सवाल मीडिया ही नहीं, भाजपा भी कर रही है। इससे साबित हो रहा है कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। कई अनुभवी नाम हैं। जब वक्त आएगा, गठबंधन के किसी भी योग्य नेता को प्रधानमंत्री के तौर पर चुन लिया जाएगा। इंडिया गठबंधन में प्रधानमंत्री पद के लिए नेताओं की कोई कमी नहीं है। अनेक नेता कई दशकों से राजनीति कर रहे हैं और वह केंद्र सरकार में कई बार मंत्री रह चुके हैं।

# महिला की हत्या की गुत्थी सुलझी, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**काबू किया**

▶▶ शव नॉलेज पार्क के पास नौ को मिला था, हत्या रेलवे के टेक्निकल सुपरवाइजर मोहम्मद ने की थी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दक्षिण** जिला पुलिस ने अंबेडकर नगर से गायब हुई महिला की हत्या की गुत्थी को सुलझाते हुए निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के टेक्निकल सुपरवाइजर को गिरफ्तार किया है। महिला का शव ग्रेटर नोएडा में नॉलेज पार्क के पास नौ सितंबर को मिला था।
जानकारी के मुताबिक, महिला की हत्या रेलवे के टेक्निकल सुपरवाइजर मोहम्मद जाकिर ने की थी। आरोपी ने महिला की हत्या कर उसके चेहरे व शरीर को तेजाब से जला दिया था। आरोपी ने अंबेडकर नगर की रहने वाली महिला से, जो कि निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर ही नौकरी करती है, से 11 लाख रुपए लिए थे आरोपी पैसा नहीं दे रहा था। अब महिला ने जब उसे पर पैसे देने का दबाव बनाया तो आरोपी ने उसकी हत्या कर शव ग्रेटर नोएडा में फेंक दिया था।

# कर्नल के साथ मारपीट कर बदमाशों ने की लूट, तीन में से दो बदमाश अरेस्ट



**एक की तलाश**

▶▶ गाली-गलौज और हाथापाई करने लगा। इस दौरान पीड़ित ने आरोपित को धक्का दिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मालवीय** नगर में बदमाश भारतीय सेना में कर्नल के साथ मारपीट की है। इसके बाद बदमाश उनका मोबाइल फोन, नकद, क्रेडिट कार्ड व जरूरी कागजात लूट कर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन में से दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है।

**तीसरे की गिरफ्तार के लिए पुलिस की छापेमारीः** वहीं, तीसरे आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छानबीन करते हुए छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान चिराग दिल्ली के मिथुन उर्फ दीपक और मालवीय नगर स्थित शेख सराय के मुकुल के रूप में हुई है। पीड़ित दक्षिणी जिले की पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी ने बताया कि 13 सितंबर शिकायतकर्ता चाणक्यपुरी के विनीत महतो ने मालवीय नगर थाने में शिकायत दी थी। विनीत भारतीय सेना में कर्नल हैं। उन्होंने दी गई शिकायत में बताया कि वह 12 सितंबर की रात अपने दोस्त के साथ त्रिवेणी कॉम्प्लेक्स में आयोजित एक सेमिनार में शामिल होने आए थे।

**तीन साथियों के साथ मिलकर कर्नल की पिटाईः** करीब 11.30 बजे वह त्रिवेणी कांप्लेक्स पहुंचे और वहां खड़े एक व्यक्ति से लाइटर के लिए पूछा।
इस पर वह पीड़ित के साथ गाली-गलौज और हाथापाई करने लगा। इस दौरान पीड़ित ने आरोपित को धक्का दिया और वह जमीन पर गिर गया। इतने में आरोपित ने अपने दो साथियों को वहां बुला लिया। फिर तीनों ने मिलकर पीड़ित की जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद उनका मोबाइल फोन के साथ कार में रखी अन्य चीजें लूटकर फरार हो गए। इस बीच पिटाई की वजह से पीड़ित अचेत से हो गए। बाद में उन्होंने जब अपने कार में रखे सामानों की जांच की तो पाया कि उनके दो मोबाइल फोन, क्रेडिट कार्ड, वोटर आइडी कार्ड और 10 हजार नकद उनकी कार से गायब थे। इसके बाद उन्होंने थाने जाकर शिकायत दी। शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान के बाद पूछताछ करते हुए पुलिस तीसरे आरोपित जगदंबा कैंप के बाबी को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है।

# 'योग्य और आय छिपानी वाली महिला नहीं कर सकती भर□-पोषण का दावा'

**टिप्पणी**

▶▶ अगर वह ईमानदारी से अपनी वास्तविक आय का खुलासा नहीं करती है : दिल्ली हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उच्च** न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यदि कोई महिला योग्य है और पैसा कमा रही है तो वह अपने पति से भरण-पोषण का दावा नहीं कर सकती है, अगर वह ईमानदारी से अपनी वास्तविक आय का खुलासा नहीं करती है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने हिंदू विवाह अधिनियम के तहत गुजारा भत्ता देने से इन्कार करने के पारिवारिक अदालत के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि पत्नी की उच्च योग्यता और कमाई, उसकी वास्तविक आय का खुलासा नहीं करने के बावजूद, उसे गुजारा भत्ता मांगने से अयोग्य ठहराती है। अदालत ने कहा कि घरेलू हिंसा के खिलाफ महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम के तहत गुजारा भत्ता के उनके अनुरोध को अस्वीकार कर दिया गया था। पारिवारिक अदालत ने शुरू में उसकी योग्यता और शादी के बाद भी उसके रोजगार इतिहास को देखते हुए गुजारा भत्ता देने से इन्कार कर दिया था। उच्च न्यायालय ने उसकी उच्च योग्यता और निरंतर रोजगार पर जोर देते हुए उसकी अपील खारिज कर दी, जबकि उसके पति की शैक्षणिक पृष्ठभूमि कम थी।
अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि पत्नी न केवल अत्यधिक योग्य थी बल्कि कामकाजी भी थी, जिससे वह भरण-पोषण के लिए अयोग्य हो गई।

## न्यूज फ्लैश

### सिग्नेचरग्लोबल (इंडिया) लिमिटेड का आईपीओ बुधवार, 20 सितंबर, 2023 को खुलेगा

**नोएडा।** सिग्नेचरग्लोबल (इंडिया) लिमिटेड ("एसजीएल" या "कंपनी") ने बुधवार, 20 सितंबर, 2023 को सिग्नेचरग्लोबल (इंडिया) लिमिटेड ("कंपनी" या "जारीकर्ता") के1 के अंकित मूल्य के इक्विटी शेयर्स ("इक्विटी शेयर") (शेयर प्रीमियम प्रति इक्विटी शेयर सहित) के आईपीओ को खोलने का प्रस्ताव दिया है। इसके कुल मिलाकर7,300.00 मिलियन ("ऑफर") के ऑफर में कंपनी के6,030.00 मिलियन तक के इक्विटी शेयर्स का फ्रेश इश्यू ("फ्रेश इश्यू") और बिक्रेता शेयरधारक के रूप में इंटरनेशनल फाइनेंस कॉर्पोरेशन के1,270.00 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल ("प्रस्तावित शेयर") शामिल हैं। यह ऑफर शुक्रवार, 22 सितंबर, 2023 को बंद होगा। ऑफर का प्राइस बैंड 366 से 385 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 38 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 38 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड, एक्सिस कैपिटल लिमिटेड और कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी लिमिटेड ऑफर के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं। सिग्नेचरग्लोबल (इंडिया) लिमिटेड दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र ("दिल्ली एनसीआर") में आपूर्ति की गई इकाइयों के मामले में 2020 और 31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाहियों के बीच, 19% की बाजार हिस्सेदारी के साथ किफायती और निचले मध्य खंड ( 8 मिलियन से नीचे मूल्य श्रेणी में) के आवास में सबसे बड़ी रियल एस्टेट विकास कंपनी है (स्रोत: एनारॉक रिपोर्ट)।
कंपनी ने 2014 में अपनी सहायक कंपनी, सिग्नेचर बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से गुरुग्राम, हरियाणा में 6.13 एकड़ भूमि पर हमारे सोलेरा प्रोजेक्ट के लॉन्च के साथ परिचालन शुरू किया।

### त्योहारी सीजन की मांग पूरी करने को गति ने डिलीवरी क्षमताओं का विस्तार किया

**गुरुग्राम।** भारत की प्रीमियम एक्सप्रेस डिस्ट्रीब्यूशन व सप्लाई चेन मैनेजमेंट कंपनी गति एक्सप्रेस एंड सप्लाई चेन प्राइवेट लिमिटेड (जीईएससीपीएल) ने कॉमर्स डोमेन के साथ-साथ व्हाइट गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और एफएमसीजी सेगमेंट में त्योहारी सीजन के दौरान मांग में आने वाली वृद्धि को पूरा करने के लिए अपनी वेयरहाउसिंग और डिलीवरी क्षमताओं का विस्तार किया है. जीईएसपीएल ने अपनी क्षमता और दक्षता को लगातार बढ़ाया है, जिसके कारण वह पूरे साल में किसी भी समय 20 फीसदी ज्यादा कार्गो को हैंडल करने में सक्षम है. जीईएससीपीएल मुंबई के बाहरी इलाके भिवंडी में 1.48 लाख वर्ग फुट के अत्याधुनिक व टेक-इनेबल्ड सर्फेस ट्रांसशिपमेंट सेंटर एंड डिस्ट्रीब्यूशन वेयरहाउस (एसटीसीडीडब्ल्यू), फारुख नगर में 1.5 लाख वर्ग फुट के सर्फेस ट्रांसशिपमेंट सेंटर (एसटीसी) और इंदौर, नागपुर, गुवाहाटी और बेंगलुरु (अपकमिंग) में क्रमशः 39,140 वर्ग फुट, 50 हजार वर्ग फुट, 40 हजार वर्ग फुट और 1.46 लाख वर्ग फुट की क्षमता वाले एसटीसी के साथ बेहतर रीच ऑफर करती है, क्योंकि उसकी उपस्थिति पूरे देश के रणनीतिक स्थानों पर है. गति लिमिटेड के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (सेल्स) राजेश गौरीनाथ ने त्योहारी सीजन की तैयारियों के बारे में कहा, "हम बढ़ी त्योहारी मांग और ऑर्डर वॉल्यूम में बढ़ोतरी को पूरा करने के लिए अपनी बढ़ी हुई डिलीवरी क्षमताओं के साथ पूरी तरह से तैयार हैं. हमें उम्मीद है साल वर्ष त्योहारी मांग में 18-20 फीसदी की वृद्धि होगी. हमने त्योहारों के दौरान वॉल्यूम-बेस्ड ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक्स फुलफिलमेंट के लिए अपनी नेटवर्क कैपेसिटी में 20-25 फीसदी की वृद्धि की है, ताकि सीजन के पीक लोड को संभाल सकें और बेहतर डिलीवरी एफिशिएंसी तैयार कर सकें.
जीईएससीपीएल ऑलकार्गो ग्रुप की ताकत के साथ लॉजिस्टिक्स की हर तरह की जरूरतों के लिए इंटीग्रेटेड लॉजिस्टिक्स सर्विस ऑफर करती है और 180 देशों में परिचालन का ग्लोबल नेटवर्क मुहैया कराती है."
जीईएससीपीएल ने डिलीवरी कैपेसिटी बनाने के अपने लगातार प्रयासों के तहत पूरे भारत में अत्याधुनिक एक्सप्रेस डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर (ईडीसी) बनाया है, जो आधुनिक तकनीकों और भंडारण की सुविधाओं से लैस हैं.

### टीबीबीडी से पहले फ्लिपकार्ट के सेलर्स की संख्या 14 लाख के पार पहुंची

**गुरुग्राम।** अपने सालाना फ्लैगशिप इवेंट द बिग बिलियन डेज के 10वें संस्करण से पहले फ्लिपकार्ट ने अपने प्लेटफॉर्म पर 14 लाख से अधिक सेलर्स को जोड़ने की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। पिछले साल की तुलना में प्लेटफॉर्म पर विक्रेताओं की संख्या में 27% से अधिक की वृद्धि के साथ यह उपलब्धि देश में विक्रेताओं एवं एमएसएमई के मजबूत हो रहे इकोसिस्टम को दर्शाता है। उपभोक्ताओं को केंद्र में रखकर विकसित नवीनतम टेक्नोलॉजी का लाभ उठाने में सेलर्स को सक्षम बनाने के अपने प्रयासों की दिशा में फ्लिपकार्ट ने उद्योग में अपनी तरह की पहली तकनीकी पहल की है, जो है एआई पावर्ड कैटलॉगिंग, अपनी तरह का पहला एआई-आधारित ऑटोमेटेड सॉल्यूशन जो किसी प्रोडक्ट इमेज को फ्लिपकार्ट-स्टैंडर्ड क्वालिटी में बदलता है, जिससे सेलर्स के लिए प्रक्रिया आसान हो जाती है।

# सहज योग से शारीरिक-मानसिक बीमारियों को दूर करने के प्रति रैली निकालकर जागरूक किया

## स्पिरिचुअल फाउंडेशन की टीम ने डा. इलम बंसल के नेतृत्व में निकाली रैली



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। स्पिरिचुअल फाउंडेशन** की टीम ने सहज योग से बीमारियों को दूर करने के लिए जी टी रोड चौक मार्किट में जागरूकता रैली निकाली। रैली का नेतृत्व संस्था के अध्यक्ष डा. इलम बंसल ने किया। उन्होंने रैली को रवना करने से पूर्व संबोधित करते हुए कहा कि अपने स्वास्थ्य को सही रखने के लिए इंसान क्या कुछ नहीं करता, वह बड़े-बड़े चिकित्सकों व कंपनियों से अपने उपचार करवाता है। उन्होंने कहा कि इंसान को कोई भी समस्या , लाइलाज बीमारी, बच्चे स्वस्थ नही रहते हो, साइकोसोमेटिक बीमारियों को भी आप सहज योग से ठीक कर सकते है। सहज योग पद्धति से माता निर्मला देवी के आशीर्वाद से आज विभिन्न देशो में सहज योग को अपनाया गया है और बहुत से लोगों ने अपनी बहुत सी परेशानियों से सहज योग से लाभ पाया है । डा. इलम बंसल ने कहा कि निशुल्क पद्धति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए डा. जीवन सैनी की टीम रैली निकालकर प्रदेश के विभिन्न शहरों में जागरूक कर रहे है। डा. ने कहा कि सहज योग से आत्म साक्षात्कार के बाद आपका मिलन उस ईश्वरी शक्ति के साथ हो जाता है और आप हर प्रकार से सुरक्षित हो जाते है। आपकी कोई भी समस्या का समाधान होगा। सहज योग की एक आध्यात्मिक और साइंटिफिक प्रणाली है। रैली के दौरान सभी अपने हाथों में जागरूकता पट्टी लिए हुए थे।

## 'होटल, ढाबे व बैंकट हॉल प्रशासन की निगरानी में'



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
शहरी स्थानीय निकाय के निदेशक डॉ. यशपाल ने गुरूवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अधिकारियों को निर्देश दिये की वे जिले के अंतर्गत संचालित किये जा रहे होटल, ढाबे व बैंकट हाल का सुनिश्चित करें की वे नियमों के अनुसार संचालित किये जा रहे हैं या नहीं। निदेशक ने इस बारे में अधिकारियों को इसके संबंध में डाटा 22 सितंबर तक अपलोड करने के निर्देश दिये। निदेशक ने अधिकारियों को यह भी कहा कि वे उन्हें जागरूक भी करें ताकि पर्यावरण प्रभावित ना हो। अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में संचालित किये जा रहे रहे होटल, ढाबे व बैंकट हाल प्रशासन की निगरानी में है। लगातार उन पर विजीट करके स्थिति का पता लगाया गया है। जहां जो भी होटल, ढाबे व बैंकट हाल नियमों के विपरित मिले हैं उन्हे नोटिस दिया गया है।

## पराली का मशीनों के माध्यम से प्रबंधन करने पर किसानों को प्रति एकड़ मिलेगी 1 हजार की प्रोत्साहन राशि: उपनिदेशक

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**कृषि एवं किसान कल्याण** विभाग के उपनिदेशक डॉ. वजीर सिंह ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि धान कटाई का सीजन नजदीक आ रहा है, इसलिए पर्यावरण एवं जनहित में किसान पराली में आग न लगाए बल्कि उसका उचित प्रबंधन करना सुनिश्चित करें। हरियाणा सरकार द्वारा पराली का मशीनों के माध्यम से प्रबंधन करने पर प्रति एकड़ 1 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। उपनिदेशक डॉ. वजीर सिंह ने बताया कि इस वर्ष जो किसान धान के खेत में हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, रिवर्सिबल प्लो, जीरो ड्रिल द्वारा पराली अवशेषों को भूमि में मिक्स करेगा, उसे भी 1 हजार रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। जो किसान मशीनों द्वारा पराली अवशेषों को मिट्टी में मिलाने का कार्य करेंगे, वह किसान प्रत्येक एकड़ में पराली का प्रबंधन करते हुए जीपीएस लोकेशन वाली तस्वीरों का रिकॉर्ड अपने पास रखेंगे। पोर्टल पर पंजीकृत किसानों द्वारा किए गए पराली प्रबंधन के कार्य का सत्यापन ग्राम स्तरीय कमेटी द्वारा किया जाएगा। इसके पश्चात उपायुक्त की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय कमेटी के अनुमोदन के बाद पात्र किसानों को प्रोत्साहन राशि का लाभ दिया जाएगा। किसान विभागीय पोर्टल एग्रीहरियाणा.जीओवी.इन पर 30 नवंबर 2023 तक अपना पंजीकरण करवाए। इस पोर्टल पर पंजीकरण से पहले किसान मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पर पहले से पंजीकृत होना अनिवार्य है।

# एलपीजी से भरा टैंकर अनियंत्रित को पलटा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**राष्ट्रीय राजमार्ग** संख्या-44 पर गांव कुमासपुर के पास स्थित बहालगढ़ थाना के निकट एलपीजी से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद टैंकर से गैस का रिसाव शुरू हो गया। जिस पर हड़कंप मच गया। मामले की सूचना के बाद पहुंची पुलिस, अग्निशमन विभाग, आईओसीएल व एनएचएआई की टीम मौके पर पहुंच गई। हादसे के बाद पुलिस ने संपर्क मार्ग से वाहनों को निकाला। साथ ही कुछ समय के लिए बहालगढ़ से वाहनों को डायवर्ट कर निकाला गया। सुबह साढ़े नौ बजे दिल्ली से क्रेन मंगवाकर टैंकर को सीधा किया जा सका। उसके बाद हाईवे पर बनी जाम की स्थिति को दूर किया जा सका। बुधवार रात करीब दो बजे आईओसीएल का एलपीजी से भरा टैंकर यूपी के नोएडा से पंजाब की तरफ जा रहा था। टैंकर दिल्ली-पानीपत लेन पर कुमासपुर स्थित बहालगढ़ थाना के पास पहुंचा तो अचानक पलट गया। बताया जा रहा है कि चालक के सामने अचानक बाइक सवार के आने पर उसे बचाने के प्रयास में हादसा हुआ। टैंकर के पलटने के बाद गैस का रिसाव शुरू हो गया। जिससे हड़कंप मच गया। मामले की सूचना बहालगढ़ थाना पुलिस को दी गई। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य शुरू कराया। उन्होंने अग्निशमन विभाग की टीम को बुलाया। उसके साथ ही आईओसीएल के अधिकारियों को अवगत कराया। साथ ही भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की टीम को भी बुलाया गया। पुलिस ने वाहनों को संपर्क मार्ग से निकालना शुरू कर दिया। हादसे में घायल चालक को निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। गैस का रिसाव शुरू होने से हादसा की आशंका बन गई। इसी बीच गैस कंपनी की दूसरी गाड़ी आने पर उनके चालक की मदद से पुलिस ने कंबल डालकर लीकेज को रोकने का प्रयास किया। बाद में तड़के चार बज आईओसीएल की टीम करनाल से पहुंची और उन्होंने वॉल्व लगाकर लीकेज को बंद किया। उसके बाद दिल्ली से क्रेन बुलाकर टैंकर को हटाया गया। सुबह साढ़े नौ बजे हाईवे पर वाहनों का आवागमन सुचारू हो सका।

**ज्वलनशील गैंस होने के चलते हादसे की बढ़ गई थी आशंका-**
ज्वलनशील गैस होने से हादसे की आशंका बढ़ गई थी। चालक के घायल होने से वह कोई जानकारी नहीं दे पा रहा था। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस गैस रिसाव रोकने का प्रयास कर रही थी, लेकिन कुछ समझ नहीं आ रहा था। इसी बीच आईओसीएल का एक अन्य टैंकर हाईवे से गुजरने लगा तो उसे रोककर जानकारी ली।

**नेशनल हाईवे पर टैंकर पलटने से पुलिस ने वाहनों को संपर्क मार्ग से गुजरना शुरू करा दिया। हालांकि वाहनों की अधिकता से जाम की स्थिति बनने लगी। सुबह छह बजे तक वाहनों की कतार बढ़ी तो ट्रैफिक पुलिस ने बहालगढ़ से वाया सोनीपत सेक्टर-15 होते हुए मुरथल की तरफ वाहनों को गुजारा। हालांकि हाईवे से टैंकर के हटने के बाद स्थिति सामान्य हो गई।**

# एसडीएम ने चैंकिग के बाद दोबारा आवेदकों को ट्रैनिंग के दिए आदेश

## लाईसैंस बनवाने से पूर्व सड़क सुरक्षा नियम व संकेतो की जानकारी जरूरी : एसडीएम



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। ड्राइविंग लाइसेंस** से जुड़े नियमों को पूरा करने वालों को ही अब ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए मान्यता मिलेगी। नियमों को सख्ताई से लागू करवाने के लिए एसडीएम की देखरेख में ड्राईविंग लाइसैंस के लिए आवेदकों को ड्राईविंग टैस्ट पास करना पड़ेगा। वीरवार को ट्रैनिंग के बाद एसडीएम निर्मल नागर सचिवालय परिसर में खुद जाकर टैस्ट के दौरान देखा कि कितने आवेदक ट्रैनिंग के बाद लाईसेंस बनवाने के लिए योग्य हुए हैं। आवेदकों से वाहन चलावकर देखने के साथ सुरक्षा सुरक्षा नियमों, संकेत के बारे में पूछा गया। टैस्ट में 15 आवेदकों में से कुछ आवेदक सड़क सुरक्षा से संबधित पूछे गए सवालों व चिन्हों को भी नही बता पाए। ऐसे आवेदकों को हिदायत दी गई कि वे सरकार के आदेशानुसार ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने से पूर्व ड्राइविंग ट्रेनिंग क्लास में ड्राइविंग टेस्ट के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाकर ट्रेनिंग ले। उसके बाद ड्राईविंग टेस्ट पास करने के बाद ड्राइविंग लाइसेंस जारी कर दिया जाएगा। लाईसेंस के आवेदक के लिए टैस्ट प्रक्रिया तकनीक से संचालित और इसमें किसी तरह से अन्य व्यक्ति की जरूरत नहीं है। अब लाइसेंस से पहले टेस्ट में बाइक या कार चलानी पड़ेगी और मामूली चूक होने पर आपका लाईसेंस नही बन पाएगा और दोबारा से ट्रैनिंग लेनी पड़ेगी।

## आई-क्यू ने आई-क्यू सुपर-स्पेशियलिटी आई हॉस्पिटल में एलिटा सिल्क प्रोसीजर टेक्नोलॉजी पेश की



**गुरुग्राम।** प्रख्यात हॉस्पिटल आई केयर चेन आई-क्यू ने अपने प्रमुख आई-केयर हॉस्पिटल में जॉनसन ऐंड जॉनसन द्वारा तैयार टेक्नोलॉजी एलिटा सिल्क प्रोसीजन को पेश कर आई-केयर डिलिवरी के क्षेत्र में शानदार सफलता हासिल की है। 14 सितंबर, 2023 को गुड़गांव के आई-क्यू सुपर-स्पेशियलिटी आई हॉस्पिटल में उद्योग दिग्गजों, प्रतिष्ठित मेहमानों और हेल्थकेयर पेशेवरों की मौजूदगी में इस टेक्नोलॉजी का उद्घाटन किया गया। एलिटा सिल्क प्रोसीजर की पेशकश ऑफ्थलमॉलोजी के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है और यह सिर्फ 2एमएम के माइक्रो-इंसीजन के साथ नो फ्लैप प्रोसीजर में सक्षम है। यह आधुनिक टेक्नोलॉजी खासकर हाई पावर के चश्मे वाले लोगों के लिए अनुकूल है और इसका मकसद 18 से 35 वर्ष उम्र वर्ग के लोगों को चश्मों पर निर्भरता से मुक्त कराना है। सिल्क टेक्नोलॉजी का खास फायदा यह है कि इसमें रिकवरी काफी जल्द हो जाती है। जहां पारंपरिक लसिक प्रक्रियाओं में फुल रिकवरी के लिए करीब एक सप्ताह लगता है, वहीं सिल्क टेक्नोलॉजी तेजी से स्वास्थ्य लाभ सुनिश्चित करती है और इसके लिए महज एक दिन ही पर्याप्त है। यह न सिर्फ प्रक्रिया को सुरक्षित बनाती है बल्कि मरीजों के अस्पताल में रुकने के समय को भी कम करती है।

## पाइप चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**कुंडली थाना** पुलिस ने सैट्रिंग के पाइप चोरी करने की वारदात में शामिल तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अंकित निवासी लाठ, विकास व दिनेश निवासी भैंसवाल सोनीपत का है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव सेवली निवासी विजय कुमार ने गत 13 सितंबर को शिकायत देकर बताया था कि टीडीआई कुंडली में बैसमेंट में तीन युवक गाड़ी लेकर आए। उनके पास जाकर देखा तो गाड़ी में सैट्रिंग के 7 पाई चोरी करके रख रहे थे। अपने दोस्तों को बुलाया। आरोपित गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। कुछ देर बाद युवक आया ओर गाड़ी लेकर फरार हो गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था।

# नागरिक अस्पताल के प्रसूति विभाग में बढ़ाई गई सुरक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**फरीदाबाद के** नागरिक अस्पताल में नवजात शिशु के चोरी होने के बाद जिले के नागरिक अस्पताल सोनीपत में सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है। प्रसूति विभाग सहित बच्चा वार्ड में कर्मचारियों द्वारा आने-जाने वालों पर नजर रखी जा रही है। प्रबंधन की तरफ से सुरक्षा को लेकर कड़े निर्देश विभाग के इंचार्ज को दिए गए है। वहीं मुख्य गेट पर शिफ्ट के हिसाब से सिक्योरियटी गार्ड के तैनात रहने के निर्देश भी प्रबंधन की तरफ से जारी किए गए है। लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी के खिलाफ विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। प्रबंधन की तरफ से तीसरी आंख से अस्पताल परिसर में होने वाली गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। बता दें कि फरीदाबाद स्थित नागरिक अस्पताल से नवजात शिशु के चोरी होने का मामला सामने आया है। जिसके बाद से सोनीपत नागरिक अस्पताल प्रबंधन की तरफ से प्रसूति विभाग व बच्चा वार्ड में तैनात कर्मचारियों को सुरक्षा बढ़ाने के दिशा-निर्देश प्रबंधन की तरफ से जारी किए गए है। अस्पताल के प्रसूति विभाग में प्रवेश करने वाले लोगों को बिना पहचान के अंदर जाने की इजाजत नहीं दी जा रही है। वहीं परिजनों की पहचान के बाद ही विभाग में प्रवेश मिल पा रहा है। प्रसूति विभाग में दो लेयर सुरक्षा बनाई गई है। प्रसूति विभाग में मेडिकल ऑफिसर डा. अनुराधा जैन ने बताया कि सुरक्षा के तमाम प्रकार के इंतजाम रखे जाते है। जहां महिला सुरक्षा गार्ड मुख्य गेट पर बैठी रहती है, वहीं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी परिसर में आने-जाने वाली महिलाओं व उनके परिजनों पर नजर रखते है।

**हर रोज 15 से 20 डिलीवरी, तीसरी आंख से रखी जा रही नजर-**
नागरिक अस्पताल के प्रसूति विभाग में हर रोज 15 से 20 गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी होती है। प्रसूति विभाग के साथ-साथ निक्कू वार्ड में नवजातों को स्वास्थ्य के लिए रखा जाता है। प्रसूति विभाग में गार्ड के साथ-साथ तीसरी आंख से पैनी नजर रखी जा रही है। वार्ड में आने-जाने वाले लोगों को वार्ड में भर्ती जच्जा-बच्चा के साथ जानकारी होने के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है।

# डेंगू का डंक: जिले में दो दिनों में डेंगू के 12 मरीज आएं सामने

## स्वास्थ्य विभाग ने अब तक 1740 लोगों के किए टेस्ट, 765 को दिए गए नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**नागरिक अस्पताल** में बुखार के मरीज काफी संख्या में पहुंच रहे है। वहीं मलेरिया व डेंगू का डंक कम नहीं हो रहा है। दो दिन में जिले में डेंगू बुखार से ग्रस्त 12 मरीज सामने आ चुके है। वहीं मलेरिया का एक मरीज मिला चुका है। जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़कर 156 हो गई है और मलेरिया के मरीजों की कुल संख्या आठ तक पहुंची गई है। जिले में फिरोजपुर बांगड सीएचसी क्षेत्र में ज्यादा मरीज सामने आ चुके है। विभाग की तरफ से क्षेत्र में फोगिंग करवाने में लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू व मलेरिया की रोकथाम के लिए डोर-टू-डोर मॉनिटरिंग की जा रही हैं। उसके बावजूद जिले में डेंगू व मलेरिया के मामले सामने आ रहे हैं। गत दो दिनों में डेंगू व मलेरिया के मरीज मिलने के बाद विभाग और भी ज्यादा सतर्क हो गया है। जिन क्षेत्रों में डेंगू के मरीजों की पुष्टि हुई है, उनमें शेखपुरा, भादी, राई, राठधना, वेस्ट राम नगर, शिव नगर, मिशन रोड व बीसवां मील में डेंगू के मरीज मिले। इन स्थानों पर स्वास्थ्य विभाग ने विशेष जांच अभियान चलाया गया। इसके तहत डेंगू प्रभावित घरों में लोगों के खून की जांच कराई गई। उन्हें बचाव के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही उनके घरों व आसपास के इलाकों में फॉगिंग भी कराई गई। विभाग की ओर से डोर टू डोर निरीक्षण के दौरान जिन घरों में लारवा मिल रहा है, उन लोगों को खाली बर्तनों, टंकियों आदि में पानी न जमा होने को कहा है। साथ ही साथ सफाई के लिए भी लोगों को जागरूक कर रहा है। टीमें लगातार पानी की टंकियों, खाली बर्तनों, गमलों, हौदी व कूलरों आदि में लारवा की जांच कर रही हैं और दवाई डाल रही है।

**थाना कलां व थाना खुर्द ज्यादा प्रभावित क्षेत्र घोषित-**
मिली जानकारी के अनुसार खरखौदा क्षेत्र के फिरोजपुर बागड़ सीएचसी कार्यक्षेत्र के थाना कलां व थाना खुर्द में ज्यादा मरीज सामने आए है। जबकि गत वर्ष उक्त क्षेत्र में मरीजों की संख्या बेहद कम थी। इस बार 10 से 12 मरीजों की पुष्टि गांवों में हो चुकी है। विभाग की तरफ से क्षेत्र में बारी-बारी करके तीन बार फोगिंग करवाई जा चुकी है। विभाग की टीमें लगातार क्षेत्र में नजर बनाए हुए है। लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है।

**जिले में डेंगू के मरीज हर रोज सामने आ रहे है। विभाग की 161 टीमें धरातल पर जाकर लोगों को जागरूक करने व लारवा चेक कर रही है। लोगों से अपील है कि लापरवाही न बरते। एक बोतल के ढक्कन में लारवा पनप सकता है। सावधानी बरतनी जरूरी है। ताकि डेंगू बुखार को किसी तरह फैलने से रोका जा सके। डा. अनविता कौशिक, जिला डेंगू नोडल अधिकारी।**

# प्राण वायु देवता पेंशन स्कीम पेड़ों के संरक्षण में सहयोगी: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत ,कमाल हुसैन**
डीसी वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि सरकार द्वारा पुराने पेड़ों की रक्षा और संरक्षण के लिए प्रदेशभर मे 75 संल से अधिक आयु के वृक्षों के लिए प्राण वायु देवता पेंशन स्कीम लागू की गई है। पेंशन के रूप में अढाई हजार रुपए सालाना उस व्यक्ति को दिए जाएंगे, जिनके घर या निजी जमीन पर पुराना वृक्ष है। इस प्रकार की योजना लागू करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है। उन्होंने योजना की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि वह देखभाल के लिए सरकार से अढाई हजार रुपए ले सकता है। उसे वृक्ष की देखभाल करनी होगी। उसे पानी, खाद, मिट्टी की जरूरत है तो वह इस पेंशन से पूरी कर सकता है। यह योजना पुराने वृक्षों को बचाने के लिए है। जिनके घर में ऐसे पुराने वृक्ष लगे हुए हैं, वे उन्हें काटने के बजाए सरकार से पेंशन लेकर बचाए रख सकते हैं। वृक्ष को मिलने वाली पेंशन की राशि उसके मालिक के बैंक खाते में भेज दी जाएगी। डीसी वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि पेड़ पौधों से हमें सुरक्षित ऑक्सीजन गैस निशुल्क मिलती है।

**पात्र व्यक्ति ऐसे कर सकते हैं आवेदन**
रेंज फोरेस्ट ऑफिसर वीरेंद्र सिंह ने बताया कि पात्र व्यक्ति जिले के वन विभाग कार्यालय में आकर आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद गठित समिति द्वारा उस आवेदन का आकलन किया जाएगा। सत्यापन उपरान्त सभी शर्तें पूरी पाई जाती हैं तो लाभार्थी व्यक्ति को वृक्षों की मिलने वाली पेंशन दे दी जाएगी। इसके लिए संबंधित कागजात जमा कराने होंगे। जिला में अभी तक इस योजना के तहत करीब सौ आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

# त्रीनगर: सड़कों पर बढ़ता अतिक्रमण, बना परेशानी का सबब






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राजधानी दिल्ली में सड़कों पर अतिक्रमण किसी संक्रमण या वायरल फ्लू के भांति बड़ी ही तेजी के साथ पांव पसार रहा हैं। चाहें वह दिल्ली की मुख्य सड़क हो या फिर कॉलोनी की छोटी-छोटी गलियां ही क्यों न हों, सभी जगह का बुरा हाल हैं, कहीं पर रेहडी-पटरी लगाकर सड़क कब्जा रखी हैं, तो वहीं लोगों ने अपने निजी वाहन खडा करके पार्किंग ही बना दी हैं।

**अतिक्रमण का शिकार पॉश एरिया:** लेकिन यहां पर हम बात कर रहें हैं त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र की, जो कि कहने में तो पॉश एरिया की लिस्ट में शुमार हैं, लेकिन यहां पर लोगों ने पार्किंग न होने के चलते मुख्य सड़क को ही पार्किंग में तब्दील कर दिया हैं। वहीं वार्ड 61-62 स्थित सम्राट इंकलेव से सुभाष पैलेस थाना व शकुरपूर आनंदवास जाने वाले दोनों तरफ की सड़क को लोगों ने बेतरतीब गाड़ी खड़ी करके इस कदर घेर लिया हैं, जिससे कि कोई आपातकालीन वाहन का भी निकलना मुश्किल हैं।
वहीं सुभाष पैलेस थाना के पास भी बुरा हाल हैं, लोगों ने सडक के दोनों साइड़ पर अपने वाहन पार्क किए हुए हैं, जिससे सड़क तो संकरी होती ही हैं बल्कि जाम की स्थिति भी बनी रहती हैं। वहीं दूसरी और रानी बाग से ब्रिटाानिया की ओर आने-जाने वाली मुख्य सड़क सहित सर्विस रोड़ भी अतिक्रमण का शिकार हो चुका हैं।



बादली विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक देवेन्द्र यादव को जन्मदिन की बधाई देते हुए जय प्रकाश राणा, बालेराम व अन्य।

## सुल्तानपुरी: गर्वमेंट गर्ल्स स्कूल में हुई एसएमसी की मीटिंग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुल्तानपुर माजरा विधानसभा** क्षेत्र के वार्ड नंबर-42 स्थित एच ब्लॉक के गर्वमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यालय प्रबंधन कमेटी (एसएमसी) का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय विधायक मुकेश अहलावत के प्रतिनिधि के तौर पर समाज सेवक रियाजूद्दीन खान भी इस आयोजन का हिस्सा बने।
इस दौरान शिक्षकों ने अभिभावकों को बच्चों की प्रगति के बारे में जानकारी दी गई।
साथ ही उन्होंने कहा कि अभिभावकों को नियमित रूप से अपने बच्चों के रोजाना के



क्रियाकलाप पर ध्यान देना चाहिए। वहीं आरडी खान ने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं, जिनकी कला को निखारने का जिम्मा भी हमारा ही हैं। इसलिए बच्चों को पढ़ाना जितना शिक्षकों की जिम्मेदारी है, उतनी ही उनके माता-पिता की भी जवाबदेही बनती है। जिसके लिए जरूरी हैं कि अभिभावक प्रतिदिन अपने बच्चों की कापी किताबे चेक करें व उनके दिमागी विकास व क्षमता को भांपने के लिए सप्ताह में एक बार उनका टेस्ट भी जरूर लें। इसके अतिरिक्त गर्ल्स को होने वाले मासिक समस्या पर चर्चा की गई व साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखने की सलह दी गई। तो वहीं अभिभावकों को बताया गया कि बच्चों के लिए शिक्षा तो जरूरी हैं ही, लेकिन बच्चों के दिमाग को संतुलित बनाए रखने के लिए थोड़ा खेलकूद भी जरूरी हैं।

## महरौली में स्मृति कार्यक्रम का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दक्षिण** दिल्ली के महरौली स्थित नेहरू युवा केंद्र में आजादी के अमृत काल के श्रृंखला में मां भारती के दो वीर सपूतों राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) लोकसभा द्वारा एक स्मृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें देशभर से 25 युवाओं को भागीदारी करने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर निर्णायक मंडल में शिवेन्द्र पाठक प्रोफेसर हिन्दी रामानुजन कॉलेज, मोहित कुमार मीडिया एवं नीलू थदानी जिला युवा अधिकारी उपस्थित रहें। सभी को जिला युवा अधिकारी दक्षिण दिल्ली द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, वहीं नेहरू युवा केंद्र दक्षिण दिल्ली में हुई प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनुभव गुप्ता ने प्राप्त किया।

## हाल-ए-निगम पार्क, कहीं खड़े हैं वाहन, तो कहीं सुख रहें हैं कपड़े





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**त्रीनगर विधानसभा** क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले शकूरपुर के वार्ड-62 स्थित डी ब्लॉक का पार्क निगम की लापरवाही की भेंट चढ़ गया हैं, जिसके चलते लोगों ने निगम के पार्क पर ही अपना कब्जा जमा लिया हैं। उल्लेखनीय हैं कि शकूरपुर वार्ड-62 के डी-ब्लॉक में स्थानीय लोगों के सैर-सपाटे के लिए लाखों-करोडों रूपए खर्च करके निगम का पार्क बनाया गया था और जिसकी बागबानी में भी लाखों रूपए खर्च किए होंगे, लेकिन अब वहीं पार्क निगम के उद्यान विभाग के लापरवाह भरे रवैय के चलते अतिक्रमण की भेंट चढ़ गया हैं।

**कहीं खडे हैं वाहन, तो कहीं सुख रहें हैं कपड़े:** आपकी जानकारी के लिए बता दें कि शकूरपुर स्थित काली माता मंदिर के सामने ब्लॉक डी के पार्क में स्थानीय लोग अपनी निजी संपत्ति समझ कर इस्तेमाल कर रहें हैं, वहीं अगर आस-पास किसी का घर बन रहा हो तो उसका बिल्डिंग मेटेरियल का सारा सामान पार्क में भरा पडा हुआ हैं, तो वहीं आस-पास के लोग अपने वाहन खड़ा करके मेन रोड़ से पार्क का दरवाजा ही बंद कर देते हैं। इसके अतिरिक्त आस-पास के लोग कपड़े धोकर पार्क में ही रस्सी बांधकर सुखाते हैं।
जिसके चलते और दूसरे लोगों ने पार्क में आना ही बंद कर दिया हैं, बावजूद इसके वार्ड के पार्षद साहब को कुछ दिखाई नहीं दे रहा हैं। मामले में जब स्थानीय निगम पार्षद किशन बेमाड़ से बात करनी चाही तो पार्षद साहब ने फोन ही उठाना उचित नहीं समझा।

# त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम का हुआ आयोजन






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**त्रीनगर** विधानसभा क्षेत्र के अंर्तगत आने वाले त्रीनगर वार्ड नंबर-63 में मेरी माटी मेरा देश के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष मुकेश गांधी की अध्यक्षता में हंसा पुरी, चंदा नगर के साथ-साथ रोज गार्डन में आयोजित किया गया। जिसमें वार्ड-63 से निगम पार्षद मीनू गोयल, पूर्व प्रदेश मंत्री संजीव शर्मा के साथ-साथ पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेतागण भी मौजूद रहें। मोदी जी के आह्वान पर देश के लिए जान देने वाले जाबांज स्वतन्त्रता सेनानियों की याद में देश भर में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में त्रीनगर स्थित वार्ड नंबर-63 में भी मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मुकेश गांधी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान देशभर से पवित्र मिट्टी कलश में एकत्र करके दिल्ली में अमृत वाटिका निर्मित की जाएगी। इस दौरान भाजपा के पदाधिकारियों सहित सैकड़ों कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# मां अन्नपूर्णा समिति ने किया भंडारे का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला** में अमावस्या के अवसर पर मां अन्नपूर्णा भंडारा समिति की ओर से 23वां मासिक भंडारे का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने कड़ी चावल का प्रसाद श्रद्धापूर्वक व उत्साह के साथ ग्रहण किया। बाहरी दिल्ली के नरेला में अमावस्या के अवसर पर वीरवार को मां अन्नपूर्णा भंडारा समिति द्वारा रेलवे रोड़ स्थित कार्यालय पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने पूरी श्रद्धा भाव के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान काफी संख्या में बच्चों से लेकर युवक



युवतियों की भीड़ भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए जुटी रही। सैकड़ो की संख्या में लोगों ने लाइन लगाकर, जय माता दी के जयकारे के साथ श्रद्धापूर्वक कढ़ी चावल का प्रसाद ग्रहण किया। मां अन्नपूर्णा भंडारा समिति के अध्यक्ष राजेश रामगोपाल शर्मा ने बताया कि मां अन्नपूर्णा भंडारा समिति द्वारा हर माह अमावस्या के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन बड़ी ही धूमधाम के साथ किया जाता है। भंडारे जैसे आयोजनों से जहां आपसी स्नेह और सौहार्द बढ़ता है, वही धार्मिक आध्यात्मिक विषयों पर समाज में जागरूकता भी होती है। भंडारे में प्रसाद वितरण की सेवा कर रहे मोहित गौतम ने बताया कि मां अन्नपूर्णा भंडारा समिति द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस तरह के आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारे व एकता को बढ़ावा मिलता है। भंडारे में राजेश रामगोपाल शर्मा, राजेश गर्ग, राकेश बंसल, मनोज मंगला, मोहित गोतम, श्रीनिवास गुप्ता, प्रेमलाल मंगला, दिनेश भारद्वाज, विजय कौशिक, अशोक गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



दिल्ली कांग्रेस कार्यालय में पद ग्रहण समारोह के दौरान प्रदेश अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए। साथ में पूर्व जिला अध्यक्ष हरीकिशन जिंदल व अन्य।

# स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण व शहर में आज से शुरू : सीईओ जिला परिषद आशिमा सांगवान

**स्वच्छता अभियान**

**▶▶कहा 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता ही सेवा स्वच्छता अभियान का आयोजन**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। सीईओ जिला परिषद आशिमा सांगवान ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण व शहर में आज से शुरू किया जा रहा है। सीईओ जिला परिषद आशिमा सांगवान ने बताया कि 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता ही सेवा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जाएगा। बता दें कि मिशन निदेशक (एस.सी एम.जी.), ग्रामीण विकास विभाग हरियाणा चंडीगढ़ द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार स्वच्छता के लिए जन आंदोलन का उत्सव मनाने के लिए 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाना है, जो पूज्य महात्मा गांधी को उनकी जयंती के दिन श्रद्धांजलि होगी। स्वच्छ भारत दिवस-2023 की प्रस्तावना के रूप में स्वच्छता ही सेवा वार्षिक पखवाड़ा स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण व शहरी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा-2023 का थीम "कचरा मुक्त भारत है" जिसमें साफ-सफाई पर ध्यान दिया जाना है और सफाई मित्रों को



सम्मानित किया जाना है।

### -: स्वच्छता अभियान का उद्देश्य :-

इस स्वच्छता अभियान का उद्देश्य ग्रामीण व शहरी दोनों इलाकों में बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, समुद्र तट, पर्यटन स्थल, चिड़ियाघर, राष्ट्रीय उद्यान और अभयारण्य, ऐतिहासिक स्मारक, विरासत स्थल. नदी के किनारे घाट, नालियां और नालों आदि जैसे अधिक भीड़ वाले सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई पर होगा।

- इनको बनाया जाएगा भागीदार:- विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार स्वच्छता अभियान स्वैच्छिक होना चाहिए और इसमें नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेटों, एन.एस.एस, खचछता प्रादरियों, स्वयं सहायता समूह, स्वच्छाग्रहियों, बाजार संघों, ग्राम पंचायतों को भागीदार बना कर शामिल किया जाना चाहिए। सीईओ जिला परिषद आशिमा सांगवान ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा-2023 के दौरान श्रमदान को अच्छी तरह से प्रलेखित / डाक्यूमेंटेशन किया जाना है और उच्च रिजॉल्यूशन की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी होनी है। जमीनी गतिविधियों की तस्वीरें स्वच्छता ही सेवा -2023 पोर्टल पर अपडेट की जानी है। जिन्हें पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा प्रेषित किया जाना है। विभाग के निदेर्शानुसार राज्य में 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता ही सेवा-2023 अभियान के दौरान स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

# शारीरिक व मानसिक विकास के लिए जरूरी है संतुलित आहार : डीसी विक्रम सिंह

**पोषण माह**

**▶▶प्रशिक्षु खिलाड़ियों को दी गई पोषक युक्त आहार की महता के बारे में जानकारी**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला में जारी पोषण माह अभियान के तहत प्रतिदिन पोषक युक्त आहार लेने के प्रति जागरुकता संबंधी गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को डीसी विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में खेल विभाग की सैक्टर -12 खेल परिसर में स्थित आवासीय



अकादमी व नर्सरी में खिलाड़ियों को पोषक युक्त आहार के महत्व की जानकारी दी गई। जिला खेल अधिकारी देवेन्द्र गुलिया ने खिलाड़ियों को जानकारी देते हुए बताया कि शारीरिक व मानसिक विकास के लिए संतुलित आहार अवश्य लेना चाहिए। घर की रसोई में आसानी से उपलब्ध खाद्यान्नों से शरीर में पोषक तत्वों की कमी दूर की जा सकती है। जिनमें अंकुरित मूंग दाल, चना व अन्य साबुत अनाज प्रोटीन व अन्य पोषक तत्वों के अच्छे स्त्रोत है। उन्होंने आवासीय अकादमी व नर्सरी में प्रशिक्षु खिलाड़ियों को अंकुरित दालों व साबुत अनाज की महता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं इस दौरान प्रशिक्षु खिलाड़ी स्वयं भी स्प्राउट लेकर पहुंचे थे और नियमित अभ्यास के उपरांत पोषण युक्त आहार ग्रहण भी किया। इस मौके पर प्रशिक्षु खिलाड़ियों को पोषण माह की शपथ भी दिलाई गई।

## संक्षिप्त खबरें

### राजकीय महाविद्यालय में मनाया गया हिन्दी दिवस




**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद**

**आज दिनांक** 14 सितंबर को राजकीय महाविद्यालय, फरीदाबाद में प्राचार्या डॉ रुचिरा खुल्लर के मार्गदर्शन में हिंदी दिवस धूम धाम से मनाया गया । हिंदी दिवस के अवसर पर काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री अमिताभ सिंह जी , राजभाषा अधिकारी, एन एच पी सी लिमिटेड फरीदाबाद, हरियाणा भी कार्यक्रम का हिस्सा बने और अपना सारगर्भित व्याख्यान दिया । कार्यक्रम को आकार देने में महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ सबीना सिंह, श्रीमती कमला चौधरी का विशेष योगदान रहा। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी इस प्रकार रहे - प्रथम स्थान पर एम ए (हिंदी) की लक्षिता रही। द्वितीय स्थान पर बी एस सी के हार्दिक रहे। तृतीय स्थान पर एम ए के नवनीत रहे। एम. ए. (हिंदी) के राजेंद्र यादव और बी ए (अंग्रेजी) ऑनर्स के बबलू को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। निर्णायक मंडल में डॉ प्रोमिला काजल, डॉ कविता सैनी और डॉ गिरिराज शामिल रहे और अपने नीर क्षीर विवेक से अपना निर्णय सुनाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अमृता श्री ने किया। हिंदी विभाग के प्रधायपक डॉ ललित कुमार और श्रीमती निशा कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए । भौतिकी विभाग की प्राध्यापिका उमा शेखावत और नीनू सैनी भी इस अवसर पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर हिंदी विभाग के विद्यार्थी अभिषेक जैसवाल के द्वारा हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया जिसमें महाविद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने हिंदी में अपना हस्ताक्षर किया।

### भाजपा सरकार झूठे प्रलोभन देकर अपना काम निकलवा कर लोगों को गुमराह करती है : करण




### सिंह दलाल

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल/ फरीदाबाद, 14 सितम्बर (हरपाल सिंह यादव )**। भ्रष्टाचार और महंगाई के नाम पर सरकार बनाने वाली भाजपा आज अपने ही साथियों और मेंबरों को झूठे प्रलोभन देकर उनके हितों के साथ खेलने में लगी हुई है। भाजपा सरकार झूठे प्रलोभन देकर अपना काम निकलवा कर लोगों को गुमराह करती है, उक्त बात आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल ने पलवल जिला कांग्रेस कार्यालय पर प्रेस वार्ता में कहीं।

आज पलवल जिला कांग्रेस कार्यालय पर बडोली ब्लॉक की 11 मेंबरों ने भाजपा के नक्कारे पन और दोगलेपन से तंग आकर दलाल साहब की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी का ताजमहल दमन थामा। इन मेंबरों में बडोली से मनदीप बैसला और अनिल, हंसपुर से दिनेश, सुल्तानपुर से महिपाल, अच्छेजा से अनिल, कुशक से त्रिलोक, चांदहट से मनोज कुमार और शिवपाल, घोड़ी से जितेंद्र व गांव मिसा से हंसराज आदि ने अपने साथियों के साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए।

### यमुनानगर : ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**

नगर के शुगर मिल रेलवे फाटक पर रेल लाइन पार करते समय गुरुवार सुबह एक व्यक्ति की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान न होने पर शव को ट्रामा सेंटर के शवगृह में रखवा दिया गया।

राजकीय रेलवे पुलिस थाना के जांच अधिकारी राजेन्द्र कुमार ने बताया कि गुरुवार सुबह 8.30 के करीब स्टेशन मास्टर के मीमो से सूचना मिलने पर पुलिस ने अज्ञात का शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के शरीर पर क्रीम रंग की शर्ट और ग्रे रंग की पेंट पहनी है।

# पत्रकार राजेश शर्मा के साथ लूटपाट, सिटी प्रेस क्लब फरीदाबाद ने जताया रोष

**मांग**

**▶▶पुलिस की सक्रियता पर जताया संतोष, परंतु आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। दैनिक ट्रिब्यून के जिला संवाददाता एवं फरीदाबाद सिटी प्रेस क्लब के महासचिव राजेश शर्मा के साथ सैक्टर-9 में हुई लूटपाट की घटना के विरोध में पत्रकारों ने रोष व्यक्त किया है। प्रेस क्लब के सभी सदस्यों ने एक बैठक का आयोजन कर लुटेरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की



है। गोल्फ क्लब में आयोजित बैठक में सभी पत्रकारों ने एक स्वर से इस घटना पर नाराजगी जताई और पुलिस से आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। बैठक की अध्यक्षता क्लब के प्रधान बिजेंद्र बंसल और वरिष्ठ पत्रकार सूरजमल ने की। बैठक का संचालन क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील भाटिया ने किया। बता दें कि बुधवार की रात को करीब नौ बजे पत्रकार राजेश शर्मा अपने एनआईटी नंबर-5 स्थित कार्यालय से सैक्टर 9 में स्कूटर पर अपने घर जा रहे थे। जैसे ही वह सैक्टर 9 में समुदायिक भवन के साथ वाली गली में घुसे, तभी नकाबपोश तीन लोगों ने उनके सामने अपनी स्कू टी लगा दी और रिवाल्वर दिखाकर उन्हें धमकी दी तथा कहा कि तुम्हारे पास जो भी सामान है, वह हमें दे दो, नहीं तो गोली मार देंगे। लुटेरों ने उनके हाथ से सोने का कड़ा और पर्स छीन लिया, जिसमें उनके पास पांच हजार रुपए थे। इसके बाद वह उन्हें गोली मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। इस घटना से सहमे राजेश शर्मा ने किसी तरह से अपने साथी और वरिष्ठ पत्रकार नवीन धमीजा से संपर्क किया तथा उन्हें अपने साथ घटित हादसे से अवगत करवाया। इसी तरह से घटना की जानकारी मिलते ही सभी पत्रकार उनकी सहायता के लिए सक्रिय हो गए और पुलिस को घटना से अवगत करवाया। सिटी प्रेस क्लब के प्रधान बिजेंद्र बंसल ने पुलिस कमिश्नर को इस हादसे की जानकारी दी। देखते ही देखते सैक्टर 7 के थाना प्रभारी नवीन पाराशर, एसीपी नवीन सहगल सहित पुलिस टीमें मौके पर पहुंच गई।

इस दौरान बडखल क्षेत्र की विधायक सीमा त्रिखा एवं वरिष्ठ वकील अशवनि त्रिखा को जानकारी मिलते ही वह भी मौके पर पहुंच गए।

# महिला आयोग की चेयर पर्सन रेनू भाटिया आज करेंगी पोषण जागरूकता अभियान में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**।राष्ट्रीय महिला आयोग के निदेर्शानुसार, हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करके 15.09. 2023 को सुबह 11.30 बजे बाल भवन, एनआईटी, फरीदाबाद में "पोषण माह" पर एक जागरूकता कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। यह जानकारी कार्यालय राज्य महिला आयोग ने दी।

बता दें कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा सरकार की हिदायतों के अनुसार पूरे सितंबर 2023 में छठा राष्ट्रीय पोषण




माह मना रहा है। इस वर्ष, इसका उद्देश्य जीवन-चक्र दृष्टिकोण के माध्यम से कुपोषण से व्यापक रूप से निपटना है, जो मिशन पोषण 2.0 की आधारशिला है। इस दृष्टिकोण पर आधारित, पोषण माह 2023 का केंद्र बिंदु महत्वपूर्ण मानव जीवन चरणों: गर्भावस्था, शैशवावस्था, बचपन और किशोरावस्था के बारे में व्यापक जागरूकता पैदा करना है। इसका उद्देश्य "सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत" (पोषण-समृद्ध भारत, शिक्षित भारत, सशक्त भारत) पर केंद्रित थीम के माध्यम से पूरे भारत में पोषण संबंधी समझ को बढ़ावा देना है। पोषण माह मनाने का उद्देश्य भारत में बच्चों और महिलाओं के पोषण की स्थिति को बढ़ाना है।

### संदीप सिंह की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**चंडीगढ़**

चंडीगढ़ की कोर्ट ने हरियाणा के राज्य मंत्री संदीप सिंह की अग्रिम जमानत याचिका पर शुक्रवार के लिए फैसला सुरक्षित रख दिया है। गुरुवार को कोर्ट की कार्यवाही के दौरान दोनों पक्षों ने अपने-अपने तर्क रखे। जूनियर महिला कोच के वकील समीर सेठी और दीपांशु बंसल ने बहस के दौरान योग्यता के आधार पर जमानत का गुण-दोष के आधार पर विरोध किया। चंडीगढ़ पुलिस की एसआईटी ने कोर्ट में जवाब दाखिल कर दिया है। एसआईटी ने कहा है कि संदीप सिंह की जमानत का कोई आधार नहीं बनता है, इसलिए जमानत याचिका को खारिज कर देना चाहिए।

# प्राइम आटोमोबाईल्स में कमर्शियल गाडियों का नया शोरूम और वर्कशॉप का भव्य उद्घाटन



**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। देश की प्रमुख वाहन निमार्ता कंपनी महिन्द्रा की फरीदाबाद शाखा प्राइम आटोमोबाईल्स प्रा.लि. में कमर्शियल गाडियों का नया शोरूम और वर्कशॉप का भव्य उद्घाटन किया गया। इस उदघाटन समारोह में महिंद्रा के शीर्ष नेतृत्व जिसमें मुख्यतः कंपनी के प्रेसिडेंट विजय राम नाकरा कंपनी के सीईओ नलिनीकथं गोलागुंटा, वीपी नेशनल सेल्स हेड बानेश्वर बेनर्जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा कंपनी के जेडएसएम रोबीन दास,आरएसएम आशीष मिश्रा एवं कंपनी के एएसएम दक्ष खन्ना भी मौजूद थे। इस भव्य उद्घाटन में अपने संबोधन में प्राइम आटोमोबाईल्स के चेयरमेन रमेश सिंह जी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा प्राइम की कस्टमर फर्स्ट की फिलॉसफी से सभी को अवगत कराया। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों में 36 टोयोटा

**उदघाटन समारोह**

**▶▶इस अवसर पर थार की विमेंस रैली को महिंद्रा के आए हुए अतिथियों ने झंडी दिखाकर रवाना किया।**

के अध्यक्ष जेपी नागर,केबीनेट मंत्री मूलचन्द शर्मा के भाई टिपरचंद शर्मा,विनकेश गुलाटी मौजूद थे। अंत में समापन संबोधन में प्राइम ऑटोमोबाइल की डायरेक्टर गीताजंलि तथा रेवत सिंह ने प्राइम की सुविधाओं से सभी को अवगत कराया। इस अवसर पर कंपनी के सीईओ जे.पी सिंह,महाप्रबंधक सेल्स अर्जुन वानी तथा सत्येंद्र अधाना, महाप्रंबधक सर्विस अतुल कुमार भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर थार की विमेंस रैली को महिंद्रा के आए हुए अतिथियों ने झंडी दिखाकर रवाना किया। अंत में सभी मेहमानों के लिए एक भव्य भोज का भी प्रबंध किया गया।

# देव सिंह गोसाई सेक्टर 48 आरडब्ल्यूए के चुने गए चेयरमैन

**बधाई**

**▶▶शुक्रवार को काफी संख्या में उनकी इस नियुक्ति पर लोग देव सिंह गोसाई को बधाई देने पहुंचे।**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**।सेक्टर 48 आरडब्ल्यूए के हुए चुनाव में सर्वसमिति से समाजसेवी व बीजेपी के वरिष्ठ नेता देव सिंह गोसाई को चेयरमैन नियुक्त किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। शुक्रवार को काफी संख्या में उनकी इस नियुक्ति पर लोग देव



सिंह गोसाई को बधाई देने पहुंचे। लोगों का धन्यवाद करते हुए वरिष्ठ बीजेपी नेता देव सिंह गोसाई ने कहा की उन्हें जो चेयरमैन की जिम्मेदारी दी है और उन पर सेक्टरवासियों ने जो भरोसा जताया है उस पर वह हमेशा खरा उतरने का प्रयास करेंगे। वही वह माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कृषणपाल गुर्जर जी का भी धन्यवाद करते है जिनके बदौलत शहर विकास की और आगे बढ़ रहा है। सेक्टर 48 में कई मूलभूत सुविधाओं की कमी है जिससे वह भलीभाती परिचित है। समाजसेवी व बीजेपी के वरिष्ठ नेता देव सिंह गोसाई ने कहा की सेक्टर को हरा भरा करने और साफ सुथरा रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जायेगा उसमे सभी सेक्टरवासियों को साथ लेकर चलेंगे सेक्टर की सुरक्षा भी सबसे बड़ा मुद्दा है उसके लिए प्राइवेट गार्डों को गेट पर लगाया जायेगा। सेक्टर को खूबसूरत बनाने के लिए वह पूरी तरह से तैयार है। सेक्टरवासी ने जो विश्वास जताया है उसे वह टूटने नही देंगे। इस मौके पर लोकेंद्र बिष्ट, बनवीर सजन, लक्ष्मण नेगी, सुधीर कपूर, डॉ राजपाल, कपिल नेगी, योगेश बूढ़ाकोटि, दिनेश, विनोद रावत, आरपी भट्ट, विनय सजवान सहित काफी संख्या में स्थानीय लोगो उपस्थित थे।

# श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में उत्साह से मनाया हिन्दी दिवस

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में हिन्दी दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इसी के साथ हिन्दी पखवाड़े का शुभारंभ भी हुआ। इस अवसर पर शिक्षकों और अधिकारियों ने हिन्दी में अधिक से अधिक काम काज का संकल्प लिया और विद्यार्थियों ने हिन्दी में कविताएं प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी।

विश्वविद्यालय की राजभाषा शाखा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में हिन्दी पर स्मृद्ध विवेचना हुई। विश्वविद्यालय के हिन्दी अधिकारी भूपेंद्र प्रताप सिंह ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का संदेश पढ़ कर सुनाया। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने हिन्दी दिवस पर



विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को बधाई दी। कुल सचिव प्रो. ज्योति राणा की हिन्दी कविता की पंक्तियों ने नया उत्साह जगाया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डीन एवं परीक्षा नियंत्रक प्रो. निर्मल सिंह ने कहा कि विदेशों में भी हिन्दी की बहुत प्रबल पहचान है। गैर हिन्दी देशों में भी लोग हिन्दी को सम्मान देते हैं। प्रो. निर्मल सिंह ने कहा कि हम अपनी राजभाषा को इतनी सशक्त बनाएं कि दूसरे देशों में भी हिन्दी सीखने के प्रति रुझान बढ़े। उन्होंने राजभाषा के विकास में अपना योगदान सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

विशिष्ट अतिथि प्रो. सुरेश ने राजभाषा हिन्दी को सम्मान देने के साथ-साथ क्षेत्रीय भाषाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी को नजरंदाज किए बिना हमें हिन्दी को वरीयता देनी चाहिए।

प्रो. डी के गंजू ने भाषा के उच्चारण की शुद्धता पर बल देते हुए कहा कि हिन्दी के दूसरी भाषाओं के शब्दों को ग्रहण किया है, किन्तु उनका इस्तेमाल शुद्ध रूप में होना चाहिए। प्रो. गंजू ने विद्यार्थियों को हिन्दी के प्रति प्रोत्साहित किया।

विश्वविद्यालय के कई विद्यार्थियों ने हिन्दी कविताएं प्रस्तुत की और खूब तालियां बटोरी। हिन्दी अधिकारी भूपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि पूरे पखवाड़े में हिन्दी पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर प्रो. ए के वाटल, डॉ. मोहित श्रीवास्तव, विशेष कर्तव्य अधिकारी संजीव तायल, विधि अधिकारी केशव शर्मा, विधि सहायक लखमी चन्द, आरपीएल के कैरिकुलम मैनेज संजय आनंद, अनुवादक सोनिया और गौरव भी उपस्थित थे।

# 1 से 30 सितंबर तक चलाया जा रहा है घर-घर से मिट्टी या चावल कलश में एकत्रित करने का कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। डीसी विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में नेहरू युवा केंद्र फरीदाबाद के तत्वाधान में 'मेरा माटी मेरा देश' माटी को नमन वीरों का वंदन कार्यक्रम के तहत बहादुरपुर गांव में कलश में मिट्टी व चावल एकत्रित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कविता नागर द्वारा की गई। जिला युवा अधिकारी प्रियंका मलिक ने बताया कि यह कार्यक्रम ग्राम स्तर पर 1 सितंबर से 30 सितंबर तक चलाया जा रहा है, जिसके तहत घर-घर से मिट्टी या चावल कलश में एकत्रित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मेरी माटी मेरा देश



कार्यक्रम माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा शहीदों के सम्मान में की गई अनूठी पहल है। जिसके तहत पूरे देश भर से मिट्टी इकट्ठी की जाएगी तत्पश्चात इसी मिट्टी से दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास 7500 अमृत कलश से एक अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। इस मौके पर गांव की सरपंच अनीता, राम सखी, कविता नगर आदि महिलाओं ने भाग लिया।

फास्ट न्यूज

## डेंगू: स्वास्थ्य सचिव ने अधिकारियों को लगाई फटकार

कोटद्वार: स्वास्थ्य सचिव लगातार जनपद वार डेंगू प्रभावित इलाकों दौरे के तहत गुरुवार को कोटद्वार बेस अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में कई खामियां मिलने पर अधिकारियों को फटकार लगाई और सुधार के निर्देश दिए। अस्पताल के निरीक्षण के बाद कलालघाटी में मेडिकल कॉलेज के लिए चिह्नित भूमि का भी निरीक्षण किया। गुरुवार को कोटद्वार पहुंचे प्रदेश के स्वास्थ्य सचिव आर राजेश कुमार ने कोटद्वार बेस अस्पताल में इमरजेंसी वार्ड, एमआरआई, एक्सरे समेत डेंगू आईसोलेशन वार्ड का निरीक्षण किया। डेंगू आईसोलेशन वार्ड के निरीक्षण के दौरान वार्ड में भर्ती एक मरीज की प्लेटलेट्स अधिक कम होने पर वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. जेसी ध्यानी और सीएमएस डॉ. विजयेश भारद्वाज से जानकारी ली। स्वास्थ्य सचिव उनके जवाब से संतुष्ट नजर नहीं आये। उन्होंने मरीज के बेहतर इलाज के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने डेंगू वार्ड में भर्ती मरीजों से भी स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल के जच्चा-बच्चा कक्ष में भर्ती महिलाओं और वहां मौजूद आशा कार्यकत्री से गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि के साथ ही गर्भवती महिलाओं के लिए शुरू की गई योजना से संबंधित जानकारी प्राप्त की। आशाओं और संबंधित अधिकारियों को लाभार्थियों तक सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाने को निर्देशित किया।

## उच्च शिक्षा में प्रवेश से वंचित नहीं रहेगा कोई छात्र: डॉ. धन

**देहरादून।** उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेने से वंचित रह गये छात्र-छात्राओं को प्रवेश के लिये एक और मौका दिया जायेगा। प्रवेश से वंचित छात्र-छात्राओं का नजदीकी महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में ऑफलाइन पंजीकरण कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दे दिये गये हैं। ऑफलाइन पंजीकरण छात्र-छात्राओं को अंतिम मौका देते हुए एक बार पुनः समर्थ पोर्टल खोला जायेगा। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अपने शासकीय आवास पर उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली, जिसमें उन्होंने विभिन्न कारणों से उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश से वंचित रह गये छात्र-छात्राओं को अंतिम मौका देने को कहा।

उन्होंने बताया कि विद्यालयी शिक्षा परिषद की परीक्षाफल सुधार परीक्षा में उत्तीर्ण 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं, केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश से वंचित छात्रों एवं अन्य कारणों से प्रवेश न ले पाने वाले छात्र-छात्राओं को राज्य विश्वविद्यालयों एवं राजकीय महाविद्यालयों में प्रवेश दिलाने के लिये ऑफलाइन पंजीकरण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दे दिये गये हैं। ऑफलाइन पंजीकरण कराने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या के आधार पर एक सप्ताह के लिये अंतिम बार समर्थ पोर्टल खोल दिया जायेगा ताकि संबंधित महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय अपने यहां पंजीकृत छात्रों का पोर्टल पर ऑनलाइन डाटा अपलोड कर सकेंगे। बैठक में अपर सचिव उच्च शिक्षा आशीष श्रीवास्तव, निदेशक उच्च शिक्षा प्रो. सी.डी. सूंठा, संयुक्त निदेशक डॉ. ए.एस. उनियाल अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएम योगी ने देखा यूपी पुलिस-एनएसजी का शौर्य

### गांडीव-5 कार्यक्रम का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया अवलोकन, सीएम ने एनएसजी के विभिन्न सर्जिकल ऑपरेशंस की तैयारियों को परखा

अभ्यास

कार्यक्रम का उद्देश्य आतंकवादी हमले, बंधक स्थिति में कमांडो बल के योजना मापदंडों को वैलिडेट करना



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) और यूपी पुलिस के संयुक्त अभ्यास गांडीव-5 कार्यक्रम का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने एनएसजी द्वारा वार्षिक अभ्यास के पांचवें संस्करण में विभिन्न सर्जिकल ऑपरेशन की तैयारियों को भी परखा। गांडीव-5 अभ्यास कार्यक्रम का उद्देश्य आतंकवादी हमले, किसी विमान के अपहरण या बंधक स्थिति में कमांडो बल के योजना मापदंडों को वैलिडेट करना है। गौरतलब है कि लॉ एंड ऑर्डर की दिशा में उल्लेखनीय काम करने वाली योगी सरकार प्रदेश में आतंकी घटनाओं को लेकर भी सजग है। इस तरह की घटनाओं को रोकने और उनसे निपटने के लिए समय-समय पर सीएम योगी के निर्देश पर सुरक्षाबल मॉक ड्रिल करते रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को भी यूपी पुलिस और एनएसजी की टीम ने इस तरह की घटनाओं पर अपनी तैयारियों को और पुख्ता करने के लिए संयुक्त अभ्यास 'गांडीव-5' को अंजाम दिया। अभ्यास के दौरान जहां पुलिस मुख्यालय में मुख्यमंत्री ने तैयारियों को परखा वहीं लोकभवन में राज्य प्रशासन, यूपी पुलिस की विभिन्न इकाइयों और एनएसजी द्वारा संयुक्त रूप से काउंटर टेरर की मॉक ड्रिल्स की गई। बता दें कि 1984 में आतंकवादी और अपहरण के खतरों को बेअसर करने के लिए सर्जिकल कमांडो ऑपरेशन करने के लिए एनएसजी को एक संघीय आतंकवाद-रोधी बल के रूप में खड़ा किया गया था।

इसके पास एक विशेष दस्ता भी है जो वर्तमान में उच्च जोखिम वाले वीवीआईपी को सशस्त्र सुरक्षा कवर प्रदान करता है।

## पूरे प्रदेश में चलेगा आयुष्मान भव: अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को राष्ट्रीय स्तर पर वर्चुअली आयुष्मान भव: योजना को लॉन्च कर दिया। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार 17 सितंबर से इस योजना को लेकर पूरे प्रदेश में अभियान शुरू करेगी। इस अभियान को 5 हिस्सों में विभाजित किया गया है। इसके तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा, जबकि 17 सितंबर से आयुष्मान आपके द्वार 3.0 की भी शुरुआत होगी। यही नहीं इसी दिन से आयुष्मान मेला भी शुरू किया जाएगा। वहीं 2 अक्टूबर से आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा आयुष्मान ग्राम पंचायत एवं आयुष्मान अर्बन वार्ड भी शुरू होगा।

**सेवा पखवाड़े में चलेगा स्वच्छता अभियान:** 17 सितंबर से शुरू होने वाला सेवा पखवाड़ा 2 अक्टूबर तक चलेगा। इसके तहत स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। ग्राम पंचायत सदस्यों, जेएएस, आरकेएस के सहयोग से प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल स्तरों पर सभी सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं पर इस स्वच्छता कार्यक्रम को चलाया जाएगा। इसके अलावा नियमित स्वैच्छिक रक्तदान की आवश्यकता और सामाजिक एकजुटता के अवसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भी आयोजन होगा। इसी तरह अंगदान के महत्व के बारे में जागरूकता और लोगों को मृत्यु के बाद अंग दान करने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

**कोई भी पात्र लाभार्थी नहीं छूटेगा:** आयुष्मान आपके द्वार 3.0 की शुरूआत पीएमजेएवाई योजना के तहत सभी शेष पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड के वितरण के लिए की जा रहीं है।



भारतीय रेलवे (2018 बैच) के 255 प्रोबेशनर्स के एक समूह ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

## कोलकाता में दुर्गापूजा प्रतिमाओं और थीम की प्रदर्शनी लगाएगा यूनेस्को

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
पश्चिम बंगाल की वैश्विक पहचान बन चुकी दुर्गा पूजा को लेकर यूनेस्को भी दिलचस्पी ले रहा है। इस बार दुर्गापूजा के बाद अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में बेहतरीन दुर्गा प्रतिमाओं और पूजा थीम की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके लिए यूनेस्को ने ब्रिटिश काउंसिल के साथ हाथ मिलाया है, जिसमें पश्चिम बंगाल सरकार का संस्कृति व पर्यटन मंत्रालय भी मददगार बनेगा।

काशी बोस लेन दुर्गा पूजा समिति के महासचिवों में से एक सोमेन दत्त ने बताया कि यूनेस्को की ओर से 24 ऐसी दुर्गा पूजा समितियों का चुनाव किया गया है जो हर साल पूजा का शानदार आयोजन करती हैं। इन समितियां की ओर से इसबार आयोजित होने वाली पूजा के दौरान पंडाल, मूर्तियां और समग्र सजावट की अनूठी प्रतीकात्मक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। यह 20 से 24 अक्टूबर के बीच कोलकाता के टाउन हॉल में आयोजित होगी।

## अभिषेक की संपत्ति का ब्यौरा कोर्ट में जमा देने का आदेश

सख्ती

अभिषेक बनर्जी समेत लिप्स एंड बाउंड्स कंपनी के अधिकारियों की संपत्ति का ब्यौरा कोर्ट में जमा देने का आदेश दिया

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित शिक्षक** नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी को गुरुवार कलकत्ता हाई कोर्ट से झटका लगा है। न्यायममूर्ति अमृता सिन्हा की एकल पीठ में अभिषेक बनर्जी समेत लिप्स एंड बाउंड्स कंपनी के सभी अधिकारियों की संपत्ति का ब्यौरा कोर्ट में जमा देने का आदेश दिया है।

दरअसल नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार कालीघाट वाले काकू उर्फ सुजय कृष्ण भद्र इसी कंपनी के लिए काम करते थे। अभिषेक बनर्जी इसके निदेशक रहे हैं। आरोप है कि शिक्षक नियुक्ति के एवज में वसूली गई राशि का बड़ा हिस्सा इस कंपनी के अकाउंट के जरिए डायवर्ट किया गया है। इसी सिलसिले में ईडी ने एक दिन पहले ही अभिषेक बनर्जी से पूछताछ की है। हाई कोर्ट ने ईडी को आदेश दिया है कि न केवल कंपनी के अधिकारियों बल्कि कंपनी की भी संपत्ति का ब्यौरा कोर्ट में जमा करना है। 21 सितंबर को मामले की अगली सुनवाई होगी। न्यायाधीश ने कहा कि नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में टॉलीवुड के कई अभिनेता और अभिनेत्रियों का नाम सामने आया है। उस बारे में भी रिपोर्ट में जिक्र होना चाहिए। उनकी भी संपत्ति का ब्यौरा जमा देना होगा। ईडी सूत्रों ने बताया है कि लिप्स एंड बाउंड्स कंपनी के निदेशक मंडली में अभिषेक बनर्जी के अलावा सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के कई अन्य नेता हैं।

## बीज पर निजी कंपनियों के बढ़ते एकाधिकार को रोकना हमारी साझा जिम्मेदारी: राकेश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**किसान** नेता राकेश टिकैत ने कहा कि बीज पर धीर-धीरे निजी कंपनियों का एकाधिकार बढ़ता जा रहा है। इसे रोके जाने की जरूरत है। किसान और सरकार को मिलकर स्वदेशी बीजों को भी विलुप्त होने से बचाना होगा। टिकैत ने गुरुवार को कहा कि देश में बहुत से किसान भारतीय बीजों का संरक्षण कर रहे हैं और किसानों तक भारतीय बीज उपलब्ध भी करा रहे हैं। ऐसे किसानों को सरकार चिह्नित कर आर्थिक मदद करे। जिससे हमारे पारंपरिक बीज नष्ट होने से बचाए जा सकें। देश में बहुत सारे किसान अपने साधन-संसाधन से



स्वदेशी बीजों को किसी तरह संरक्षित कर रहे हैं। ऐसे किसानों को सरकार को आर्थिक मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर निजी कंपनियों के हाथ में हमारे बीज चले गए तो किसान कंपनियों का गुलाम बनकर रह जाएगा। टिकैत ने कहा कि कुछ किसान जो बीजों का संरक्षण कर

संरक्षण

किसान और सरकार को मिलकर स्वदेशी बीजों को भी विलुप्त होने से बचाना होगा

रहे हैं उन्हें बीते दिनों राष्ट्रपति ने सम्मानित किया है। यह अच्छी पहल है। ऐसे सभी किसानों को आर्थिक सहायता भी सरकार की ओर से मिलनी चाहिए। जिससे वह अपने काम में तेजी ला सकें। टिकैत ने कहा कि हमें बीज पर कंपनियों का एकाधिकार नहीं होने देना है।

## विधानसभा चुनाव टोहाना से ही लड़ूंगा: देवेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि वे आगामी विधानसभा चुनाव टोहाना से लड़ेंगे। अभी जेजेपी व भाजपा गठबंधन में है। आगामी चुनाव भी गठबंधन से लड़ा जाएगा और चुनाव बबली ही लड़ेगा, यह दोनों दलों की लीडरशिप तय करेगी। वह फतेहाबाद में आयोजित कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने दिल खोलकर अपने समाजसेवी, राजनीतिक व मंत्री बनने के बाद के कार्यकाल पर बात की। अपने विरोधियों पर भी तीखे निशाने साधने से वे नहीं चूके। मुख्यमंत्री मनोहर लाल से नजदीकी और भविष्य में भाजपा की टिकट पर चुनाव लडने की संभावनाओं पर बबली ने कहा कि यह सवाल अभी जल्दी है लेकिन सरकार गठबंधन में ही बनेगी, आगे की बात समय बताएगा, फिलहाल वे जेजेपी में हैं। इंडिया गठबंधन के सवाल पर उन्होंने कहा कि इनका कुनबा चुनाव तक बिखर जाएगा, इनकी आपसी कंट्रोवर्सी जनता देख रही है।

दर्दनाक

### नाव पर 30 से अधिक बच्चे सवार थे, इस हादसे के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप

## बागमती नदी में नाव पलटने से 12 से अधिक बच्चे लापता

हादसा

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**बिहार** में मुजफ्फरपुर जिले के गायघाट थाना क्षेत्र अन्तर्गत बेनीबाद ओपी स्थित मधुरपट्टी घाट के पास गुरुवार की सुबह नाव पलटने से 12 से अधिक स्कूली बच्चे लापता हो गए जबकि 15 से अधिक बच्चों को सकुशल बचा लिया गया। नाव पर 30 से अधिक बच्चे सवार थे। इस हादसे के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। बताया गया है कि नाव पर सवार होकर 30 से अधिक बच्चे स्कूल जा रहे थे। इसी दौरान बेनीबाद ओपी स्थित



मधुरपट्टी घाट के पास बच्चों से भरी नाव अनियंत्रित होकर बागमती नदी में पलट गई। इस घटना के बाद नाव सवार बच्चों में चीख-पुकार मच गई। नाव पर सवार 15 से अधिक बच्चों को सकुशल नदी से बाहर निकाल लिया गया है जबकि 12 से अधिक बच्चे अब भी लापता बताए जा रहे हैं। घटना की

मधुरपट्टी घाट के पास बच्चों से भरी नाव अनियंत्रित होकर बागमती नदी में पलट गई

जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। दूसरी ओर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एसकेएमसीएच में नवनिर्मित पीकू वार्ड का उद्घाटन करने के लिए मुजफ्फरपुर पहुंचने वाले हैं। सीएम के पहुंचने से पहले इस बड़े हादसे के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है।

